* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

शुक्रवार 23 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 306

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 30.5 | 21.8 |
| जमशेदपुर | 30.7 | 19.2 |
| डालटनगंज | 28.0 | 17.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



## झारखंड विस का बजट सत्र आज से

# जेएसएससी व हेमंत के मुद्दे पर हंगामे के आसार

सत्य शरण मिश्रा। रांची

विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है.2 मार्च तक चलने वाला यह बजट सत्र अबतक सबसे छोटा सत्र है. सत्ता पक्ष और विपक्ष ने पूरी तैयारी कर ली है. सत्र के हंगामेदार होने के पूरे आसार हैं. प्रमुख विपक्षी भाजपा ने कई मुद्दों को लेकर चंपाई सरकार को घेरने की तैयारी की है. मुख्य रूप से भाजपा जेएसएससी परीक्षा में गड़बड़ी और इसकी सीबीआई से जांच की मांग को लेकर सदन के अंदर-बाहर सरकार को घेरेगी. भाजपा विधायक दल की बैठक में जेएसएससी परीक्षा, वित्तीय वर्ष 2023-24 की बजट राशि के पूरा खर्च नहीं होने, पूर्व सीएम पर लगे आरोप, भ्रष्टाचार व कानून-व्यवस्था के मामले पर सरकार को घेरने की रणनीति बनी. वहीं सत्ता पक्ष भी विपक्ष के सवालों का जवाब देने को तैयार है. सीएम समेत सत्ता पक्ष हेमंत की गिरफ्तारी के मामले को लेकर विपक्ष पर हमलावर रहेगा. सीएम हाउस में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई. इस दौरान सत्ता पक्ष ने तय किया कि सदन में विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया जाएगा.

**स्पीकर ने राजनीतिक दलों से की सदन चलाने में सहयोग की अपील :** विस के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने गुरुवार को सभी पार्टियों के विधायक दल की बैठक में सभी दलों से सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करने की अपील की. सत्ता पक्ष को सवालों के जवाब तैयार रखने को कहा. बैठक में सीएम चंपाई सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, कमलेश सिंह, सरयू राय, प्रदीप यादव, लंबोदर महतो मौजूद थे. बुधवार को भी स्पीकर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विधि-व्यवस्था और सदन में आने वाले सवालों को लेकर निर्देश दिया था.

### जेएसएससी परीक्षा गड़बड़ी पर सरकार को घेरने को तैयार भाजपा



### 27 को पेश होगा वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट

झारखंड के वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट 27 फरवरी को सदन में पेश होगा. वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव में में बजट पेश करेंगे. 23 फरवरी को शोक प्रकाश के बाद सदन की कार्यवाही 25 फरवरी तक स्थगित रहेगी. 26 फरवरी को सदन में प्रश्नकाल और वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी और उसे पास कराया जाएगा. 27 फरवरी को 2024-25 का बजट पेश करने के बाद वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव विधानसभा परिसर में ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बजट की मूल बातों को बताएंगे. 28, 29 और 1 मार्च को विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी. सरकार 1 मार्च को बजट पास कराएगी. 2 मार्च को राजकीय विधेयक सदन म रखे जाएंगे और विधायक गैर सरकारी संकल्प लाएंगे.

## हेमंत को बजट सत्र में शामिल होने की नहीं मिली इजाजत

### 7 मार्च तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे पूर्व सीएम

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं. जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार हेमंत सोरेन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें पीएमएलए कोर्ट में पेश किया. पीएमएलए कोर्ट के जज राजीव रंजन ने हेमंत सोरेन और ईडी के वकीलों की दलील सुनने के बाद झारखंड के पूर्व सीएम की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बढ़ा दी. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 23 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र में शामिल होने की इजाजत नहीं मिली. पीएमएलए कोर्ट ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका को खारिज कर दिया है. बताते चलें कि हेमंत सोरेन ने पीएमएलए कोर्ट में अर्जी देकर बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी थी. आग्रह किया था कि 23 फरवरी को शुरू होने वाले बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति दी जाए. उनके वकील ने कोर्ट में अनुमति मांगे जाने वाला पत्र दाखिल किया था. बता दें कि बजट सत्र में वित्तीय बजट पेश किया जाता है जिसने विधानसभा के सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होती है. इससे पहले 5 फरवरी को चंपाई सोरेन सरकार को बहुमत साबित करने के लिए आहूत विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति मिली थी.



### महाधिवक्ता ने रखा पक्ष

महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पीएमएलए कोर्ट में हेमंत का पक्ष रखा. उन्होंने कहा कि बजट सत्र अहम सत्र है, इसमें विधायक के तौर पर उनका उपस्थित रहना आवश्यक है. महाधिवक्ता ने ढुल्लू महतो और नलिन सोरेन का भी उदाहरण दिया कि हिरासत में रहते हुए इन्हें में सत्र में शामिल होने की अनुमति मिली थी. बता दें कि इससे पहले जब विस का विशेष सत्र हुआ था, उसमें हेमंत शामिल हुए थे. उस समय भी उन्होंने कोर्ट से सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी थी. कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद हेमंत सीएम चंपाई सोरेन के विश्वास मत में शामिल हुए थे. फिलहाल हेमंत जमीन खरीद-बिक्री के मामले में न्यायिक हिरासत में होटवार जेल में हैं.

## अबुआ आवास योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

# खर्च होंगे 40 हजार करोड़

### मास्टर स्ट्रोक

### आज कैबिनेट में रखा जा सकता है प्रस्ताव

प्रवीण कुमार। रांची

राज्य सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर फोकस किया है. आने वाले दिनों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी. सरकार ने बुआ आवास योजना पर 40 हजार करोड़ रुपए खर्च करने का लक्ष्य रखा है. चालू वित्तीय वर्ष अबुआ आवास योजना के लिए 4000 करोड़ का बजट प्रवधान किया गया है. इसके तहत 2 लाख आवास स्वीकृत किए जाने हैं. राज्य सरकार ने 20 लाख आवास निर्माण का लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर साल 4.5 लाख आवास का निर्माण करने की योजना बनाई है. शुक्रवार को होनेवाली कैबिनेट की बैठख में इसका प्रस्ताव रखा जा सकता है. यह योजना आने वाले चुनाव में झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार की के लिए मास्टर स्ट्रोक की तरह काम कर सकती है.

**शौचालय के लिए भी मिलेगी आर्थिक मदद :** आवास योजना के तहत जिस लाभुक के नाम पर शौचालय निर्माण पूर्व में नहीं हुआ है. उसके लिए अलग से 12000 रुपए शौचालय निर्माण के लिए आर्थिक मदद के तौर पर दिए जाएंगे. साथ ही मनरेगा योजना के तहत हर आवास में 95 मानव दिवस की मजदूरी का भुगतान करने का प्रावधान किया गया है. योजना में कुल खर्च करीब 2, 30, 000 रुपए होंगे.

### चालू वित्तीय वर्ष में 4000 करोड़ है बजट का प्रावधान





**पूर्व का लक्ष्य**

| 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|
| 2 लाख (स्वीकृत) | 3.5 लाख | 2.5 लाख |

### नया लक्ष्य 20 लाख का

| वित्त वर्ष | आवास |
|---|---|
| 2023-24 | 2 लाख (स्वीकृत) |
| 2024-25 | 4.5 लाख |
| 2025-26 | 4.5 लाख |
| 2026-27 | 4.5 लाख |
| 2027-28 | 4.5 लाख |

20 लाख लोगों को आवास योजना का लाभ देने का सरकार ने लक्ष्य रखा है. यह लक्ष्य 2027-28 में पूरा किया जाना है. पूर्व में 8 लाख लोगों को आवास योजना का लाभ देने की योजना पर काम किया जा रहा था. झारखंड मंत्रालय में हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक में कुल अबुआ आवास योजना के तहत 3 कमरों का मकान की स्वीकृति मिली थी. जिसका आकार 31 वर्ग मीटर होगा. लेकिन आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में रिकार्ड आवेदन आने के बाद सरकार ने आवास योजना का लक्ष्य 8 लाख से बढ़ा कर 20 लाख कर दिया गया है.

### बढ़ सकती है लागत

मौजूदा आकलन के आधार पर 31 वर्ग मीटर में बने आवास के लिए 2 लाख देने के प्रस्ताव पर सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर रखी है. लेकिन आने वाले वर्ष में आवास निर्माण की लागत में स्वाभाविक बढ़ोत्तरी होगी, जिससे आवास निर्माण कार्य प्रभावित होगा.

### लाभुकों को चार किश्तों में मिलेगी योजना राशि

लाभुकों को चार किश्त में आवास योजना की राशि भेजी जानी है. अबुआ आवास योजना की स्वीकृति मिलते ही पहली किस्त के तौर पर 30 हजार रुपए लाभुकों के खाते में भेज दे रही है. दूसरी किश्त के रूप में 50 हजार, तीसरी किस्त में एक लाख और चौथी किश्त में फाइन पेमेंट के तौर पर 20 हजार दिए जाने हैं.

### क्या कहते हैं अबुआ आवास योजना पर हरिश्वर दयाल

राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना ग्रामीण इलाकों के लिए है. इस योजना में खर्च होने वाली राशि से रोजगार के अधिक अवसर सृजित होंगे. ग्रामीण इलाकों में मांग बढ़ने वाली है, जिससे ग्रामीण इलाकों में व्यापार की स्थिति सुधरने से इसमें मदद मिलेगी.

**1,73,214 आवास स्वीकृत किए गए हैं**

चालू वित्त वर्ष में दो लाख स्वीकृत किए जाने है. अब तक 1 लाख 73 हजार 214 आवास स्वीकृत किए गये है. खूंटी और प. सिंहभूम में चालू वित्त वर्ष का लक्ष्य पूरा हो चुका है. रांची जिला सहित एक दर्जनों जिलो में 90 प्रतिशत से अधिक आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं.

# जेबीवीएनएल को ईडी ने भेजा नोटिस, हड़कंप

रवि भारती। रांची

झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को ईडी ने नोटिस भेजा है. नोटिस के बाद बिजली बोर्ड मुख्यालय में हड़कंप है. ईडी ने बिजली वितरण निगम से यह जानना चाहा है कि बड़गांई की एक जमीन जिसमें दो मीटर लगे हुए हैं, वो मीटर किसके नाम से एलॉट हैं. इसका जवाब जल्द से जल्द देने को कहा गया है. वितरण निगम ने यह ईडी के जवाब के लिए रांची जीएम को पत्र अग्रसारित किया है. इसके बाद जीएम ने अपने कनीय अफसरों को पूरा ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा है.



### ईडी ने पूछा, किसके नाम पर है बड़गाईं की जमीन पर लगा मीटर

### बिजली बोर्ड के जरिए जमीन घोटाले की तह तक जाना चाहती है ईडी

### मीटर देने की क्या है प्रक्रिया


जब भी कोई बिजली का नया कनेक्शन दिया जाता है, तो घर के जमीन के पेपर की फोटो कॉपी, होल्डिंग नंबर भी नया कनेक्शन के आवेदन के साथ संलग्न करना होता है. जानकारी के अनुसार ईडी जमीन घोटाला के मामले में तह तक जाना चाहती है. ईडी यह जानना चाहती है कि मीटर किसके नाम पर एलॉट हुआ है. हालांकि वितरण निगम के अफसरों ने इसका ब्योरा ईडी को अब तक उपलब्ध नहीं कराया है.

### अब तक 236 करोड़ की अचल संपत्ति हो चुकी है जब्त

जमीन घोटाले में ईडी अब तक 236 करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है. पूर्व में ईडी ने करोड़ों की दो भूमि को अस्थाई रूप से कुर्क किया था, जिसका बाजार मूल्य 74.39 करोड़ रुपये है. इन संपत्तियों में सेना के उपयोग वाली बरियातू मौजा की 4.55 एकड़ जमीन, जिसका बाजार मूल्य 41.51 करोड़ रुपए है व बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन, जिसका बाजार मूल्य 32.87 करोड़ रुपए है.

### रांची के पूर्व डीसी समेत दर्जनभर आरोपी जेल में बंद

ईडी ने जमीन फर्जीवाड़े मामले में 41 जगहों की तलाशी और 5 सर्वेक्षण किए थे. जमीन फर्जीवाड़े में दर्जन भर आरोपी जेल में बंद है. इसमें रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, प्रदीप बागची, अफसर अली, सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तल्हा खान, फैयाज खान, भानु प्रताप प्रसाद, दिलीप कुमार घोष, अमित कुमार अग्रवाल शामिल हैं. राजेश राय, भरत प्रसाद और प्रेम प्रकाश भी जेल में हैं.




## साथ लड़ने को तैयार कांग्रेस व आप

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ( आप ) लोकसभा चुनाव दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में मिल कर लड़ने की तैयारी में हैं. दोनों दल जल्द ही सीट बंटवारे को लेकर घोषणा कर सकते हैं. सूत्रों के अनुसार, दोनों दलों ने इसे लेकर सहमति जता दी है कि कौन-कौन सी सीट पर कौन दल चुनाव लड़ेगा. आप से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आप दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि कांग्रेस चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ेगी. गठबंधन की संभावना के बारे में पूछे जाने पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं.

## किसानों का ट्रैक्टर मार्च 26 को

**पंजाब।** चंडीगढ़ में गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की अहम बैठक हुई, जिसमें देशभर के कई राज्यों से पहुंचे किसान नेताओं ने हिस्सा लिया. बैठक में किसानों ने 26 फरवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकालने तथा 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत करने का फैसला लिया है. साथ ही एसकेएम ने देश के गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज के इस्तीफे की मांग भी की. बैठक में किसानों ने खनौरी बॉर्डर पर जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत पर दुख जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की. वहीं, किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहां ने कहा कि 23 फरवरी को किसान पूरे देश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज का पुतला फूकेंगे.

# निखालिस कालेधन से लड़ा जाएगा महासमर

### प्रसंगवश



बैजनाथ मिश्र

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

इलेक्ट्रोरल बांड को सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक घोषित कर दिया है. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने यह फैसला दिया है. पीठ का मानना है कि इलेक्ट्रोरल बांड संविधान के अनुच्छेद 19 ( 1 ए ) का उल्लंघन है. अपने आदेश में शीर्ष अदालत ने कहा है कि इलेक्ट्रोरल बांड खरीदनेवालों, इसे भुनानेवालों और इससे प्राप्त राशि की जानकारी 13 मार्च तक सार्वजनिक की जाए. इस योजना के तहत चंदा देने वालों के नाम गोपनीय रखने की छूट थी. यह फैसला चूंकि सर्वोच्च न्यायालय का है, इसलिए सम्मान तो करना ही होगा और यह भी कि इसके विरुद्ध कहीं कोई अपील भी नहीं की जा सकती है. लेकिन न्यायालय ने चुनावी चंदे के लिए कोई पारदर्शी, संवैधानिक राह नहीं सुझाई है. कहा जा सकता है कि यह उसका काम नहीं है. तो क्या अगला चुनावी महासमर निखालिस काले पैसे से ही लड़ा जाएगा जैसा कि 2018 से पहले होता था ? चुनाव में कालेधन का प्रकोप जिस चरम पर था, उसे बहुत हद तक कम करने की दिशा में इलेक्ट्रोरल बांड एक प्रगतिशील, सुधारवादी कदम था. अब यह खत्म हो गया है. यदि सरकार चाहे तो न्यायालय की आपत्तियां दूर करते हुए एक संशोधित प्रारूप संसद में पेश कर सकती है. लेकिन यह तत्काल संभव नहीं है, क्योंकि मार्च के पहले हफ्ते में ही लोकसभा चुनाव की मुनादी होनेवाली है. इस बीच सरकार चाहे तो एक ऐसा अध्यादेश भी ला सकती है जिससे न्यायालय का सम्मान भी बचा रहे और चुनावी चंदे की त्रुटिहीन पारदर्शी व्यवस्था भी सुनिश्चित हो सके. या फिर सरकार न्यायालय का सम्मान करते हुए कुछ भी न करे और लोकसभा चुनाव में कालेधन के परनाले को सिर से ऊपर तक जाने दे.

एक सवाल यह भी कौंधता है कि जब इस मामले पर सुनवाई महीनों पहले पूरी हो चुकी थी, तब सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाने में इतना विलंब क्यों किया कि संसद कुछ कर ही न सके. ऐसा नहीं है कि इलेक्ट्रोरल बांड की व्यवस्था के जारी रहते चुनाव में काले धन का उपयोग नहीं होता था. लेकिन तब कालेधन के उपयोग में मात्रात्मक या गुणात्मक कमी जरूर आई थी, क्योंकि नाम गोपनीय रहने के कारण बड़े चंदादाता बैंक से बांड के जरिए चंदा देना मुनासिब और अपने लिए सुरक्षित समझते थे. लेकिन चंदे के स्रोत तथा देनेवाले के बारे में बैंक को तो जानकारी होती ही थी और यह पैसा काला भी नहीं होता था.


-शेष पेज 7 पर

## दिल्ली की बैठक में झामुमो-कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर करीब-करीब बन चुकी है सहमति

# मिशन 2024 : कांग्रेस में टिकट को लेकर नेताओं की लॉबिंग हुई तेज

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड में इंडिया गठबंधन का खाका करीब-करीब तैयार कर लिया गया है. पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में झामुमो और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का फॉर्मूला भी तैयार कर लिया गया है. इसके तहत दोनों दल अपने-अपने हिस्से सात-सात सीटें रखेंगी. जिसमें दोनों दल एक-एक सीट राजद और वामदल को देंगे. अगर कांग्रेस की बात को करें तो उनके हिस्से आनी वाली छह सीटों को लेकर टिकट चाहने वाले नेताओं की लॉबिंग तेज हो गयी है. अपने-अपने स्तर से पार्टी आलकमान के समक्ष अपनी-अपनी गोटियां सेट करने में जुट गए हैं. कुछ सीट से दो जबकि कुछ सीटों से तीन-तीन, चार-चार दावेदार सामने आ रहे हैं. उम्मीद जतायी जा रही है कि फरवरी के अंत या मार्च के पहले सप्ताह तक सीट और प्रत्याशियों का औपचारिक एलान हो जाएगा.



**कांग्रेस के हिस्से में आएगी 7 सीटें, कांग्रेस अपने हिस्से से पलामू राजद को देगी**

### गोड्डा में प्रदीप यादव और दीपिका के बीच कड़ी टक्कर

गोड्डा संसदीय सीट भी कांग्रेस के हिस्से में आयी है. इस सीट से पौड़याहाट विधायक प्रदीप यादव का नाम सबसे ऊपर है. मगर इस सीट से महगामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय भी जोर आजमाइश में जुटी हैं. मगर पलड़ा प्रदीप यादव का ही भारी है. गत लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने झाविमो प्रत्याशी के रूप में प्रदीप यादव के लिए गोड्डा सीट छोड़ दी थी.

### अंतिम पारी के रूप में रांची से सुबोधकांत का नाम करीब तय

रांची सीट एक बार से फिर से कांग्रेस के हिस्से में आयी है. रांची से वैसे तो दो लोगों का नाम है, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व रांची से सांसद सुबोधकांत सहाय और कुरमी नेता केशव महतो कमलेश का नाम है. लेकिन रांची से सुबोधकांत सहाय को टिकट मिलना करीब-करीब तय है. ऐसा माना जा रहा है कि सुबोधकांत सहाय की चुनाव लड़ने की यह अंतिम पारी ही होगी. सुबोधकांत ने इसके संकेत पार्टी नेतृत्व को दे दिए हैं. इसलिए सुबोधकांत सहाय को टिकट मिलने में कहीं कोई किंतु-परंतु नहीं नजर आ रहा है. बताते चलें कि सहाय रांची से लगातार दो बार 2014 और 2019 में लोस चुनाव हार चुके हैं.

### कांग्रेस के हिस्से आई सीट पर संभावित प्रत्याशियों की नाम

**गोड्डा** : प्रदीप यादव, दीपिका सिंह पांडेय

**धनबाद** : ददई दुबे, अजय दूबे, विजय सिंह, अशोक सिंह, मन्नान मल्लिक

**रांची** : सुबोधकांत सहाय, केशव महतो कमलेश

**चाईबासा** : गीता कोड़ा

**खूंटी** : काली चरण मुंडा, प्रदीप बलमुचू

चतरा : धीरज प्रसाद साहू, जयशंकर पाठक, केएन त्रिपाठी

पलामू : कोई नहीं (यह सीट कांग्रेस राजद को देगी)

**धनबाद में कड़ी प्रतिस्पर्धा**

सबसे कड़ी प्रतिस्पर्धा धनबाद सीट को लेकर है. इसमें दो नहीं चार-चार दावेदार सामने आ रहे हैं. इसमें पूर्व सांसद ददई दूबे, अजय दुबे, विजय सिंह, अशोक सिंह और पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के नाम शामिल हैं. अब अंतिम समय में कौन बाजी मारता है. यह देखने वाली बात होगी. ददई दुबे और मन्नान मल्लिक के साथ उनकी बढ़ती उम्र सबसे बड़ी बाधा बनकर सामने आ रही है.

**चतरा में दो अन्य नेताओं की हो चुकी है इंट्री**

चतरा में सबसे बड़े.दावेदार हमेशा से ही धीरज प्रसाद साहू रहे हैं, लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने मनोज कुमार यादव को चुनाव मैदान में उतार दिया था. इस बार चतरा से धीरज साहू के साथ-साथ दो अन्य नेता जयशंकर पाठक और डालटनगंज के पूर्व विधायक,पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी भी ताल ठोंक रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सतवत इंफो सोल प्रालि को हाईकोर्ट से झटका

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी द्वारा 28 जनवरी को सीजीएल परीक्षा संपन्न कराने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी सतवत इंफो सोल प्राइवेट लिमिटेड को जेएसएससी द्वारा दिए गए नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है. दरअसल, सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक के बाद परीक्षा संपन्न करने वाली एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को जेएसएससी ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा था कि क्यों न इस कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया जाए. जेएसएससी से मिले नोटिस को चुनौती देते हुए एजेंसी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. इसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की बेंच में सुनवाई हुई. जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने बहस की.

### व्याप्त विसंगतियां दूर करें : सरयू राय

**रांची।** विधायक सरयू राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रहा है कि जमशेदपुर को अधिसूचित क्षेत्र समिति से औद्योगिक क्षेत्र समिति में परिवर्तन के लिए झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल के निर्णय में व्याप्त वैधानिक विसंगतियों के संबंध में राज्यपाल ने मुख्य सचिव से आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा है. उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्यपाल को 31 दिसंबर 2023 को एक पत्र भेजा था. उनसे इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था. राज्यपाल के प्रधान सचिव ने पत्र की प्रति को संलग्न करते हुए मुख्य सचिव को पत्र भेजा है.

### फर्जी पेपर तैयार कर पैसे मांग रहे अपराधी

**रांची।** सीबीआई का फर्जी पेपर बना कर साइबर अपराधी लोगों से पैसों की मांग कर रहे हैं. इस संबंध में झारखंड पुलिस ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) और सीबीआई के नाम पर फर्जी पत्र प्रचलन में हैं. इससे पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की धमकी दी जाती है साइबर अपराधियों ने सीबीआई का फर्जी ईमेल बनाया है. कहा जाता है कि आपने नाबालिग बच्चे की तस्वीर वायरल की है. पॉक्सो एक्ट के तहत आप पर कार्रवाई की जा सकती है. मोटी रकम मांगते हैं. फिर धमकी भी देते हैं.

## फिलहाल 100 यूनिट बिजली फ्री के लिए मिल रहे हैं 2300 करोड़ रुपये


# 125 यूनिट बिजली फ्री के लिए 2700 करोड़ सब्सिडी देगी सरकार

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

चंपाई सोरेन सरकार ने राज्यभर के बिजली उपभोक्ताओं को साधने के लिए लिए मास्टर स्ट्रोक खेला है. अब राज्य सरकार ने सूबे के लगभग 30 लाख उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री देने का फैसला लिया है. शुक्रवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जा सकता है. झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने भी 125 यूनिट बिजली फ्री देने की पूरी तैयारी कर ली है. इसके लिए राज्य सरकार झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को 2700 करोड़ रुपए सब्सिडी के रूप में देगी.

### फिलहाल मिल रही 2300 करोड़ की सब्सिडी

फिलहाल झारखंड के बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली फ्री मिल रही है. इसके एवज में राज्य सरकार फिलहाल 2300 करोड़ रुपए सब्सिडी के रूप में दे रही है. वहीं उपभोक्ताओं की सिक्यूरिटी डिपोजिट पर ब्याज के रूप में 65.41 करोड़ रुपए है. वहीं इक्विटी कैपिटल पर रिटर्न के रूप में 524.14 करोड़ रुपए है. वहीं 125 यूनिट बिजली 30 लाख उपभोक्ताओं को फ्री लेने के लिए 110 करोड़ यूनिट बिजली खरीद पर अतिरिक्त खर्च होगा.



**ऐसा है बिजली वितरण निगम का सालाना खर्च**

| | |
|---|---|
| बिजली खरीद पर खर्च | 6611.19 करोड़ |
| ऑपरेशन और मेनटेनेंश पर खर्च | 734.87 करोड़ |
| डिप्रिशिएशन | 938.20 करोड़ |
| लांग टर्म लोन पर इंटरे | 437.79 करोड़ |
| इंडरेस्ट ऑन कंज्यूमर सिक्योरिटी डिपोजि | 65.41 करोड़ |
| बैंक व फिनांश चा | 0.49 करोड़ |
| रिटर्न ऑन इक्विटी कैपिटल | 530.59 करोड़ |

**30 लाख बिजली उपभोक्ताओं को होगा फायदा**

**400 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च का करना होगा वहन**

**ये किए जा रहे उपाय**

- पावर पोर्टफोलियो प्रबंधन और मांग पूर्वानुमान उपकरण के लिए समर्पित सेल का निर्माण विश्व बैंक कार्यक्रम के तहत लागू किया जा रहा है.
- डीवीसी के साथ समझौता रूपांतरण (उपभोक्ता मोड से पीपीए मोड ) करने से लागत में लगभग 29 करोड़ प्रति माह कमी आएगी.
- सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को समय पर भुगतान के लिए बिल राशि में 0.5 फीसदी की छूट की अनुमति दी जाएगी.
- राजस्व संग्रह क्षमता को बढ़ाने के लिए, मोबाइल एप्लिकेशन,ऑनलाइन भुगतान, ई-वॉलेट, 4500 प्रज्ञा केन्द्रों, 440 डाकघरों, 190 एटीपी मशीन और बीबीपीएस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है.

## कृषि ऋण माफी योजना का सैचुरेशन प्रमाण पत्र 29 फरवरी तक भेजें

# 17 जिलों के पशुपालन, कृषि और भूमि संरक्षण पदाधिकारी को शोकॉज

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि कृषि, पशुपालन से जुड़ी योजनाओं के लिए आवंटित राशि का सदुपयोग करते हुए लाभुकों के चयन के अनुसार व्यय करना सुनिश्चित किया जाय. वे गुरुवार को नेपाल हाउस स्थित एनआईसी सभागार में सभी जिला के कृषि पदाधिकारी, पशुपालन एवं मत्स्य पदाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित विभागीय समीक्षा में बोल रहे रहे थे.

अबू बकर सिद्दिकी ने कई जिलों में निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताई और गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, सरायकेला -खरसांवा और लोहरदगा के जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, लातेहार और खूंटी के जिला कृषि पदाधिकारी और सरायकेला, सिमडेगा, हजारीबाग, जमशेदपुर और गुमला के जिला पशुपालन पदाधिकारी को शोकॉज नोटिस देने का आदेश दिया है. उन्होंने कहा कि कहा कि अगले आठ दिनों के अंदर अगर योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी नहीं आती है अथवा प्रदर्शन में सुधार नहीं आता है तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें.

### महिला समूह को बत्तख योजना से जोड़ने का निर्देश

बत्तख योजना में निराशाजनक कार्य को लेकर सचिव ने कहा कि जेएसपीएलएस के साथ बैठक कर महिला समूह को बत्तख योजना से जोड़ा जाये. उन्होंने कहा कि लक्ष्य के विरूद्ध चयनित लाभुकों की संख्या एवं डीबीटी की स्थिति काफी दयनीय है. उसमें सुधार लाया जाये.

### जिलावार डीएलएमसी की बैठक सुनिश्चित करें

विभागीय सचिव ने निदेश दिया है कि समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का आयोजन बची हुई राशि का व्यय सुनिश्चित करें साथ ही कृषि ऋण माफी योजना का सेचुरेशन प्रमाण पत्र 29 फरवरी तक पूर्ण कर विभाग को भेजें. इसके अलावा उन्होंने बीज वितरण, बिरसा फसल विस्तार योजना, एग्री स्माअ विपेज, सॉयल हेल्थ, मुख्यमंत्री सुखाड़ फसल राहत योजना तथा मृदा संरक्षण योजना की समीक्षा की गयी. उन्होंने सुखाड़ फसल राहत योजना को लेकर निदेश दिया कि कई जिलों में लैंड वेरीफिकेशन का कार्य पेंडिंग है, उसे पूरा करें.

### जनप्रतिनिधि से करवायें योजनाओं की अनुशंसा

सचिव ने कहा कि परकुलेशन टैंक, और तालाब जीर्णोद्धार/गहरीकरण की योजनाओं के मद में राशि काफी बची हुई है. जल्द से जल्द माननीय विधायक से योजनाओं की अनुशंसा करवाकर काम करवायें साथ ही इस बात का ध्यान रहे कि योजनाओं की सत्यता जियो टैगिंग के माध्यम से करवायें तथा एमआईएस में इंट्री सुनिश्चित करें. बैठक में मुख्य रूप सेनिदेशक उद्यान सूरज कुमार, पशुपालन निदेशक आदित्य रंजन, निदेशक गव्य मो शाहनवाज अख्तर, विशेष सचिव प्रदीप हजारे सहित कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

### खेलकूद प्रतिस्पर्धा से मिलती अनुशासन की सीख : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को होमगार्ड के सेंट्रल ट्रेनिंग सेंटर, रांची में झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने से अनुशासन व आपसी समन्वय की भावना प्रबल होती है. प्रतिभागी जय व पराजय दोनों में समभाव की भावना रखते हैं. यह भावना मनोबल को बढ़ाता है, जिससे वे अपने कार्यों को दक्षतापूर्वक एवं कुशलतापूर्वक संपन्न करने की दिशा में प्रेरित होते हैं. उन्होंने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी की स्थापना व्यापक उद्देश्य के साथ की गयी थी. आज यह संगठन राज्य स्तर पर कानून-व्यवस्था के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर भी अपनी भूमिका निभा रहा है. होमगार्ड की सेवा में ढांचागत सुधार एवं सुविधा में बढ़ोतरी के लिए कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा के लिए अग्निशमन सेवा अधिनियम की दिशा में भी कार्रवाई की जा रही है, जिससे भविष्य में इस सेवा में व्यापक सुधार हो सकेगा. राज्यपाल ने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी खेल भावना का परिचय देंगे और इसी भावना के साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करेंगे.

### किसान आंदोलन पर केंद्र सरकार गंभीर: अर्जुन मुंडा



**रांची/खूंटी।** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि किसान आंदोलन के प्रति सरकार गंभीर है. उनकी सभी मांगों पर सरकार विचार कर रही है. किसान संगठनों के माध्यम से कुछ बातें कही गयीं हैं. सरकार उन बातों पर निश्चित तौर पर विचार कर रही है. भारत सरकार और कृषि मंत्रालय जो सभी किसान के हित में होगा वह फैसला करेगी. वे गुरुवार को खूंटी में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. वे अपने संसदीय क्षेत्र खूंटी पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं. सरकार किसान के विकास के लिए लगातार काम कर रही है.

**अब डीबीटी के माध्यम से किसानों तक सीधे पहुंचती है राशि :** केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि डीबीटी के माध्यम से सीधे राशि किसानों तक पहुंचती है. एक जमाना ऐसा था कि पूर्व की सरकार के प्रधानमंत्री कहते थे कि एक रुपए केंद्र से भेजने पर आम लोगों तक सिर्फ 15 पैसे ही पहुंचते हैं. किसानों के मामले को सुलझाने के लिए काम चल रहा है जल्द ही समाधान होगा. उन्होंने खादी ग्रामोद्योग की विस्तृत जानकारी दी और किसानों को लाभ लेने की अपील भी की.

### 83 पुलिसकर्मियों को मिलेगा लाभ

**रांची।** 126 में से 83 पुलिसकर्मियों को एसीपी (एश्योर्ड कॅरियर प्रोग्रेशन )और एमएसीपी (मोडिफायड एश्योर्ड कॅरियर प्रोग्रेशन) योजना का लाभ मिलेगा. इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है. छह फरवरी को झारखंड पुलिस मुख्यालय में आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक की अध्यक्षता में केंद्रीय चयन परिषद की बैठक हुई थी, जिसमें कल 126 पुलिसकर्मियों में से 83 पुलिसकर्मियों को एसीपी व एमएसीपी योजना का लाभ देने की सहमति बनी.

**धरना-प्रदर्शन** झारखंड मुक्ति मोर्चा का उपवास 8वें दिन भी जारी

# ‘भाजपा ने साजिश कर हेमंत को भेजा जेल’

**विशेष संवाददाता। रांची**

हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेज जाने के विरोध में झामुमो का उपवास आठवें दिन भी मोरहाबादी के बापू वाटिका के निकट जारी रहा. गुरुवार को झामुमो जिला अध्यक्ष बोकारो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ. इसमें रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व मे रांची जिले के लोग भी शामिल हुए. इस मौके पर हीरालाल मांझी ने कहा जिस तरह से हमारे नेता हेमंत सोरेन को जेल भेजकर केंद्र सरकार प्रताड़ित कर रही है. इसके विरोध में हम गांव-गांव जाकर लोगों को बताने का काम कर रहे है किस प्रकार एक लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री को केंद्र की तानाशाह सरकार राजनीति कर प्रताड़ित कर रही है.



**ईडी मानसिक प्रताड़ना दे रही है हेमंत को : आलम**

रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा साजिश के तहत हेमंत सोरेन को बिना कोई ठोस सबूत के ईडी के द्वारा जेल भेजने का काम किया है, जहां उन्हें मानसिक प्रताड़ना झेलना पड़ रहा है. इससे कार्यकर्ताओ मे काफ़ी रोष है. कार्यक्रम में मंटू यादव, हसन अंसारी, बी के चौधरी, जयनरायण महतो,घुनु हंसदा, मोहन मुर्मू, विजय रजवार, अशोक मुर्मू, मुक्तेश्वर महतो, फैयाज अंसारी, इकबाल अंसारी, पनबावू केवट, मुटूक लाल किस्कू, मदन महतो, प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी, दिलीप हेंब्रम, कृष्णा महतो गणेश महतो, सुफल महतो, अनिल रजवार, निशा हेंब्रम, उपाध्यक्ष अंबिका देवी,बबिता कुमारी सहित कई उपस्थित थे.

CLASSIFIED






















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शुक्रवार, 23 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 306 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र






### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह, बोले कुलाधिपति

# मैं अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं

**रजनीश प्रसाद। रांची**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि डिग्री प्राप्तकर्ताओं को बधाई. यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह न केवल आपकी सफलता है, बल्कि आपके माता-पिता, संकाय सदस्यों और कर्मियों के लिए भी गर्व का क्षण है. आज का दिन आपकी शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. हालांकि मैं आपको याद दिला दूं कि आपकी शिक्षा यहीं समाप्त नहीं होती है.यह वह नींव है, जिस पर आप अपने भविष्य के प्रयासों का निर्माण करेंगे. यहां आपने जो ज्ञान और मूल्य अर्जित किए हैं, वे आपको आगे आनेवाली चुनौतियों और अवसरों में मार्गदर्शन देंगे. सफलता रातोंरात नहीं मिलती यह कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और दृढ़ता का परिणाम है. हमारे पूर्व राष्ट्रपति के रूप में, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि अपने सपने सच होने से पहले आपको सपने देखने होंगे. मुझे आपके रास्ते में आने वाली किसी भी बाधा को दूर करने की आपकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा है. शिक्षा का अर्थ केवल व्यक्तिगत लाभ नहीं है, बल्कि समाज की भलाई में योगदान देना भी है. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की शिक्षा किसी के व्यक्तित्व और वैयक्तिकता का विकास है. जब आप अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महान प्रयास करते हैं, तो इन शब्दों को अपने साथ रखें. राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में, मैं अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं. आज दुनिया हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारे देश को एक उभरती हुई महाशक्ति के रूप में देखती है. हमारा देश सक्रिय रूप से 2047 तक विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है.

**175 छात्रों को मिले गोल्ड मेडल:** बता दें कि डीएसपीएमयू में पहले दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. इसके मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल रहे. पहले दीक्षांत समारोह में 198 छात्र-छात्रों को गोल्ड मेडल दिया गया. जिसमें 175 गोल्ड और 25 ओवरऑल शामिल है. स्नातकोत्तर सत्र 2018-20 के 38, स्नातकोत्तर सत्र 2019-21 के 39, स्नातकोत्तर सत्र 2020-22 के 45, स्नातक सत्र 2018-21 के 36 और स्नातक सत्र 2019-22 के 40 छात्रों को गोल्ड दिया गया. चार शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधी भी दिया गया. अपनी डिग्री लेने के लिए 3873 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था.




**वीसी ने कहा- आज ऐतिहासिक दिन :** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज की दिन एतिहासिक दिन है. डॉ. श्यामा प्रासाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और यहां पढ़ने वाले छात्रों के लिए गर्व की बात है कि गुरुवार को पहले दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है. उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और रामधारी सिंह दिंकर की पंक्तियों का उद्धरण देते हुए छात्रों को मूल बाते समझाईं और प्रोत्साहित किया.

### सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरु को देती हूं : रूपा शर्मा



रूपा शर्मा भूगोल में गोल्ड और सोशल साइंस संकाय में ऑवर ऑल टॉपर है. रूपा ने बताया की अपने जीवन में मैं एक ही लक्ष्य ले कर चली हूं कि मुझे सहायक प्राध्यापक बनना है. मैं ये कभी सोच के नहीं पढ़ रहीं थी कि मैं टॉप करूंगी. बस सीखने के लिए पढ़ी. इसका श्रेय अपने माता-पिता और अपने गुरु को देती हूं.

### टीचर बनना है: अबुल कलाम



अबूल कलाम उर्दू में गोल्ड मेडल लिया है. वहीं मानकी में भी ये ऑवर ऑल टॉपर है. उन्होंने कहा कि आगे सहायक प्राध्यापक बनने का सपना है. मैं बचपन से ही सहायक प्राध्यापक बनना चाहता था. आज पढ़ाई पूरी हो गई अब आगे के लिए लगना है.

### मैं बहुत खूश हूं : संजीत



संजीत कुमार अग्रवाल मैथ में गोल्ड और साइंस संकाय में ऑवर ऑल टॉपर है. इन्होंने कहा कि आज मैं बहुत खूश हूं. आज जो भी मिला है. उसका श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को जाता है. आगे लिए अब मेहनत करना है.

### आशीष आलोक को मिली पीएचडी की उपाधि



आशीष आलोक को राजनीतिक विज्ञान में पीएचडी की ड्रिग्री उपाधी मिली है. उन्होंने बताया कि आज लग रहा है कि कुछ प्राप्त किया है. अपने माता पिता को और गुरुजन को इसका श्रेय देता हूं. मैं आज बहुत खूश भी हूं.

### केके पॉलिटेक्निक डाक घर घोटाला : मुख्य आरोपी सुमित कुमार निलंबित, नौ करोड़ 38 लाख पहुंची घोटाले की रकम

# 80 खाताधारी व 10 कर्मियों पर गिरेगी गाज

**रिजवान शम्स। धनबाद**

धनबाद के केके पॉलिटेक्निक उपडाक घर में विभागीय कमेटी की जांच में अब तक नौ करोड़ 38 लाख रुपए के घोटाले के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं. इस रकम के गबन में करीब 90 बैंकखातों को सीज किया गया है. इनमें 10 डाक विभाग के कर्मचारियों के खाते हैं जबकि आम पब्लिक के 80 निजी खाते हैं. विभागीय कार्रवाई के तहत इन सभी खाताधारियों के खिलाफ मुकदमे की तैयारी चल रही है. आरोपी सहायक पोस्टमास्टर सुमित कुमार को निलंबित कर दिया गया है. मामले को लेकर सीबीआई धनबाद की टीम ने धनबाद डाकघर पहुंचकर मामले की पूछताछ भी की थी, हालांकि कांड के विधिवत जांच की जिम्मेवारी एक-दो दिन में ही सीबीआई को मिल सकती है.

बताते चलें कि गोविंदपुर केके पॉलिटेक्निक उपडाक घर में इसी पखवारे करोड़ों रुपये घोटाले की भनक विभाग को मिली थी. खबर पाकर वरीय डाक अधीक्षक उत्तम सिंह ने एक जांच कमेटी बनाई और मामले की तफ्तीश करवाई. जांच में पता चला कि दो साल से केके पॉलिटेक्निक उपडाकघर का प्रभारी सुमित कुमार निजी खाते खुलवाकर करोड़ों रुपये का गबन कर रहा था. इस मामले में अब तक 80 निजी बैंक खातों का पता चला है, साथ ही मामले में दस डाककर्मियों को भी संदिग्ध माना गया है. इनके खिलाफ भी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता है. इन सभी खातों को सीज कर दिया गया है. अग्रतर कार्रवाई के तहत इन सभी के खिलाफ जांच में सहयोग या खातों में भेजी गई रकम की वापसी नहीं की गई तो इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है. सूत्रों के मुताबिक तीन दिन पूर्व ही सीबीआई की टीम ने धनबाद डाकघर पहुंचकर मामले के बाबत जानकारी ली थी. इधर बता दें कि मामले की सीबीआई जांच के लिए वरीय डाक अधीक्षक ने सर्किल हेड को पत्र लिखा था. इस मामले में एक-दो दिन के दौरान ही जांच संबंधित आदेश प्राप्त होने की बात कही जा रही है, इसके बाद मामले को विधिवत जांच और अग्रतर कार्रवाई के लिए सीबीआई को सुपुर्द किया जाएगा. वरीय डाक अधीक्षक उत्तम सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि मामले में आरोपी डाककर्मी ने जांच कमेटी के खिलाफ साजिश रचनी शुरू कर दी है.आरोपियों की टीम जांच करने वालों को ही प्रताड़ित कर ही है. उनके परिवारों के खिलाफ अनाप-शनाप अफवाह उड़ाया जा रहा है. जांच को प्रभावित करने की सारी कोशिशों को नाकाम कर दिया जाएगा. बताया कि अब तक बीस लाख रुपये की रिकवरी हो चुकी है, जिन लोगों के खाते में यह रकम गई है, उन्हें खुद से रकम वापस कर देनी चाहिए, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी तय है.



यूके सिंह, वरीय डाक अधीक्षक

- एक-दो दिन में सीबीआई को विधिवत मिल सकती है जांच की जिम्मेवारी

### डाक अधीक्षक ने दी सलाह, ऐसे रहें सावधान

1. यदि आपके बैंक खाते में रकम के जमा या निकासी का मैसेज नहीं आ रहा है तो तुरंत डाकघर जाएं और अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराएं, क्योंकि हो सकता है कि किसी ने आपका नंबर बदल दिया हो, और अपना नंबर खाते से अटैच करा दिया हो.
2. आपके खाते की रकम को यदि किसी भी डाकघर द्वारा हाथ से लिखकर अपडेट किया जा रहा है तो तुरंत मामले की खबर वरीय अधिकारियों को दें, क्योंकि धनबाद के सभी डाकघरों में खाता अपडेट करने की मशीन लग चुकी है.
3. यदि कोई डाककर्मी या अन्य कोई भी आपके खाते को प्रयोग में लाने के एवज में आपको रकम दे रहा है तो आपको ऐसा नहीं करना है, क्योंकि आप भी जांच के घेरे में आएंगे और जेल तक जाना पड़ सकता है.

### 20 प्रतिशत का कमीशन देकर खातों का उपयोग

प्रधान डाकघर के वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने बताया कि इस घोटाले को काफी शातिर तरीके से अंजाम दिया गया है. डाक विभाग के जीएल अकाउंट की राशि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से विभिन्न सरकारी व निजी बैंकों में खाता धारकों के अकाउंट में ट्रांसफर की गई थी. इसके बाद वहां से पैसों की निकासी की गई है. उन्होंने बताया कि इसके बदले में घोटालेबाजों द्वारा खाताधारकों को 20 प्रतिशत कमीशन देने का लालच दिया गया था, जांच में यह बात सामने आई है कि कई लोगों ने बीस प्रतिशत कमीशन के लालच में आकर अपना खाते को प्रयोग करने दिया और घोटाले में इस तरह वो भी शरीक हो गए.

## थाने के हाजत में युवक ने की खुदकुशी



**प्रथम दृष्ट्या से आत्महत्या का मामला: एसपी**

इस मामले में एसपी पीयूष पांडे ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या से आत्महत्या का मामला है. युवक का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

**संवाददाता। रामगढ़**

जिले के रामगढ़ थाने की हाजत में गुरुवार को युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. अनिकेत नाम के युवक को चैंबर भवन में चोरी के आरोप में पुलिस ने पकड़ा था. उसे थाने की हाजत में रखा गया था. कुछ देर बाद पुलिसकर्मियों ने देखा कि वह हाजत में बेहोश पड़ा है. आनन -फानन रामगढ़ थाने के पुलिसकर्मियों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

**परिजनों ने लगाया आरोप :** मृतक के परिजनों का आरोप है कि उन्हें उनके बेटे से मिलने नहीं दिया गया. यह भी नहीं बताया गया कि वह कहां है. उसके पिता का कहना है कि वह दोनों नंदा बार में काम कर रहे थे, इसी दौरान युवक को पुलिस पूछताछ के लिए उठा कर ले गई और फिर पता चला कि बेटे की मौत हो गई है.

## कोर्ट के बाहर पत्नी ने की पति की पिटाई


**जमशेदपुर।** शहर के कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई, जब पत्नी ने सीजेएम कोर्ट के बाहर ही पति की पिटाई कर दी. पीड़ित बृज दीप सीतारामडेरा थाने में पत्नी डॉली प्रमाणिक और 3-4 जवानों के खिलाफ शिकायत की है. उसने बताया कि 2012 में पत्नी डॉली से शादी हुई. शादी के बाद से ही पत्नी से विवाद चल रहा था. जून 2023 में पत्नी ने दहेज प्रताड़ना में सिदगोड़ा थाने में केस कर दिया. इसको लेकर गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर के बाद बेल लेकर निकल रहे थे तभी डॉली 3-4 जवानों के साथ पहुंची और मारपीट करने लगी. वहीं अधिवक्ता राहुल ने बताया, उनके क्लाइंट के साथ कोर्ट परिसर में मारपीट हुई जो अपराध है. थाने में प्राथमिकी दर्ज कराएंगे.



पीड़ित बृजदीप

### जल संकट : जमशेदपुर में सफाई व्यवस्था भी होगी दुरुस्त, बदले जाएंगे ठेकेदार

# गर्मी में निगम करेगा टैंकर से जलापूर्ति, सर्वे शुरू



आलोक कुमार

- 7 जोन में बांटा गया निगम के वार्डों को, निकला टेंडर
- वार्डों को 3 जोन में बांट कर टैंकर से जलापूर्ति की योजना बनी

**संवाददाता। आदित्यपुर**

आदित्यपुर शहरी क्षेत्र में गर्मी में होने वाले पेयजल संकट को दूर करने के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है. नगर निगम के वार्डों का सर्वे कराया जा रहा है और ऐसे वार्डों की पहचान की जा रही है जहां ज्यादा जल संकट हैं. जानकारी देते हुए नगर निगम के प्रशासक आलोक कुमार ने बताया कि उन्होंने जल संकट वाले वार्डों की पहचान करने के लिए सर्वे शुरू किया है. जिसमें सर्वेयर को रेड-एलो और ग्रीन जोन में चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है. जहां ज्यादा जल संकट उस वार्ड को रेड, जहां आंशिक संकट वो येलो और जहां जल संकट नहीं वो ग्रीन जोन कहलाएगे. वार्डों को इन्हीं 3 जोन में बांट कर गर्मी में नगर निगम टैंकर से जलापूर्ति की रणनीति बना रही है. उन्होंने बताया कि निगम अपने संसाधनों के साथ जरूरत पड़ने पर बाहर से हायर कर भी जल संकट से निबटने की तैयारी कर रही है.



वहीं निगम प्रशासक ने बताया कि अब नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त होगी, जिसके लिए उन्होंने वर्तमान संवेदक को बदलने का निर्णय लिया है. कुल 35 वार्ड को 7 जोन में बांटा गया है और सभी के लिए अलग अलग संवेदक का चयन टेंडर के माध्यम से किया जा रहा है.

बता दें कि निगम में 2020 से एक ही संवेदक को बारंबार एक्सटेंशन देकर सफाई कार्य करवाया जा रहा है. जिनकी सेवा संतोषजनक नहीं है. वार्डों में नियमित सफाई नहीं हो रही है, कई वार्ड तो नरक में तब्दील हो चुकी है.

### झारखंड हाईकोर्ट ने 249 पदों के लिए निकालीं रिक्तियां

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सिविल कोर्ट के टाइपिस्ट के लिए 17 कोर्ट रीडर सह डिपोजिशन राइटर के लिए 14 और सिविल कोर्ट डिपोजिशन टाइपिस्ट के लिए 218 पदों पर रिक्तियां निकली हैं. इसके लिए एक मार्च से 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं. जेनरल ईडब्ल्यूएस, ओबीसी के लिए आवेदन शुल्क 500 और एससी व एसटी के लिए 125 रुपये लगेंगे. योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना अनिवार्य है. वहीं हिंदी टाइपिंग पर मिनट 30 और इंग्लिश टाइपिंग पर मिनट 40 होना चाहिए. आयु सीमा कम से कम 21 और जेनरल के लिए 35, ईडब्ल्यूएस के लिए 37, बीसी-1, बीसी-2 के लिए 38 और एसटी एससी के लिए 40 वर्ष अधिक होनी चाहिए.

# आश्रितों को नहीं मिली नौकरी

**संवाददाता। धनबाद**

अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की मांग को लेकर झमाडा के आश्रितों ने गुरुवार को झमाडा कार्यालय में परिजनों के साथ प्रदर्शन किया. इस दौरान झमाडा एमडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जल्द बहाली करने की मांग की. प्रदर्शन में शामिल झमाडा में कार्यकाल के दौरान मृत हुए कर्मचारियों के आश्रितों ने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा झमाडा प्रबंधन को कई बार मृतक के आश्रितों को नियुक्ति के लिए निर्देश दिया गया, लेकिन आज तक झमाडा प्रबंधन के द्वारा नियुक्ति को लेकर कोई पहल नहीं की गई.

जबकि वर्तमान में झमाडा की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार है. झमाडा प्रबंधन की इस लापरवाही के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है. परिवार भुखमरी और बीमारी से मरने को विवश है. उन्होंने कहा कि 3 दर्जन से अधिक आश्रित नियोजन की मांग को लेकर 22 फरवरी 2022 से अनिश्चितकालीन धरना पर हैं. इस बीच परिजनों के साथ भिक्षाटन करते हुए डीसी से भी गुहार लगाई गई. लेकिन आज तक हम आश्रितों को न्याय नहीं मिला. इसे लेकर आज फिर एक बार झमाडा कार्यालय में प्रदर्शन किया गया और जल्द नियुक्ति करने की मांग की गई. जब तक आश्रितों के साथ सरकार, जिला प्रशासन, झमाड़ा प्रबंधन न्याय करते हुए नियुक्ति नहीं देते हैं यह आंदोलन जारी रहेगा.

**झमाडा कार्यालय में दो साल से धरना जारी**



## ब्रीफ खबरें

### परीक्षा केंद्र में कॉलेज की छात्रा ने खाया जहर

**धनबाद।** शहर के बीएसएस कॉलेज की इंटरमीडिएट की छात्रा ने परीक्षा केंद्र बीएसएस बालबाड़ी स्कूल में जहर खा लिया. उसे आनन फानन में स्कूल के शिक्षकों ने एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया. उसके बाद परिजनों को सूचना दी. खबर पाकर घरवाले अस्पताल पहुंचे. घरवालों का कहना है कि उनकी बेटी की तबीयत बिगड़ गई है. उसने जहर नहीं खाया है. इलाज के बाद छात्रा की स्थिति सामान्य बतायी जा रही है.

### प्रबंधन को मांग पत्र सौंपते हुए वार्ता की

**निरसा ।** झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को इसीएल मुगमा सभागार में प्रबंधन को 25 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए वार्ता की. मांगों को गंभीरता से लेते हुए प्रबंधन ने कहा कि मांगों में मजदूर हित एवं प्रबंधन कोलियरी एवं ग्रामीणों की समस्या मूल रूप से है. जिसमें श्रमिकों के बच्चों को खेलने के लिए खेल सामग्री एवं ग्रामीणों को सीएसआर योजना के तहत काम करने की मांगे जायज है.

### चुनाव के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया

**धनबाद ।** लोक सभा चुनाव के लिए कंबाइंड बिल्डिंग स्थित डीआरडीए सभागार में प्रशिक्षण कोषांग के जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर, सहयोगी पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारियों का एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया. इसमें जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी नरेश रजक ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन जीरो टॉलरेंस पर आधारित कार्य हैं.

### वीर बंधुओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण

**धनबाद।** वन अधिकार अधिनियम 2006 को लेकर गुरुवार को धनबाद के न्यू टाउन हॉल में वीर बंधुओं के लिए जिला कल्याण शाखा ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया .जिसमें निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह प्रभारी कल्याण शाखा नियाज अहमद ने वीर बंधुओं को ग्राम सभा सशक्त करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया. उन्हें मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि वन अधिकार अधिनियम 2006 में ग्राम सभा के क्या अधिकार हैं.

### हेमंत को फंसाने की साजिश : नीलम मिश्रा

**धनबाद ।** झामुमो धनबाद महानगर समिति के अध्यक्ष मंटू चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को न्याय यात्रा निकाली गई. महानगर प्रभारी सह केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य अमितेश सहाय एवं मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्र के निर्देशानुसार धनबाद महानगर समिति के नेतृत्व यह न्याय यात्रा का आयोजन किया गया है . मौके पर मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा ने कहा कि जमीन खरीद मामले में हेमंत सोरेन को फंसाया गया है.

### जलापूर्ति में सुधार को लेकर 27 को बैठक

**धनबाद।** जलापूर्ति में सुधार को लेकर नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने जलापूर्ति से जुड़े सभी एजेंसियों एवं अधिकारियों की बैठक 27 फरवरी को बुलाई है. नगर आयुक्त ने कहा है कि धनबाद नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में चल रहे कार्य योजना की समीक्षा एवं आम नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायत तथा जलापूर्ति में सुधार, सम्पोषण एवं जलापूर्ति पाइप लाइनों की मरम्मत कार्य कार्यालय को शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त हो रहा है.

---

### रांगाटांड़ रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर बनते जा रहे खंडहर, दो तालाबों के 75 फीसदी हिस्से पर हो चुका है कब्जा

# मॉडल कॉलोनी,नौका विहार का सपना दिखाकर चले गए 10 साल में 5 डीआरएम

- अधिकारियों की फाइलों में कैद हो गई योजना

संवाददाता ।धनबाद

धनबाद स्टेशन के सामने रांगाटांड़ रेलवे कॉलोनी को धनबाद रेल मंडल का मॉडल कॉलोनी और दो पंपू तालाब को राजेंद्र सरोवर (बेकारबांध तालाब) की तर्ज पर सौंदर्यीकरण कर नौका विहार का सपना दिखाकर दस साल में पांच डीआरएम चले गए, लेकिन न तो मॉडल कॉलोनी बन पाया और ना ही नौका विहार का सपना पूरा हो सका. रेलवे कॉलोनी समय के साथ-साथ बद से बदतर होता चला गया और दोनों तालाब पर 75 हिस्सा जलकुंभी-कूड़ा और मिट्टी से भर गया. जहां कई लोगों ने कच्चे और पक्के मकान खड़े कर लिए. यही हाल रहा तो आनेवाले 10 से 15 वर्षों में दोनों पर पूरी तरह से कब्जा हो जाएगा.



रेलवे सूत्रों के अनुसार 2014 में तत्कालीन डीआरएम एमके अखौरी ने कहा था कि रांगाटांड़ रेलवे कॉलोनी को मॉडल कॉलोनी और धनबाद स्टेशन से सटे डीएस कॉलोनी के निकट व ऑफिसर क्लब के बगल के तालाब का सौंदर्यीकरण कर नौका विहार की सुविधा दी जाएगी.

#### तालाब को पर्यटन स्थल बनाने का डीआरएम ने किया था वादा

डीआरएम ने वादा किया था कि तालाब को पर्यटन स्थल बनाया जाएगा. ताकि धनबाद समेत आसपास के जिला के कोने-कोने से पर्यटक आकर नौका विहार का लुत्फ उठा सके. तालाब के चारों ओर दीवार से घेराबंदी कर सीढियां बनायी जाएगी. अत्याधुनिक लाइटें लगेंगी और खाने-पीने के लिए रेस्टूरेंट व दुकानें बनेगी. इससे रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा, लेकिन एमके अखौरी के जाने के बाद हर दो साल में एक-एक कर पांच डीआरएम आए और पांचों डीआरएम ने योजना को धरातल पर उतारने की बात कही, जो फाइलों में कैद होकर रह गई। लोगों का कहना है कि रेलवे अधिकारियों की लापरवाही के कारण रेलवे कॉलोनी खंडहर में तब्दील हो रहा है और तालाब की स्थिति नरक बन गई है. इस तालाब का पानी फिल्टर होने के बाद रेलवे कर्मी परिवार पीते थे और घरेलू काम में उपयोग में लाते थे, लेकिन इसका उपयोग अब नहीं हो रहा है.

#### रांगाटांड़ होने लगा खंडहर में तब्दील और 31 एकड़ में सिकुड़ गया तालाब

जानकारों का कहना है कि धनबाद स्टेशन के सामने अंग्रेजो के जमाने का रांगाटांड़ अब धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होने लगा है. वहीं 125 एकड़ का दोनों पंपू तालाब आजादी के 76 साल बाद 31 एकड़ का बच गया है. कुछ रेलकर्मी बताते हैं कि रांगाटांड़ रेलवे कॉलोनी में पुराने जर्जर क्वार्टरों को ध्वस्त कर दिया गया. ताकि यहां दो मंजिला रेलवे क्वार्टर बनाया जा सके. अभी रेलवे कॉलोनी का दृश्य वीरान हो गया है. कई क्वार्टरों पर बाहरी लोगों का कब्जा है. सड़कें जर्जर हो गई है. पोल से बल्ब गायब हो गए हैं. रात में अंधेरा पसरा रहता है. देखने में ऐसा लगता है कि मॉडल कॉलोनी का सपना पूरा नहीं होगा. इतना ही नहीं जिस तालाब पर कब्जा हो चुका है, उसे अधिकारी मुक्त नहीं करा सकेंगे. जिन लोगों ने कब्जा कर घर बना लिया है, वे अब खुद को रैयती बता रहे हैं.

---

### थाई मांगुर व्यवसाय में वर्चस्व को लेकर दो गुट आमने-सामने

# मछली लदा वैन जब्त हुआ तीन हिरासत में लिए गए

संवाददाता।मैथन

मैथन इलाके में प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली के व्यवसाय में वर्चस्व को लेकर दो गुट आमने-सामने हो गए हैं. एक गुट ने बुधवार की रात थाई मांगुर मछली लदे दूसरे गुट के पिकअप वाहन को पकड़कर मैथन पुलिस को सौंप दिया.इससे दोनों गुटों में तनाव की स्थिति है. इधर, मैथन पुलिस ने मांगुर मछली लदे पिकअप वैन को जब्त कर उसके चालक विश्वनाथ मंडल, खलासी रंजीत प्रसाद व मछली की देखरेख करने वाले एम रहमान को हिरासत में ले लिया है.

हिरासत में लिये गये लोगों ने पूछताछ में बताया कि रात में बंगाल बॉर्डर पार कर मैथन के मुकुल पेट्रोल पंप के समीप मछली का पानी बदल रहे थे. इसी बीच कुछ लोग आये और कहने लगे कि तुमलोग हमारे यहां से चालान-बिल्टी नहीं लेते हो, इसलिए धंधा नहीं करने देगें. बताया कि मछली पश्चिम बंगाल के मोगरा से मो. मुर्तजा आलम उर्फ कोच्चि ने लोड कराया था, जिसे बिहार के गया में साजिद भाई के पास पहुंचाना था.



#### मांगुर लदे 30-35 ट्रक रोजाना बंगाल से आते हैं झारखंड

इस अवैध कारोबार में दो गुट शामिल हैं. दोनों अपना वर्चस्व कायम करने के लिये पैसा, पावर और पहुंच का इस्तेमाल करते हैं. दोनों गुटों को सताधारी दल के विधायक, मंत्री व उच्च पुलिस पदाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है. सूत्रों के अनुसार रोजाना थाई मांगुर मछली लदे 30-35 ट्रक बंगाल से झारखंड में प्रवेश करते हैं. प्रत्येक गाड़ी से 15 हजार रुपये वसूला जाता है. अनुमानत: रोजाना पांच लाख रुपये की वसूली होती है. इसलिये लाखों की कमाई को कोई गुट आसानी से छोड़ना नहीं चाहता है.

**बांग्लादेश से कोलकाता के रास्ते लाई जाती है मछली :** बांग्लादेश में थाई मांगुर मछली का उत्पादन ज्यादा होता है. वहां से पश्चिम बंगाल के कोलकाता के वशीरहाट, नैहटी व अन्य कई स्थानों पर इसे लाया जाता है. फिर पिकअप या अन्य वाहनों से झारखंड सीमा में प्रवेश कर बिहार, यूपी, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में भेजा जाता है.

---

# ढाई दर्जन थानों को दारोगा का इंतजार,काम प्रभावित

- जिले से विरमित हो चुके हैं 131 दारोगा

संवाददाता।धनबाद

धनबाद जिले के ढाई दर्जन थानों को दारोगा का इंतजार है. इन थानों के पदाधिकारियों को दो दिन पूर्व ही एसएसपी ने अन्य जिलों के लिए विरमित कर दिया है. ऐसे में नए पुलिस पदाधिकारियों के योगदान नहीं देने के कारण थाने प्रभारी विहीन हैं, हालांकि काम चलाने के लिए उक्त थानों में पूर्व से कार्यरत पुलिस वालों को प्रभारी की जिम्मेवारी निभाने को कहा गया है,

बताते चलें कि एसएसपी ने 131 दारोगा को जिले से विरमित किया है. अन्य जिलों से धनबाद के लिए विरमित किए गए कुछ लोग तो धनबाद पुलिस केंद्र पहुंचे हैं लेकिन कुछ अभी नहीं आ पाए हैं.

#### साइबर थाने से लौट रहे फरियादी

धनबाद के साइबर थाने से शिकायत करने वालों को लौटा दिया जा रहा है. बुधवार को भी बीसीसीएल के एक पदाधिकारी जिनसे आठ लाख रुपये की ठगी हुई, उनको लौटा दिया गया. उनसे कहा गया कि फिलहाल थाना प्रभारी नहीं हैं, इस कारण ऑन लाइन शिकायत कर दीजिए, मामला खुद उन तक पहुंच जाएगा. बीसीसीएल अधिकारी से केवाइसी अपडेट कराने के नाम पर ठगी हुई थी.

---

# रामकनाली में अवैध खनन के दौरान दो घायल, एक गंभीर

संवाददाता।कतरास

रामकनाली ओपी इलाके के बीसीसीएल एरिया चार के कांटा पहाड़ी मे संचालित आंबे आउटसोर्सिंग में गुरुवार की सुबह अवैध कोयला उत्खनन के दौरान चाल धसने से दो मजदूर घायल हुए हैं.जिसमे एक की स्थिति चिंताजनक बताई जाती है.घटना के बाद वहां अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया . कुछ देर बाद खनन करने वाले मजदूरों ने आनन फानन में दोनों घायलों को मलवे से बाहर निकाल कर भाग निकले. घायलों के परिजन उन्हें स्थानीय अस्पताल में ले गए. जहां एक की नाजुक स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने उसे बाहर रेफर कर दिया है.दोनों घायल रामकनाली कोलियरी इलाके के बताएं जातें हैं. घायलों के नाम गौतम व नेपाल बताया जाते हैं .घटना की खबर पाकर रामकनाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से जानकारी लेकर लौट गई.

---

## न्यूज अपडेट

### वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए होंगे कार्यक्रम : डीसी

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के लिए स्वीप कोषांग की बैठक की गई.बैठक में स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी नगर आयुक्त रविराज शर्मा, बीसीसीएल,सेल,आईआईटी-आइएसएम, रेलवे के प्रतिनिधि शामिल हुए. उपायुक्त ने कहा कि जिस बूथ में कम वोटिंग प्रतिशत रहती है, वहां स्वीप द्वारा ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा .ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत को बढ़ाया जा सके.



### सूची में गड़बड़झाला, सांसद को ज्ञापन

**मैथन।** धनबाद जिला के सभी प्रखंड प्रमुखों ने गुरुवार को सांसद पशुपतिनाथ सिंह के आवास पर एग्यारकुण्ड प्रखंड में अबुआ आवास लाभुकों की सूची में गड़बड़ी करने एवं जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा. प्रखंड प्रमुखों ने सांसद सिंह से अबुआ आवास में गड़बड़ी के खिलाफ एग्यारकुण्ड प्रखंड में 23 फरवरी को आयोजित धरना में शामिल होने की आग्रह किया. सांसद श्री सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड प्रमुखों के समक्ष ही दूरभाष से डीसी वरूण रंजन को इस विषय में जानकारी दी और उचित कार्यवाही को कहा. डीसी रंजन ने सांसद से दो दिन की समय मांगा और आश्वस्त किया कि दोषी कर्मियों के खिलाफ अवश्य ही कार्रवाई की जाएगी.



### सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री करेंगे शिरकत

**तेतुलमारी ।** ईस्ट बसुरिया के रंगुनी पंचायत अंतर्गत शबरी आश्रम में श्रीराम भक्त शिरोमणि माता शबरी की जयंती सह पारिवारिक मिलन समारोह के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को शबरी आश्रम में रामजीत भुइयां की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया. आश्रम समिति और अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यक्रम 24 और 25 फरवरी को आयोजित किया जाएगा. बताया गया कि कार्यक्रम में सांसद,विधायक और पूर्व मंत्री भी भाग लेंगे. कहा कि कार्यक्रम में कलश यात्रा, पूजा अर्चना, भंडारा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया जाएगा.



### लापरवाही पर रोजगार सेवकों का वेतन रोका

**धनबाद।** मनरेगा में लापरवाही बरतने पर बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत के रोजगार सेवकों का मानदेय स्थगित कर जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है.प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने गुरुवार को उपायुक्त के निर्देश पर मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की .जिसमें बिरसा सिंचाई कूप योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत नापेड/ वर्मी कंपोस्ट योजना आदि शामिल है. समीक्षा के दौरान पदाधिकारी ने पाया कि आमझर, आमटाल बलियापुर पूर्वी दूधिया और प्रधान घंटा पंचायत में पिछले एक सप्ताह से उक्त सभी योजनाओं की प्रगति बिल्कुल ही नगण्य है.



### निरसा में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**निरसा ।** निरसा प्रखंड के सोनबाद पंचायत अंतर्गत लुआडीह गांव में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया. कलश यात्रा गन्धेश्वरी मन्दिर प्रांगण से शुरू हुई और चापापुर पूसई नदी से जल भरकर वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई. यात्रा में 401 की संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई. कलश यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी भी शामिल हुए. श्री चटर्जी के पहुंचने पर कमेटी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया. तत्पश्चात आयोजित भंडारा कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल होकर प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण किया.



---

# निर्देश को ठेंगा, बिना तिरपाल दौड़ रहीं कोयला लोड गाड़ियां

संवाददाता।धनबाद

कोलियरी से निकलने वाली कोयला लदी गाड़ियां नियम कानून को दरकिनार कर सड़क पर बेखौफ दौड़ती हैं. कोयला लदी गाड़ियां बिना तिरपाल ढंके धड़ल्ले से सड़क पर चल रही है. पूरे बीसीसीएल में 12 एरिया है और सभी जगह अमूमन एक जैसा ही हाल है . इन कोलियरी से प्रतिदिन सैकड़ो गाड़ियां कोयला लोड लेकर निकलती है. जिनमे करीब आधी गाड़ियां बिना तिरपाल ढंके सड़क पर सरपट दौड़ती है. इन्हें न उपायुक्त के निर्देश का डर है न नगर आयुक्त और न ही प्रदूषण विभाग का . उपायुक्त वरुण रंजन ने बीसीसीएल के साथ बैठक में सख्त निर्देश दिया था कि कोलियरी से निकलने वाली कोयला लदी गाड़ियों पर तिरपाल ढंका होना अनिवार्य है. इसके साथ ही कई अन्य नियमों को लागू कराने का भी आदेश दिया गया था. जिसमें गाड़ियों के सड़क पर आने से पहले टायर को धोना इत्यादि शामिल हैं. इसके बावजूद इन नियमों को दरकिनार कर दिन रात ऐसी गाड़ियां चल रही है.



#### बीसीसीएल भी सजग नहीं

बीसीसीएल भी प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जरा भी सजग नहीं दिख रहा है. बीसीसीएल के द्वारा प्रतिदिन न हीं सड़कों पर पानी का छिड़काव ही किया जा रहा है और न हीं इन गाड़ियों पर ही सख्ती बरती जा रही है . इन वाहनों में ट्राली से ऊपर कोयला को लोड कर बिना तिरपाल ढके सड़क में फर्राटे भरते हैं. लिहाजा सड़क पर कोयला का चूरा गिरता है . वहीं कोयला के छोटे-छोटे कण धूल में तब्दील उड़ते हैं. जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

---

# कोल शॉर्टेज में सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश

संवाददाता।धनबाद

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के बस्ताकोला क्षेत्र के कुइया उत्खनन परियोजना में हुए कोल शॉर्टेज मामले की सुनवाई गुरुवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई. सीबीआई कोई गवाह पेश नहीं कर सकी. अदालत ने सीबीआइ को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. अदालत ने साक्ष्य के लिए अगली तारीख 26 अप्रैल 2024 निर्धारित कर दी।अदालत में सुनवाई के दौरान बस्ताकोला क्षेत्र के पूर्व महाप्रबंधक आर यू पांडेय, पूर्व वरीय सर्वे ऑफिसर अरविंद घोष ,पूर्व एरिया सर्वे ऑफिसर सरित सुधा सरकार, केओसीपी के पूर्व परियोजना पदाधिकारी शंभू दयाल धुर्वा व प्रबंधक किशोर यादव उपस्थित थे.

**ये हैं आरोप :** सीबीआई व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने कुईया उत्खनन परियोजना के कोयले का बुक स्टॉक की जांच की थी. वर्ष 2009 से 2011 की अवधि में कुईया उत्खनन परियोजना में 4 लाख 24 हजार 689 मिट्रिक टन कोल शॉर्टेज था. जिससे बीसीसीएल को 46 करोड़ 39 लाख 76 हजार 979 रूपये का आर्थिक नुकसान हुआ था. बता दें कि सीबीआइ ने अनुसंधान के उपरांत 6 मई 2016 को उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दायर किया था.

#### विधायक ढुलू के खिलाफ नहीं हो सका आरोप गठन

डोमन महतो पर किए गए जानलेवा हमला व किरण महतो के हाइवा लूट कांड से संबंधित दो मामलों की सुनवाई गुरुवार को एमपी-एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई. दोनों मामलो में उनके खिलाफ आरोप तय नहीं किया जा सका. अदालत में बाघमारा के भाजपा विधायक ढुलू महतो अनुपस्थित थे. उनकी ओर से उनके अधिवक्ता ललन किशोर प्रसाद ने प्रतिनिधित्व आवेदन दायर किया. अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 4 मार्च 2024 मुकर्रर कर दी है .बताते चलें कि 3 जुलाई 2023 को निचली अदालत ने उनके दो डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दी थी.

#### नन्हे हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

जमीन कारोबारी नन्हें खान की सरेआम हत्या करने के मामले में गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत में हुई. केस अभिलेख साक्ष्य पर निर्धारित था. लेकिन अभियोजन ने कोई गवाह पेश नहीं किया. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश देते हुए सुनवाई की अगली तारीख 5 मार्च 2024 निर्धारित कर दी है. सुनवाई के दौरान बंटी ,गोडविन व अन्य को वीसीएस के द्वारा पेश किया गया. 24 नवंबर 21 के दोपहर 3 :20 बजे के करीब दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियां की बौछार कर दी.

---

## कतरास

### तिलाटाड़ मिश्रा टोला से कोयरीडीह पथ का जीर्णोद्धार शुरू

# दर्जनों गांवों के लोगों को फायदा मिलेगा : ढुल्लू महतो

संवाददाता।कतरास

बाघमारा विधायक ढुलू महतो ने गुरुवार को तिलाटाड़ मिश्रा टोला से एनएच 32 व आदर्श कॉलोनी से कोयरीडीह तक पथ का जीर्णोद्धार कार्य के लिए शिलान्यास फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया. इस दौरान विधायक ढुलू ने कहा कि एनएच मिश्रा टोला तक सड़क का जीर्णोद्धार होने से कतरास बाजार जाने के लिए दर्जनों गांव के लोगों को फायदा मिलेगा. वहीं आदर्स नगर से कोयरीडीह तिवारी बस्ती तक का मार्ग बनने से आसपास के लोगों को इसका लाभ मिलेगा. उन्होंने कहा कि दोनों मार्ग का जीर्णोद्धार ग्रामीणों के मांग पर किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए अनुसंशा कर मार्ग का जीर्णोद्धार कार्य के लिए शिलान्यास किया गया. कहा कि गरीब के लिए दूरी कम होगी. मौके पर सीटू मिश्रा, सूर्यदेव मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, मनोहर ग्रोवर, निकुंज सिंह, राजेश स्वर्णकार, धर्मेंद्र गुप्ता, हारु मिश्रा, निलेश सिंह, राजेश प्रमाणिक मौजूद थे.



#### विधायक ढुल्लू महतो ने संथालडीह में पीसीसी पथ व सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

**महुदा ।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुह्ढ़ीकरण योजना के तहत संथालडीह बस्ती में गुरूवार को एक पीसीसी पथ निर्माण को लेकर शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस मौके पर उपस्थित बाघमारा विधायक ढुलु महतो, जिप सदस्य आशा देवी, मुखिया सुनिता देवी तथा पंसस अनिता देवी द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर कार्य का शुभारम्भ किया. कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा काफी दिनों से सड़क का मरम्मत की मांग कर रहे थे. उसी के आलोक में यह पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है. यह पथ संथालडीह से लालमटिया ग्राम तक बनाया जायेगा. उन्होंने कहा कि आसपास के गांवों में कोई विकास का कार्य छुटा हुआ है, हमे सुचित करें, अतिशीघ्र वहां योजना शुरू करवाया जायेगा. इसके अलावे पारटांड़ हरिजन टोला में विधायक मद से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया.

---

### आईसीएआई धनबाद शाखा के अध्यक्ष बने सीए राहुल सुरेका, कहा

# जिम्मेदारी संभालते गर्व महसूस हो रहा है

संवाददाता।धनबाद

आईसीएआई (द चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ) धनबाद शाखा की हाल ही में संपन्न बैठक में नए अध्यक्ष और सचिव का चुनाव किया गया. 22 फरवरी गुरुवार को न्यू मार्केट में आयोजित इकाई की बैठक में सीए राहुल सुरेका को अध्यक्ष और शशांक शेखर जायसवाल को द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया धनबाद शाखा का सचिव चुना गया. वहीं सीए सौरव अग्रवाल ने अपने अध्यक्ष का पदभार सीए राहुल सुरेका को सौंप दिया. मौके पर सुरेका ने कहा कि इकाई अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालने पर बहुत गर्व और सम्मानित महसूस कर रहे हैं. ऑडिट क्षेत्र को और भी अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उनके पेशेवर सहयोगियों के साथ सहयोग करने में और इकाई के मार्गदर्शन में काम करने के लिए उत्सुक हूं.



**क्रिकेट टूर्नामेंट और काव्य सम्मेलन कराएगी आईसीएआई :** धनबाद में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के पहले क्रिकेट टूर्नामेंट की भी घोषणा की गई है. यह 29 मार्च 2024 से शुरू हो रहा है, जिसका ऑक्शन छह मार्च को सीसीडब्लूओ कम्युनिटी हॉल में होगा. यह क्रिकेट बीसीसीएल के वाशरी डिवीजन के ग्राउंड में खेला जाएगा . इसके साथ हीं 22 मार्च को होली मिलन सह काव्य सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा. जिसमे दूसरे राज्यों के प्रसिद्ध कवि हिस्सा लेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### उपायुक्त ने किया पुस्तकालय का निरीक्षण

**साहिबगंज।** गुरुवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने जिले में छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने कि दृष्टि से उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के साथ अनुमंडल पुस्तकालय का निरीक्षण कर नियमित मैगजीन क्रय करने तथा अतिरिक्त कमरे, बुक, रैक एवं शौचालय आदि बनाने के लिए प्रस्ताव का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए नियमित विभिन्न हिंदी एवं अंग्रेजी की मैगजीन क्रय करें एवं अन्य पुस्तक भी रखें. साथ ही उन्होंने कहा कि पुस्तकालय के लिए अतिरिक्त बुक सेल्फ भी बनवा लें.

### हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए मांगी दुआ

**पाकुड़।** पाकुड़ नगर स्थित खादानपाड़ा में चल रहे श्री श्री 1008 महारुद्र महायज्ञ में पहुंचकर झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने झारखंड राज्य के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की जल्द रिहाई के लिए संकल्प लेकर प्रार्थना की. झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं ने यज्ञ में आहुति देकर जल्द रिहाई की प्रार्थना की. मौके पर जिला संगठन सचिव महमूद आलम, युवा जिला सचिव उमर फारूक, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुसलोद्दीन शेख के अलावा कई उपस्थित थे.

### प्रवीण बने प्रभारी और बालेश्वर बने सह प्रभारी

**कसमार।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की कसमार प्रखंड कमिटी की बैठक गुरुवार को मंजुरा पंचायत के सिपाहीटांड़ स्थित बिनोद बिहारी महतो स्मारक महाविद्यालय परिसर में की गई, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श कर पंचायत कमिटी का गठन किया गया. इस बैठक में गोमिया विधानसभा प्रभारी अमरेश कुमार महतो एवं जोनल प्रभारी भुवनेश्वर महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में पंचायत कमिटी का गठन किया गया, जिसमें प्रवीण कुमार को पंचायत प्रभारी एवं बालेश्वर महतो को सह प्रभारी बनाया गया.

### दो अलग सड़क दुर्घटना में 1 की मौत, दो घायल

**धनवार।** धनवार थाना क्षेत्र के आदर्श महाविद्यालय के पास संगम होटल के सामने एक बाइक सवार संतोष कुमार दास अपनी मां के साथ खिजुरसोता से अपना घर हरखी जा रहा था. आदर्श महाविद्यालय के समीप संगम होटल के सामने उसकी अपाचे बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसकी मां धोलना देवी (50) की मौत हो गई. राहगीरों के सहयोग से 108 एंबुलेंस से रेफरल अस्पताल राजधनवार लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं, दूसरी दुर्घटना आदर्श महाविद्यालय के भवानी होटल के पास हुई.

### डिजिटल प्रक्रिया के बारे में दी गई जानकारी

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में विधान सभा प्रभारी, जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रदेश के पदाधिकारी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं मौजूद थे. बैठक के संदर्भ में सिंह ने बताया की बनाए गए बूथ कमिटी और बूथ एजेंट को अब डिजिटाइजेशन करना है. यह कार्य सभी प्रखंड अध्यक्षों को दी गई है और जल्द जिला मुख्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया गया है. डिजिटल की प्रक्रिया सभी को बताई गई जो लिंक के जरिए बनेगी.

### जिला स्तरीय पदाधिकारियों व सीओ के साथ डीसी ने वीडियो संवाद के माध्यम से की बैठक

## लंबित दाखिल खारिज के जल्द निष्पादन का दिया निर्देश

संवाददाता। बोकारो

बोकारो उपायुक्त विजया जाधव ने राजस्व से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीसीएलआर बेरमो सदानंद महतो, भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा के साथ वीडियो संवाद के माध्यम से सभी अंचलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. उपायुक्त ने क्रमवार प्रोजेक्टर मैनेजमेंट ग्रुप (पीएमजी) पोर्टल पर लंबित मामलों, 30 एवं 90 दिनों से ज्यादा लंबित दाखिल खारिज एवं भूमि सीमांकन के मामलों, विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण, भू-मापी के लंबित मामलों, परिशोधन पोर्टल पर लंबित मामलों, ई-कोर्ट में लंबित वादों, भू-अर्जन एवं मुआवजा भुगतान के मामलों की अंचलवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की.



### आवेदन को रद्द नहीं करना है : डीसी

उपायुक्त ने अंचलवार सभी मामलों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अंचलाधिकारियों को प्रदर्शन में अविलंब सुधार लाने का निर्देश दिया. सभी कार्यों के निष्पादन को लेकर अलग अलग तिथि निर्धारित करते हुए कार्य में दैनिक प्रगति की समीक्षा करने को अपर समाहर्ता एवं चास एवं बेरमो डीसीएलआर को निर्देश दिया. लंबित दाखिल-खारिज के मामलों पर सभी अंचलाधिकारी को शिविर लगाकर जरूरी दस्तावेज आवेदकों से प्राप्त कर दाखिल खारिज के लंबित कार्य को पूरा करने को कहा. उन्होंने कहा कि बेवजह किसी भी दाखिल खारिज के आवेदन को रद्द नहीं करना है, अगर कोई मामूली त्रुटी है, तो उसका निराकरण कर उसका निष्पादन करें.

### शिविर की जानकारी साझा करें

भारत माला परियोजना फेज टू एवं बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ चौड़ीकरण से संबंधित भू अर्जन मुआवजा वितरण को लेकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश भू अर्जन पदाधिकारी को दिया. कहा कि शिविर लगाकार एवं शिविर की तिथि अखबारों में प्रकाशित कर, पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से शिविर की जानकारी लोगों तक साझा करें. परिशोधन पोर्टल पर लंबित मामलों को आगामी 25 फरवरी तक शून्य करने को कहा. वहीं, राजस्व से संबंधित लंबित वादों के निष्पादन को लेकर नियमित संबंधित पदाधिकारियों को ई-कोर्ट कर वादों की सुनवाई करने का निर्देश दिया. सप्ताह में 3 से 4 दिन वादों की सुनवाई करने का निर्देश दिया गया. इसके अलावा राजस्व से संबंधित अन्य मामलों पर भी समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए गए.

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने पद यात्रा सह न्याय मार्च निकाला




संवाददाता। पाकुड़

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इशाकपुर और रहसपुर पंचायत के विभिन्न गांवों में प्रखंड अध्यक्ष मुसलेउद्दीन शेख़ के नेतृत्व में गुरुवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च निकाला. झामुमो कार्यकर्ताओं ने पद यात्रा सह न्याय मार्च के माध्यम से ग्रामीणों के बीच राज्य की सरकार द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया. साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की हत्या कर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल में डाला है. भाजपा के लोग एक आदिवासी मुख्यमंत्री द्वारा किये गए विकास कार्यों से डर गए थे. इस कुकृत्य के लिए झारखंड की जनता भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी. आनेवाले चुनाव में झारखंड की जनता इस अपमान का बदला जरूर लेगी. उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड सचिव राजेश सरकार, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, कोषाध्यक्ष मुबारक हुसैन आदि मौजूद रहे.

### संगठन विस्तार और कोडरमा में जीत का किया आह्वान

## कोवाड़ में भाकपा माले ने मनाया संकल्प दिवस



**खास बातें**

- कॉमरेड रमेश वर्मा जन-जन के नेता थे
- मोदी सरकार जनता के हक छीनने पर तुली है

संवाददाता। गिरिडीह

भाकपा माले नेता रमेश वर्मा की 12वीं बरसी को सदर प्रखंड के कोवाड़ में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया. कार्यक्रम की अगवाई पार्टी नेता मनोज कुमार यादव तथा संजय चौधरी ने की, जबकि संचालन पंकज वर्मा और कार्तिक वर्मा ने किया. कार्यक्रम में भाकपा माले के प्रमुख कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया.

उपस्थित लोगों ने रमेश वर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि कॉमरेड रमेश वर्मा इस इलाके में जन-जन के नेता थे, और गरीब गुरबों तथा वंचित लोगों के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ा करते थे. उनके अधूरे सपनों को पूरा करने की चुनौती है. कहा कि इस समय देश की मोदी सरकार जनता के हक-अधिकार छीनने पर तुली है. मोदी सरकार ने देश को कमर तोड़ महंगाई और बेरोजगारी की सौगात दी है. इस इलाके के लोग रोजगार के लिए बाहर पलायन करने को मजबूर हैं. यादव ने लोगों से संगठन मजबूत कर आने वाले चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए जोरदार तरीके से कार्य करने का आह्वान किया. यह संकल्प लिया गया कि सभी बूथों में पार्टी कमिटी का गठन कर मेहनतकशों को गोलबंद किया जाएगा. कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेहताब अली मिर्जा, रामलाल मुर्मू, संजय चौधरी, मनोज यादव, सलामत अंसारी, ठाकुर मंडल, रामलाल मंडल, फोदार सिंह, मनोज यादव, पंकज वर्मा, कार्तिक वर्मा, बालेश्वर यादव, शफीक अंसारी, झारखंडी मंडल, गणपत दास, सोफी मियां, राजू पासवान, संतोष गोप, संजय कुमार, राजू पासवान सहित अन्य मौजूद थे.

### बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट एजेंसी से जांच के दिए निर्देश

**बोकारो।** बोकारो स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में गुरुवार को अपर नगर आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में नगर स्तरीय अंतर्विभाग अभिसरण समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं कर्मियों, नगर निगम, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, पशुपालन विभाग, डब्लूएचओ, पीएसआई इंडिया व पाथ के प्रतिनिधि उपस्थित थे. बैठक में सभी निजी स्वास्थ्य संस्थान के वेस्ट निस्तारण के लिए बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट एजेंसी से अनुबंध की जांच टीम के द्वारा कराने का निर्देश दिया गया. साथ ही उच्च क्षमता वाले 20 स्वास्थ्य संस्थानों को परिवार नियोजन के सामग्री की उपलब्धता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चास से सुनिश्चित करने को कहा.

### दो भाइयों को सश्रम कारावास की सजा

**गोड्डा।** आपसी विवाद में मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने की घटना के मामले में फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्जुन साव ने घटना के दो आरोपी भाईयों को घटना का दोषी पाते हुए एक वर्ष की सश्रम कारावास के साथ जुर्माना का भी आदेश दिया है. घटना को हुए बारह वर्ष से अधिक बीत गए है. बलबड्डा थाना अंतर्गत ग्राम धनकूडिया के अंगद तांती पिता स्व. वासुदेव तांती एवं छोटे भाई जांगवीर तांती के खिलाफ बलबड्डा थाना में कांड संख्या 112/2011 दर्ज कराया गया था. लिखित शिकायत में आरोप लगाया गया था कि इन दोनों भाइयों ने मिलकर गंभीर रूप से मारपीट कर जख्मी कर दिया था. मामले की शिकायत दर्ज होने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ अनुसंधान किया गया और घटना को सही पाया गया.

## संत रैदास ने भाईचारा का संदेश दिया: संजय

संवाददाता। गावां



गावां प्रखंड स्थित सिरी, मानपुर एवं ककमारी में गुरुवार को रैदास जयंती धूमधाम से मनाने को ले बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से भुइयां समाज के जिलाध्यक्ष लालो भुइयां एवं रविदास महासभा गावां के प्रखंड सचिव संजय दास उपस्थित थे. बैठक में आगामी 24 फरवरी को माल्डा स्थित रैदास मंदिर के प्रांगण में संत रैदास एवं शबरी जयंती को धूमधाम से मनाने पर चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते लालो भुइयां ने कहा कि माता शबरी भक्ति विश्वास, धैर्य और सेवा की मूर्ति थी. माता शबरी का जीवन चरित्र समस्त मानवों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं. संजय दास ने कहा कि संत शिरोमणि रैदास समाज में भाईचारा व बराबरी का संदेश दिया. उन्होंने समाज मे व्याप्त अंधविश्वास आदि के प्रति लोगो को जागरूक किया, जिसपर हम सबों को अनुकरण करने की आवश्यकता है. कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी उदय मुसहर एवं संचालन सुधीर भुइयां ने किया. जबकि मौके पर कामेश्वर भुइयां, कालेश्वर भुइयां, अर्जुन भुइयां, रामबालक भुइयां, चंद्र भुइयां, सहदेव भुइयां, दर्शन भुइयां, अजय भुइयां, सुरेश भुइयां आदि उपस्थित थे.

### मुरहुलसुदी व बरईकला में योजना का हुआ शिलान्यास

**कसमार।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो की धर्मपत्नी एवं विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी ने गुरुवार को कसमार प्रखंड के मुरहुलसूदी पंचायत स्थित चौड़ा गांव में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मद से स्वीकृत सरना स्थल घेराबंदी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इसके अलावा प्रखंड की बरईकला पंचायत के बरईखुर्द में डीएमएफ़टी मद से स्वीकृत 500 फुट पीसीसी पथ का शिलान्यास भी किया. इस दौरान ग्रामीणों ने परंपरागत तरीके से विधायक प्रतिनिधि का स्वागत किया. मौके पर कौशल्या देवी ने कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही है. सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल से लेकर मूलभूत सुविधाओं पर तेजी से काम हो रहा है. मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष महेंद्रनाथ महतो, मुरहुलसूदी मुखिया सरिता देवी, मनोज कुमार महतो, वीरेंद्र मुंडा आदि मौजूद थे.

## 14वां वार्षिक महोत्सव पर निकाली गई कलश यात्रा



संवाददाता। गिरिडीह

बरमसिया स्थित साइ सेवा आश्रम का 14वां वार्षिक महोत्सव सह भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों की प्राण प्रतिष्ठा को ले गुरुवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा में 108 कन्याओं एवं महिलाओं ने भाग लिया. कलश शोभा यात्रा साई धाम से निकलकर उसरी नदी के तट पर पहुंची. उसरी नदी के तट पर पंडित दिवाकर पांडे ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश में जल भराया. इसके बाद कलश यात्रा मकतपुर, अरघाघाट, बरमसिया होते यज्ञ स्थल साइ धाम पहुंची. विधान के साथ कलश को रखा गया. साई धाम के संचालक डी. चंद्र किरण रेड्डी ने बताया कि साई धाम का वार्षिक महोत्सव के साथ-साथ कृष्ण के विभिन्न रूपों की प्राण प्रतिष्ठा एवं गणेश आदि देवता पूजन व अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा. बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव की शुरुआती दिन कलश यात्रा के बाद कलश स्थापना, गणेश आदि पूजन, विधि पूजन एवं जलधिवास होगा तथा संध्या 6:30 से 8:30 तक कानपुर से आये आचार्य सुमित तिवारी का प्रवचन एवं संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित की गई है.

## कौशल विकास केंद्र में रंगोली बना छात्रों को किया जागरूक




संवाददाता। बोकारो

लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर स्वीप कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सौरव कुमार भुवानिया के निर्देशानुसार सभी विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है.

इस क्रम में गुरुवार को श्रम प्रशिक्षण विभाग द्वारा चास के तेलगड़िया मोड़ एवं चंदनकियारी प्रखंड के बरमसिया स्थित कौशल विकास केंद्र में छात्रों द्वारा रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता किया गया. छात्रों को अपने अभिभावकों एवं अपने आस -पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया. बरमसिया, बोकारो स्थित केंद्र में अध्ययनरत छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया. वहीं, उन्हें मतदान करने एवं दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रतिज्ञा दिलाया गया. इसके अलावा चास नगर निगम द्वारा केके सिंह कालोनी क्षेत्र, वार्ड क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक किया गया.

### मौलाना आजाद की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

## याद किए गए मौलाना अबुल कलाम आजाद

संवाददाता। गोड्डा

देश के महान स्वतंत्रता सेनानी सह प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया. असनबनी चौक पर स्थापित मौलाना आजाद की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित किए जाने के बाद महान उर्दू कवि और भारतीय मुस्लिम विद्वान को याद करते हुए हज कमेटी के इकराररूल हसन आलम ने कहा कि मौलाना आजाद ने देश की शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण कार्य किया और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है. देश के प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप में अबुल कलाम आजाद द्वारा शिक्षा जगत में किए गए उनके अमूल्य योगदान के कारण उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक संबंध भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया. इस मौके पर झामुमो के कार्यकर्ताओं ने भी अब्दुल कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया. इससे पूर्व झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा असनबनी मोहल्ले में न्याय यात्रा का भी आयोजन किया गया था. जिसमें झामुमो कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल होकर हेमंत सोरेन को जल्द रिहाई करने की मांग को रखा.



**खास बातें**

- अबुल कलाम के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता
- भारत रत्न से सम्मानित किए गए थे अबुल कलाम आजाद

## डीसी ने विभाग से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया

संवाददाता। साहिबगंज

गुरुवार को उपायुक्त हेमंत सती कि अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आरसीडी के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. उन्होंने रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्मेंट द्वारा सभी पूर्ण परियोजनाएं एवं अभी चल रही वर्तमान योजना, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों पर बिंदुवार समीक्षा की. उपायुक्त ने सड़क निर्माण के क्रम में आवश्यक रिफ्लेक्टर, मिरर आदि लगाने का निर्देश दिया. वहीं, महादेवगंज से साक्षरता चौक तक एनएच-80 कि जर्रार हालत को देखते हुए आगे किसी तरह कि कोई क्षति ना हो इसके लिए रोड का पुनः निर्माण कार्य हेतु विभाग से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी संबंधित सहायक अभियंता 24 फरवरी तक पूर्ण परियोजना का क्वालिटी असेसमेंट करने का निर्देश दिया एवं कहा कि इसमें त्रुटि पाए जाने पर संवेदक को निराकरण हेतु निदेशित करें तथा इससे संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. उपायुक्त हेमंत सती ने पर्यावरण एवं सड़क की मजबूती को ध्यान में रखते हुए डीपीआर तैयार करते समय सड़क निर्माण हेतु प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले स्थानीय माइनिंग डस्ट के उपयोग पर विचार विमर्श किया तथा इसके उपयोग को लेकर कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया. उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान सड़क सुरक्षा के सभी पैमानों का ध्यान में रखने एवं ससमय परियोजनाएं पूर्ण करने का भी निर्देश दिया. इस बैठक में मौजूद कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं अन्य लोग उपस्थित थे.

**सूची जारी**

### गौरी शंकर यादव बने आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष, कहा -

## झारखंड में सत्ता बदली, लेकिन नहीं बदली व्यवस्था

संवाददाता। गिरिडीह

आम आदमी पार्टी ने गिरिडीह जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए कई नौजवानों को विभिन्न प्रकोष्ठों की जिम्मेवारी सौंपी गई है. आप के प्रदेश अध्यक्ष डीएनसिंह के अनुमोदन के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष हरेन्द्र नाथ चौबे ने पदाधिकारियों की सूची जारी की है. उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि गौरी शंकर यादव को आम आदमी पार्टी गिरिडीह युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है. उन्होंने कहा कि गौरी शंकर यादव पिछले छह महीने से आम आदमी पार्टी में संगठन निर्माण का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में गिरिडीह के नौजवान काम की राजनीति से जुड़ेंगे. आम आदमी पार्टी गिरिडीह युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने कहा कि झारखंड की जनता आम आदमी पार्टी को तीसरे विकल्प के रूप में देख रही है. झारखंड में सत्ता बदली लेकिन व्यवस्था नहीं बदला. झारखंड के नौजवान पलायन को विवश हैं. भ्रष्टाचार चरम पर है. किसानों को हर खेत में पानी चाहिए. बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन की जरूरत है. यह काम केवल आम आदमी पार्टी कर सकती है. हम गांव गांव में जाकर जनता को दिल्ली और पंजाब में सत्ता परिवर्तन के बाद जो व्यवस्था में बदलाव आया है उसकी जानकारी देंगे.



**अन्य पदधारी :** पार्टी ने मुर्शीद मिर्जा को गिरिडीह विधानसभा का उपाध्यक्ष, मो. कबीर को गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र का उपाध्यक्ष, राजू मंडल को तिसरी प्रखंड का अध्यक्ष, राहुल पासवान और मोहम्मद तैयब अली को तिसरी प्रखंड का उपाध्यक्ष, परवेज आलम को तिसरी का प्रखंड संगठन मंत्री, मुकेश हांसदा को तिसरी का प्रखंड सचिव, उमेश रविदास को तिसरी का प्रखंड उप सचिव, अविनाश टुडू को तिसरी का श्रमिक विकास संगठन का प्रखंड अध्यक्ष, बिनोद राय को तिसरी किसान मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष, सुरेन्द्र हेम्ब्रम को तिसरी किसान मोर्चा का प्रखंड सचिव, रूस्तम अंसारी को तिसरी प्रखंड का सोशल मीडिया प्रभारी, पप्पू यादव को तिसरी युवा मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष, सकलदेव यादव को धनवार प्रखंड का प्रखंड उपाध्यक्ष, मो जहांगीर को गिरिडीह नगर निगम वार्ड नंबर दो का वार्ड अध्यक्ष, तसलीम अंसारी को गिरिडीह नगर निगम वार्ड नंबर चार का वार्ड अध्यक्ष बनाया गया है.

## आईयूसीडी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

डुमरी रेफरल अस्पताल में गुरूवार से पांच दिवसीय इन्ट्रा यूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिक डिवाइस (आईयूसीडी) का पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की जिसका उद्घाटन मुख्य प्रशिक्षक डाक्टर सरोज कुमारी ने फीता काट व दीप प्रज्ज्वलित कर किया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश महतो के मार्गदर्शन में आहूत पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रुप में अस्पताल में पदस्थापित जीएनएम ममता समद, एएनएम रानी कुमारी ने प्रशिक्षणार्थियों को आईयूसीडी से संबंधित जानकारी देते हुए उसके फायदों व बरती जाने वाली सतर्कता के बारे में बताया.



### प्रश्न प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

चिकित्सक सरोज कुमारी ने बताया कि आईयूसीडी महिलाओं के लिए एक प्रकार का गर्भ निरोधक उपकरण है, जो अंग्रेजी लेटर 'टी' के आकार में होता है जिसे महिला के गर्भाशय में लगाया जाता है. इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के बीच आईयूसीडी से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से आईयूसीडी की विस्तृत जानकारी दी गई. प्रशिक्षण में ममता कुमारी,यशोदा कुमारी,सोनी कुमारी,कुंती कुमारी,समिला कुमारी,नेहा कुमारी,पूनम कुमारी,सरीता महतो,सुमिता गुप्ता,देवकी कुमारी व दुतामी टोपनो सहित बीएएम राम प्रवेश बीपीएम पूजा कुमारी एफपीबीटीटी अर्जुन मोदी सी.ओ विक्की रजक लिपिक शंकर ठाकुर, सिकंदर हमीद,सूर्यकान्त कुमार,बसंती कुमारी एमएसडब्लू मुकेश कुमार,प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे.

### सांसद जयंत सिन्हा ने किया संजय सिंह ग्राउंड के प्रवेश द्वार का उद्घाटन, क्षेत्रवासियों को किया समर्पित

# खेल मैदान के समीप प्रैक्टिस स्टैंड के निर्माण की घोषणा

संवाददाता। हजारीबाग

खेल क्षेत्र के विकास कार्यों में गुरुवार को एक और उपलब्धि जुड़ गई. सांसद सह वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा ने संजय सिंह ग्राउंड (वेल्स) में नवनिर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन कर इसे क्षेत्रवासियों को समर्पित कर दिया. सांसद मद से लगभग 15 लाख की राशि से इस द्वार का निर्माण करवाया गया है.

इस द्वार को हजारीबाग क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व. संजय सिंह के नाम पर समर्पित किया गया है. हजारीबाग में क्रिकेट के विकास के क्षेत्र में स्व. संजय सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा. उनके योगदान के कारण ही आज झारखंड में हजारीबाग क्रिकेट एसोसिएशन का नाम अग्रणी रूप में लिया जाता है. इस अवसर पर जयंत सिन्हा ने खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेला. साथ ही उन्होंने मैदान के चारों तरफ पथ वे का निर्माण करवाने, मुख्य प्रवेश द्वार के पास पेवर ब्लॉक लगवाने तथा खिलाड़ियों को अभ्यास करने के लिए खेल मैदान के समीप प्रैक्टिस स्टैंड का जिला खनिज मद से निर्माण करवाने की घोषणा की. सांसद ने कहा कि संजय सिंह ग्राउंड (वेल्स) के बहुमुखी विकास के लिए हर कदम उठाया जा रहा है. यहां भव्य मुख्य द्वार, मास्ट लाईट, पैवेलियन, विश्रामघर व स्नानागार समेत खिलाड़ियों व दर्शकों के लिए हर जरुरी सुविधाएं दी जा रही हैं. हमारा प्रयास यहां रणजी जैसे टूर्नामेंट का आयोजन करवाना है.

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रोफेसर सुरेंद्र सिन्हा, भैया तरुण कुमार, आनंद देव, टोनी जैन, बटेश्वर प्रसाद मेहता, प्रफुल्ल कुमार, दामोदर सिंह, ज्ञान प्रकाश, कृष्ण कुमार सिन्हा, रणधीर पांडे, विकास वर्मा, सुबोध सिंह, मुकेश कुमार सिंह, भैया नितेश कुमार, ज्योति कुमार गुड्डू, रवींद्र लाल, राजेंद्र प्रसाद राजा, अमरदेव सिंह, अनूप भाई वर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका कुमारी, सांसद के निजी सचिव आशीष सिंह, सांसद के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा, आशीष मेहता, राजेश कुमार मेहता, विनोद कुमार बिगन, वेद प्रकाश, सनी सिंह, सत्यजीत वर्मा, सौरव कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे.



**नई उपलब्धि**

- 15 लाख की राशि से हुआ है प्रवेश द्वार का निर्माण
- एससीके के विकास में स्व. सिंह का अहम योगदान

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### अरबी और फारसी के विद्वान थे मौलाना आजाद

**हजारीबाग।** भारतीय प्रजातांत्रिक मंच के तत्वावधान में गुरुवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बाबर अंसारी ने किया. इस अवसर पर मंच के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौलाना आजाद अरबी-फारसी के विद्वान थे. वे स्वाधीनता संग्राम में सदी के प्रारंभ में ही कूद पड़े थे. प्रथम और द्वितीय दोनों विश्वयुद्धों के काल में कारावास भुगतने वाले संभवतः वे एकमात्र नेता थे. स्वराज के लिए आंदोलन में वे सदा अग्रणी रहे. वहीं, मंच के संरक्षक जहांगीर अंसारी ने कहा कि मौलाना आजाद ने द्विराष्ट्र सिद्धांत को कभी स्वीकार नहीं किया. अध्यक्ष बाबर अंसारी ने कहा कि मौलाना आजाद को देश के प्रति गहरा लगाव था. उन्हीं के कारण देश के विभाजन के बाद लाखों मुस्लिमों की आस्था देश के प्रति गहरी रही. मदीना मुफ्ति के पौत्र मुस्लिमों को संगठित कर देश के राष्ट्रीय प्रवाह को कायम रखने में सफल रहे.

### खालिस्तानी कहने से नाराज सिखों का विरोध मार्च

**रामगढ़।** पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता शिवेंदु अधिकारी द्वारा एक सिख पुलिस अधिकारी को कथित तौर पर खालिस्तानी कहे जाने को लेकर सिख समुदाय में भारी आक्रोश है. गुरुवार को सिखों का जत्था गुरुद्वारा मुख्य मार्ग से होते हुए सुभाष चौक पर पहुंचा और सभा की. सिखों ने कहा कि भाजपा नेता ने सिर्फ सिख पदाधिकारी जसप्रीत सिंह को नहीं, बल्कि पूरे सिख समाज को खालिस्तानी बता दिया है. सिख किसान आंदोलन करते हैं, तो उन्हें खालिस्तानी कहा जाता है. अब इस तरह का अपमान सिख बर्दाश्त नहीं करने वाले हैं. भाजपा देश से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे और दोषी भाजपा नेता एवं विधायक शुभेंदु अधिकारी को पार्टी से निष्कासित करें, नहीं तो पूरे देश में सिख आंदोलन करने पर बाध्य होंगे. प्रदर्शन में बलजीत सिंह बेदी, अनमोल सिंह, दलजीत सिंह, कुलवंत सिंह, भाखा सिंह, रघुवीर सिंह छाबड़ा, सत्येंद्र सिंह छाबड़ा, कुलवंत सिंह, अमरजीत सिंह छाबड़ा सहित कई सिख समुदाय के लोग मौजूद थे.

### आवास के एवज में पैसे मांगने पर होगी कार्रवाई

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग प्रखंड से अबुआ आवास के कई लाभुकों से पैसे मांगे जाने के मामले में उपायुक्त ने संज्ञान लिया है. दरअसल, कई लाभुकों को मोबाइल नंबर 9608372085 से फोन कर योजना का लाभ दिलाने के एवज में पैसे की मांग की गई थी. अवैधकर्ता ने खुद को उपायुक्त कार्यालय का कर्मी बताता था. इस अतिगंभीर मामले पर उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए है. साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि गरीब जनता को आवास का लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की है. लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा योजना का लाभ दिलाने के एवज में पैसे की मांग की सूचना प्राप्त हुई है. उन्होंने अपील की है कि इस प्रकार के जालसाजों के झांसे में न आएं और अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल कर इसकी जानकारी जिला कंट्रोल रूम के टेलीफोन संख्या 06546-264159 पर उपलब्ध कराएं.

### सट्टेबाजी ऐप से जुड़े तीन साइबर अपराधी धराए

**हजारीबाग।** पुलिस ने महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े तीन साइबर अपराधियों को धर दबोचा है. यह जानकारी एसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर दी. उन्होंने बताया कि उन्हें प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना मिली कि मोबाइल नंबर 7898381304 से राजस्थान में 11 फरवरी को 55000 रुपये का ऑनलाइन ठगी की गई है. यह नंबर जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र में सक्रिय पाया गया. इसके बाद छापेमारी टीम ने तकनीकी साक्ष्य की मदद से ग्राम सियारी सिंदूर स्थित केदार मेहता के मकान में मौजूद तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की. तलाशी के क्रम में तीनों के पास से विभिन्न कंपनी के 12 मोबाइल, विभिन्न कंपनी के कई सिम, 12 एटीएम कार्ड, एक पासबुक, तीन चेकबुक, 365 पन्नों का बैंक स्टेटमेंट, तीन लैपटॉप और एक एयरटेल फाइबर केबल बरामद किया गया. गिरफ्तार शातिरों की पहचान बिहार के आरा जिला अंतर्गत पिरो हसनपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी विकास पाल, हजारीबाग जिला के पदमा थाना क्षेत्र के बिहारी गांव निवासी कुलदीप मेहता और चतरा के मयूरहंड थाना क्षेत्र के बेबादीरी गांव निवासी रोहित मेहता के रूप में की गई है.

### बंद घर से 5500 नगद समेत लाखों के जेवर चोरी

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के गांगी जमुनी चितरपुर स्थित तिवारी टोला में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर 5 हजार नगद व लाखों रुपये के जेवरात की चोरी कर ली. पीड़ित परिवार ने रजरप्पा थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है. पीड़ित देवराज तिवारी ने बताया है कि वह सपरिवार मुंडन कार्यक्रम में मुरहू (खूंटी) गए थे. गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे जब वह अपने घर पहुंचे, तो देखा दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ है. अंदर जाने पर सभी आलमीरा का लॉकर भी टूटा पाया. कमरे में सामान इधर-उधर बिखरे पड़े थे. पूरी तरह जांच के बाद पता चला कि घर से सोने का दो झुमका, एक अंगूठी, एक चेन, एक मंगल सूत्र, 5 जोड़ी पाजेब, 2 अंगूठी, बेटी का दो जोड़ा सोने का कनौसी, 10 चांदी के सिक्के और 5500 रुपये की चोरी कर ली गई है.

## ब्रीफ खबरें

### महिला की मौत के 22 घंटे बाद सड़क जाम हटी

**केरेडारी।** बड़कागांव-केरेडारी मुख्य सड़क पर इंट्री को धत्ता बताते हुए बीते बुधवार को एक खाली ट्रक ने निरी गांव की पूनम देवी को रौंद दिया था. घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी. इसे लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन करना शुरु कर दिया था. बड़कागांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार, केरेडारी सीओ रामरतन वर्णवाल, केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, थाना प्रभारी अजीत कुमार, केरेडारी दक्षिणी क्षेत्र जिप सदस्य प्रतिनिधि प्रीतम सिंह, पेटो मुखिया प्रतिनिधि गुरदयाल साव के समझाने के बाद आपदा प्रबंधन के तहत 75000 और गाड़ी इंश्योरेंस के द्वारा 10 लाख रुपये मुआवजा एवं एक कंपनी में जॉब देने की बात पर गुरुवार दिन के 11 बजे जाम हटाया गया. करीब 22 घंटे बाद आवागमन सुचारू हो सका.

### एक ही रात में घर से दो बाइक की हुई चोरी

**हजारीबाग।** कटकमदाग थाना क्षेत्र के कदमा से एक ही रात में दो बाइक की चोरी का मामला सामने आया है. दोनों बाइक कदमा निवासी अखिलेश कुमार सिंह के नाम पर है. इस संबंध में उन्होंने कटकमदाग थाना में आवेदन दिया है. लिखा है कि उनकी बाइक (रजिस्ट्रेशन नंबर-जेएच 02 पी 1674 व जेएच 02 एएम 4529) से ऋषिकेश चलता था. रोज की तरह उसने घर के बरामदे में बाइक खड़ी की थी. गुरुवार रात करीब 1:30 बजे एक अज्ञात चोर ने दोनों बाइक का लॉक खोलकर चोरी कर ली. पूरी वारदात घर में लगी सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई है. उन्होंने पुलिस से दोनों बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है.

### मृतक मजदूर के परिवार से मिले पूर्व विधायक

**बरकट्ठा।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शिलाडीह पंचायत निवासी मणि भुइयां के पुत्र प्रवासी मजदूर सीतराम भुइयां (27) का मुम्बई में आकस्मिक निधन हो गया था. उसका शव गुरुवार को पैतृक गांव शिलाडीह लाया गया. सूचना मिलते ही बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव घर पहुंच कर शोकाकुल परिजनों से मिले और दुख की इस घड़ी में धैर्य बंधाते हुए तथा हरसंभव मदद का भरोसा दिया. मौके पर बगोदर विधायक विनोद सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय, मुखिया निजाम अंसारी, पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, रमजान मौलबी, शेर मोहम्मद, सुनील पांडेय, रामेश्वर भुइयां, नईम अंसारी, धनेश्वर भुईयां, दिनेश्वर भुइयां, संतोष भुइयां सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

### डुमरौन में 54 साल पुराने प्राथमिक विद्यालय के मुख्य गेट पर बना दी मीनार

# जमीन को लेकर विवाद गहराया

संवाददाता। हजारीबाग

जमीन विवाद को लेकर हजारीबाग जिला सुर्खियों में है. यहां कभी वन विभाग की जमीन, तो कभी सरकारी जमीन को अपना बताकर कब्जा कर लेना भू माफियाओं की फितरत बन गई है. 20 साल पहले का वक्त वह भी था जब गांव के संपन्न लोग पूरे क्षेत्र की भलाई के लिए अपना निजी जमीन सरकार को दान देते थे. उस जमीन पर कहीं स्कूल, तो कहीं अस्पताल बनाया जाता था.

लेकिन अब अपने निजी स्वार्थ के लिए पूर्वजों द्वारा दान दी गई जमीन पर वंशज फिर से कब्जा करना चाहते हैं. उक्त जमीन पर करोड़ों रुपयों की लागत से स्कूल, अस्पताल बन चुके हैं और उसके भवन के संरक्षण की जिम्मेदारी भी गांववालों के पास ही है. ग्रामीणों को उस भवन का लाभ भी मिलता है. लेकिन, कुछ सपेदपोश और राजनीतिक दलों से जुड़े लोग जमीन विवाद करवा कर अपनी रोटी सेंकना चाहते हैं. ऐसा ही मामला जिले के इचाक प्रखंड के डुमरौन से सामने आया है. यहां 1970 से गांव के ही एक व्यक्ति ने सरकार को स्कूल बनाने के लिए जमीन दिया था. इसके बाद सरकार ने उक्त जमीन पर प्राथमिक स्कूल के नाम पर भवन बनवाया और गांव के ही दोनों समुदाय के बच्चे यहां पढ़ते थे.

जब गांव के जनसंख्या बढ़ती गई और फिर सरकार के द्वारा नया स्कूल बनाया गया, जिसके बाद एक समुदाय के लोगों ने अपने बच्चों को नये स्कूल में डाल दिया. अब गांव के एक समुदाय के लोग पुराने जमीन को अपनी जमीन बता रहे हैं. स्कूल के मुख्य गेट पर मीनार तक बना दिया गया है. इससे दूसरे समुदाय के लोगों में आक्रोश व्याप्त है और इस बात को लेकर राजनीतिक रोटियां सेंकी जाने लगी है. जहां एक पक्ष स्कूल की जमीन को सरकारी जमीन बता रहा है, तो दूसरा पक्ष अपनी जमीन बता रहा है. ऐसे में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और गांव में भी तनाव की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है. इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त नैंसी सहाय को आवेदन देकर जांच एवं विवाद सुलझाने की मांग की है.





**ग्रामीण आक्रोशित**

- स्कूल की जमीन को निजी जमीन बता रहा एक समुदाय
- ग्रामीणों ने डीसी को दिया आवेदन, जांच की मांग की

**'छुट्टी का फायदा उठा कर बना दी मीनार'**

बीआरसी प्रभारी दीपक कुलकर्णी ने बताया कि 22 जनवरी को स्कूल बंद था और छुट्टी का फायदा उठा कर कुछ लोगों ने स्कूल के गेट पर रेडीमेड मीनार लगा दिया और वहां के एक समुदाय के लोग स्कूल की जमीन को निजी जमीन बता रहे हैं. उनलोगों का कहना है कि उस जमीन को सरकार को मौखिक तौर पर दान में दिया गया था और उक्त जमीन मदरसा के नाम पर है. सरकार का बना हुआ स्कूल और गेट सुरक्षित है, पर एक नए गेट का निर्माण किया गया है और उस गेट पर मीनार बनाया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि अब विवाद बढ़ते जा रहा है. दूसरे समुदाय के लोग आक्रोशित हैं. उनका कहना है कि रामनवमी का जुलूस उसी गली से गुजरता है और ग्रामीण क्षेत्र में झंडा बड़ा होता है. अगर किसी प्रकार का विवाद हुआ, इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

**'किसके इशारे पर बनाई गई मीनार, हो जांच'**

इस संबंध में दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि उर्दू स्कूल की जमीन किसकी थी, यह केवल पूर्वज ही बता पाएंगे. लेकिन इस जमीन पर उर्दू स्कूल पूर्व से था और आज भी है. इसके लिए सरकार ने अनुदान भी दिया था. इस स्कूल में सरकार ने अपने हिसाब से भवन और गेट बनाया था, तो फिर इसमें धर्म और समुदाय कहां से आ गया. इस गेट पर कम समय में मीनार किसके इशारे पर बनाया गया, यह जांच का विषय है. गौरतलब हो कि इचाक बीएलओ कार्यालय की दूरी मात्र 5 किलोमीटर है और सीआरपी का आना-जाना होता है. वहां स्कूल के मुख गेट पर मीनार बना दिया गया, जबकि स्कूल सचिव भी स्कूल में उपलब्ध रहते हैं. लेकिन, उन्होंने भी विभाग को जानकारी देना जरूरी नहीं समझा.

**'मौखिक तौर पर सरकार को दी गई थी जमीन'**

इस संबंध में प्राथमिक विद्यालय के सहयोगी शिक्षक अकबर खान ने बताया कि यह 12 डिसमिल का प्लॉट है. 1970 में पूर्वज के द्वारा सरकार को मौखिक तौर पर जमीन दी गई थी. उस वक्त इसी स्कूल में दोनों समुदाय के बच्चे पढ़ते थे. बाद में बहुसंख्यक समुदाय के बच्चों के लिए स्कूल बनाया गया, फिर यहां से बच्चे चले गए. अब इस विद्यालय में केवल अल्पसंख्यक बच्चे पढ़ते हैं, लेकिन सभी विषयों की पढ़ाई होती है. बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं है. जमीन का मुख्य गेट आज भी उसी तरह है, जैसा सरकार ने बनाया था. इस पर अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा मदरसा की जमीन कह कर मीनार बनाया गया है. इस मामले को लेकर विभाग भी जांच कर चुकी है. इधर ग्रामीणों का कहना है कि बिना कागजात देखे सरकार ने इस जमीन पर स्कूल का भवन व गेट कैसे बनाया? वहीं, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कभी स्कूल की जांच नहीं की.

### डीसी का फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बना मांगे जा रहे पैसे

# जिला प्रशासन ने किया आगाह

संवाददाता। रामगढ़

सोशल मीडिया पर किसी के नाम का फर्जी अकांउट बनाकर फर्जीवाड़े का धंधा इन दिनों खूब चल रहा है. हद तो तब हो गई, जब रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बना कर लोगों से पैसे की मांग की जा रही है. इसकी सूचना प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया गया है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है.

इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचना आमजनों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक, एक्स (ट्विटर) व इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है. जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता. सभी लोगों से अपील की गई है कि किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया न दें. मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा फर्जी तरीके से लोगों को गुमराह करने वाले दोषियों को पकड़ने और उन पर कड़ी कार्रवाई करने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है.



**रहें सतर्क**

- किसी सोशल मीडिया हैंडल पर डीसी का अकाउंट नहीं
- फर्जी आईडी से आए मैसेज पर प्रतिक्रिया नहीं देने की अपील

### झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष के ऊपर हमला

**चौपारण।** प्रखंड के दादपुर पंचायत के ग्राम केंदुआ कला के वीरेंद्र राणा पर गांव के कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया. वीरेंद्र राणा झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं. जख्मी वीरेंद्र राणा का सामुदायिक अस्पताल में इलाज चल रहा है. घटना के संबंध में घायल ने बताया कि गुरुवार सुबह नौ बजे सुबह बाइक से बेढ़ना बारा से अपना घर जा रहे थे. इस बीच केंदुआ कला गांव के पास उसी गांव के जयप्रकाश सिंह गाली देते बाइक के सामने आ गया और जोरदार झापड़ लगा दिया. आरोपी हाथ में कड़ा पहने हुए था, जिससे उनकी कनपटी कट गई. इसी बीच बाइक की चाबी निकाल कर जान मारने की नीयत से एक बड़ा पत्थर फेंक कर मारना चाहा, संयोग बस सिर झुकाने के कारण बच गया. परिस्थिति को भांप कर गांव के ही आनंद सिंह व निवास सिंह दौड़े और वहां से बचाकर भगा दिए. वीरेंद्र राणा ने पुलिस से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है.

### एक सप्ताह के अंदर भुरकुंडा क्षेत्र में दो रागीरों को बनाया था निशाना

# लूटपाट गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता। रामगढ़

भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है. पुलिस ने चार शातिरों को गिरफ्तार किया है. बताया जाता है कि ये सभी गिरोह बना कर भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में लूटपाट की वारदात को अंजाम देते थे. पूछताछ में पता चला कि हाल में ही भुरकुंडा में हुए दो लूट कांड में भी शामिल थे. इस संबंध में गुरुवार को भुरकुंडा ओपी परिसर में एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि बीते 16 फरवरी को ओपी क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी उपेंद्र शर्मा से मारपीट और लूटपाट की गई थी. इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस की अनुसंधान जारी थी. वहीं 21 फरवरी को उक्त घटना स्थल के आसपास ही भुरकुंडा बैरक निवासी मनीष राजभर के साथ हथियार के बल पर मारपीट करते हुए लूटपाट की गई थी. एसडीपीओ ने बताया कि एसपी के निर्देश पर भुरकुंडा, बासल और भदानीनगर पुलिस की टीम का गठन कर छानबीन शुरू की गई. इसी क्रम में गिद्दी थाना क्षेत्र का रहनेवाला विशाल कुमार राम, राहुल करमाली, दीपक कुमार सिंह और कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया. इनके पास से लूटकांड में प्रयुक्त हीरो होंडा शाइन मोटर साइकिल बरामद किया गया. साथ ही पुलिस ने एक नकली पिस्तौल, दो भुजाली और मोबाइल भी जब्त किया है. पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.



**मिली सफलता**

- गिरोह बना कर लूट की वारदात को देते थे अंजाम
- लूट में प्रयुक्त बाइक, नकली पिस्तौल, भुजाली जब्त

### समीक्षा लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने की बैठक, अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

# संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों के चिह्नित करने में लाएं तेजी

संवाददाता। हजारीबाग

आगमी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बैठक की. बैठक में एसपी अरविंद कुमार सिंह समेत निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे. इस दौरान आम चुनाव के बाबत संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, बूथ अवेयरनेस ग्रुप के क्रियाशील करने, शिक्षा विभाग से डेमोक्रेसी रूम को लेकर एमओयू, स्वीप एवं चुनाव कार्यों के प्रयुक्त पुलिस फोर्स के आवासन के लिए भवनों के चिह्नितकरण आदि प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई.

उपायुक्त ने संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों के चिह्नित करने के कार्य में गति लाने का निर्देश दिया. साथ ही बूथों के चिह्नांकन के तय मानकों के आधार पर कार्य करने को कहा. उन्होंने विगत चुनाव में हिंसा, विवाद या कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित कर उन बूथ पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया. संवेदनशील बूथों के चिह्नित करने के कार्यों में सभी संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को गंभीरतापूर्वक कार्य करने की बात कही. बूथों पर एएमएफ के बुनियादी सुविधाओं यथा बिजली, पानी, शौचालय, रैंप की सुविधा को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया व अन्य उपस्थित थे.



**चुनाव तैयारी**

- तय मानकों पर बूथों को चिह्नित करने के दिए निर्देश
- सभी बूथों पर बुनियादी सुविधाएं की जाएंगी दुरुस्त

**सेक्टरवाइज इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाए जाने का दिया निर्देश**

उपायुक्त ने बताया कि इस बार सेक्टरवाइज इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाए जाएंगे, ताकि रिजर्व ईवीएम को सुरक्षित रखा जा सके. इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेंगे. उन्होंने कहा कि अत्यंत आवश्यक होने तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों में ही क्लस्टर बनाए जाएंगे. इस बार पोलिंग डे से एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टी अपने संबंधित बूथों पर पहुंच कर रात्रि विश्राम करेंगे, ताकि चुनाव के दिन पोलिंग समय प्रारंभ किया जा सके. इस संबंध में उपायुक्त ने सीओ और थाना प्रभारी को समन्वय बना कर कार्य करने को कहा. उन्होंने बूथ अवेयरनेस ग्रुप को प्रभावी करने के भी निर्देश दिए.

**युवा मतदाताओं के बीच चलाया जाएगा जागरूकता कार्यक्रम**

स्वीप कार्यक्रम के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में डेमोक्रेसी रूम को क्रियाशील करने सहित युवा मतदाताओं के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने उपस्थित सभी बीडीओ को अपने-अपने क्षेत्र के बड़े भवनों को भी चिह्नित कर सूची उपलब्ध कराने को कहा है, जिसमें मूलभूत सुविधाएं यथा पानी, शौचालय, बिजली, कमरे आदि हों. उन्होंने सभी अधिकारियों को चुनाव संबंधी कार्यों पर गंभीरतापूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया तथा मतदाता जागरूकता संबंधी स्वीप एक्टिविटी को प्रखंड स्तर पर भी आयोजित करने को कहा.

# कुएं में मिला दंपती का शव
## 6 माह पूर्व किया था प्रेम विवाह

संवाददाता। रामगढ़

गोरियारी बाग में गुरुवार सुबह एक दंपती का शव कुएं में मिला. स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को बाहर निकलवाया. मृतकों की पहचान विशु कुशवाहा (25) व अंजली देवी (22) के रूप में की. दोनों पति-पत्नी पिछले कुछ समय से यहां रह रहे थे. दोनों का प्रेम विवाह रामगढ़ थाना परिसर में हुआ था. दोनों का परिवार नया बस स्टैंड के समीप रहता है.

स्थानीय लोगों ने बताया कि 21 फरवरी की शाम अंजली के पेट में दर्द होने की बात कही गई थी. उसका पति उसे इलाज कराने के लिए रामगढ़ छावनी अस्पताल ले गया था. सूचना पर अंजली देवी के सास-ससुर भी घर आए थे और देर शाम वापस चले गए थे. गुरुवार सुबह मुहल्लेवालों ने उनका घर बंद देखा. सुबह 7 बजे के करीब घर के बगल के एक कुएं के बाहर विशु कुशवाहा का कपड़ा पड़ा मिला. इसके बाद मुहल्ले के लोगों ने कुएं में झांक कर देखा, तो दोनों के शव कुएं में थे. दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

**संदिग्ध मौत**

- बुधवार शाम पत्नी की तबीयत हुई थी खराब
- पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



आज आवेदन करने की है अंतिम तिथि

## पर्यटन विभाग : पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर सेंटर का होगा संचालन

# गर्मी से पहले चालू होगा एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स, प्रशिक्षण शुरू

अमित सिंह। रांची

झारखंड में गर्मी से पहले एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स शुरू हो जाएगा. पर्यटन विभाग इसके लिए एजेंसियों का चयन करेगा. पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत छह डैमों में वाटर स्पोर्ट्स शुरू होगा. इसी के तहत पर्यटन निदेशालय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है. इसके तहत लाइफ सेविंग टेक्निक (वाटर स्पोर्ट्स ऑपरेटर्स) सिखाया जाएगा. वहीं पावर बोट हैंडलिंग, वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी संचालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा. वर्तमान में प्रदेश के डैमों में मत्स्य मित्रों द्वारा वाटर एक्टिविटी को संचालित किया जाता है. मगर अब रांची के खेल गांव और कांके डैम, रामगढ़ के पतरातू डैम में प्रशिक्षण दिया जाएगा.

गोवा के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर स्पोर्ट्स के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित होगा. मार्च के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण शुरू होगा. इसके लिए आवेदन मांगा गया था. जिला खेल और पर्यटन पदाधिकारी प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवारों का चयन करेंगे. 23 फरवरी तक आवेदन करने की अंतिम तिथि है. आवेदन जमा होने के बाद प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं के नाम की सूची और स्थान की घोषणा की जाएगी. विशेष जानकारी पर्यटन विभाग की वेबसाइट से भी हासिल कर सकते हैं.

पर्यटन विभाग के झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने प्रदेश के छह डैम का चयन किया है. जिसमें रांची का गेतलसूद, बोकारो का तनुघाट, जमशेदपुर का चांडिल, दुमका का मसानजोर, कोडरमा का तिलैया और धनबाद का मैथन डैम शामिल है. इन डैमों में कयाकिंग, पैडल बोटिंग, फिशिंग, क्लिप जंपिंग, बनाना राइड, ड्रैगन बोट जैसे साहसिक खेलों का संचालन नियमित रूप से किया जाएगा. पीपीपी मोड के तहत चयनित एजेंसी वाटर स्पोर्ट्स का संचालन करेगी.

चयनित एजेंसियों को वाटर बोट की खरीद से लेकर उनके संचालन और पर्यटकों तक की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा. अबतक पर्यटक मित्र योजना के तहत जेटीडीसी के सहयोग से स्थानीय स्तर पर युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाता था. प्रशिक्षित लोगों को डैमों व पर्यटक स्थलों पर पर्यटन मित्र के रूप में तैनाती भी की गई है. पूर्व में भी पर्यटन विभाग ने रांची के तीन डैम हटिया, रूक्का और कांके में वाटर स्पोर्ट्स सेंटर का संचालन शुरू किया था. मगर मुनाफा नहीं होने का बहाना बनाकर चयनित एजेंसियों ने कुछ ही दिनों में काम बंद कर दिया था. हटिया डैम में अभी भी पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए पार्क में वोट आदि सामान कबाड़ में तब्दील हो गए हैं.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** — समय सामान्य है. काम के प्रति जिम्मेवार होना होगा. हो सके तो किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद लें. कानूनी अड़चन दूर होने की स्थिति अनुकूल रहेगी. व्यवसाय ठीक रहेगा. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें.

**वृषभ** — रुके हुए कार्य को गति मिलेगी. सुख में वृद्धि होगी, पर वाहन के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है. लोगों के बहकावे में न आना. कुसंगति से हानि होगी. पुलिस से बिगाड़ हो सकती है. कार्य समय पर पूर्ण नहीं होने से तनाव रहेगा. व्यवसाय ठीक है.

**मिथुन** — रुका हुआ धन मिलने की सभावना है. स्वास्थ्य पर व्यय होगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है. कोर्ट कचहरी के काम का निपटारा होगा. नये कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी. अन्न दान करें.

**कर्क** — समय सामान्य है, पर धन की प्राप्ति की योजना बनेगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. रोग को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. सफलता की राह खुलेगी.

**सिंह** — धर्म और सामाजिक कार्य पर धन खर्च होगा. समय पर कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. आय में वृद्धि होगी. ग्राहक सक्रिय रहेंगे. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

**कन्या** — आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है, पर विवाद को बढ़ावा देना ठीक नहीं. आय में कमी रहेगी. बेवजह तनाव रहेगा. काम में मन नहीं लगेगा. धैर्य रखें. व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा. सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पडेगा. थकान रहेगी.

**तुला** — सरकारी कार्य जो लंबित हैं, उन कार्यों में तेजी आएगी. लाभ के अवसर हाथ आयेंगे. सामाजिक प्रतिफल में वृद्धि होगी. व्यवसाय ठीक है. काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है. पार्टनरों से तालमेल बैठेगा.

**वृश्चिक** — धर्म और सत्कर्म में मन लगेगा. कोई बिगड़ा कार्य बनेगा. जल्दबाजी से बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. भूले-बिसरे साथियों से मेलजोल बढ़ेगा.

**धनु** — किसी से विवाद नहीं हो, ऐसा प्रयास करना चाहिए. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है. झाड़ू का दान करें.

**मकर** — शनि बड़ा नुकसान दे सकते हैं. घर में कोई बड़ा खर्च नहीं होगा. कुसंगति से बचने का प्रयास करें. घर में तनाव बना रह सकता है. व्यवसाय ठीक रहेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. हनुमानजी का पूजन ध्यान करना चाहिए.

**कुंभ** — मौसमी बीमारियों से परेशानी हो सकती है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. वस्तुओं को संभालकर रखें. नए अनुबंध हो सकते हैं. कोर्ट कचहरी में अनुकूलता रहेगी. कोई बड़ी बाधा होने से प्रसन्नता रहेगी.

**मीन** — संतान संबंधी कोई शुभ समाचार मिलेगा. आय में वृद्धि होगी. ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है. भाग्य का साथ मिलेगा. काम में अनुकूलता रहेगी. व्यवसाय ठीक रहेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. नए कार्य को लेकर जल्दबाजी न करें.

## विधायक अमित मंडल ने झारखंड सरकार पर साधा निशाना, कहा-

# गठबंधन सरकार में हुई सभी परीक्षाओं की सीबीआई जांच हो

**क्या कहा**

- गठबंधन सरकार में युवाएं के साथ किया जा रहा है धोखा
- जेएसएससी का फुल फॉर्म झामुमो सरकार की सर्विस व कमीशन

संवाददाता। रांची

भाजपा विधायक और प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गठबंधन सरकार में हुई सभी परीक्षाओं की सीबीआई से जांच कराने की मांग की. उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार में राज्य के युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है. 2019 से लेकर अब तक आयोजित जेएसएससी और जेपीएससी की सभी परीक्षा की जांच सीबीआई से कराई जाए. उन्होंने कहा कि जेएसएससी का फुल फॉर्म जेएमएम सरकार की सर्विस और कमीशन है. राज्य सरकार में कई विरोधाभास देखने को मिलती है. यहां जो नियुक्ति नियमावली, नियोजन नीति एवं भाषा का विवाद हुआ वो राज्य के युवाओं से छिपा नहीं है.

**युवाओं की आवाज दबाने के लिए लाया गया है विधेयक:** अमित मंडल ने कहा कि जेपीएससी-जेएसएससी मुद्दों को लेकर भाजपा शुरू से ही युवाओं के हक-अधिकार को लेकर सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रही है. भाजपा विधायकों एवं कार्यकर्ताओं के उपर राज्य सरकार ने लाठीचार्ज की, यहां तक कि संगीन धारा लगाकर एफआईआर दर्ज की. मंडल ने कहा कि झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को राज्य सरकार ने सोचे-समझे षड्यंत्र के तहत युवाओं के आवाज को दबाने के लिए लाया है.

▪ भाजपा हमेशा युवाओं के हक-अधिकार को लेकर सड़क से सदन तक लड़ती रही है



### बैन परीक्षा एजेंसियों से सरकार ने करवाई परीक्षाएं

मंडल ने कहा हेमंत सरकार में जितने भी एजेंसी परीक्षा में शामिल रहे हैं उन सभी को किसी न किसी राज्य में बैन किया गया है. 2019 में महाराष्ट्र के ठाणे में रेलवे रिक्रूटमें बोर्ड पेपर लीक मामले में सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड (चेन्नई) को दोषी माना गया था. 2017 को त्रिची के आर्डिनेंस फैक्ट्री नियुक्ति घोटाले में सीबीआई ने इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड का नाम सीबीआई की चार्जशीट में डाला था. ऐसे में क्या कारण है कि लैब असिस्टेंट और जेएसएससी पीजीटी में सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया था. विधायक ने कहा कि जेएसएससी जेई की परीक्षा में बीआईएनएसवाईएस टेक्नोलॉजी एजेंसी शामिल था, यह वहीं एजेंसी है जो बिहार में सिपाही भर्ती घोटाला मामले में ब्लैक लिस्टेड है. वहीं जेपीएससी 7वीं से लेकर 10वीं की परीक्षा में आईसीएन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल था, ये वहीं एजेंसी है जो 2019 में बिहार में बैन है और उसपर एफआईआर किया गया था.

### विधायक की मांगें

- जेएसएससी सीजीएल के साथ-साथ लैब असिस्टेंट, पीजीटी एवं जेएसएसी-जेई की भी सीबीआई से जांच कराई जाए.
- राज्य सरकार बताए कि ब्लैक लिस्टेड एजेंसी को किस प्रकार कमीशन द्वारा नियुक्ति परीक्षा के लिए बहाल किया गया.
- क्या सरकार आंदोलन कर रहे सारे युवाओं के ऊपर दर्ज एफआईआर को वापस लेगी, क्योंकि यह प्रमाणित हो गया है कि गलतियां एजेंसी एवं विभाग द्वारा हुई है.
- जेएसएससी तत्कालीन अध्यक्ष और विभागीय पदाधिकारियों के ऊपर कार्रवाई करायेगी या नहीं.

# 235 अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में किया गया शॉर्टलिस्ट

संवाददाता। आदित्यपुर

**खास बातें**

- जाने-माने औद्योगिक कंपनियों ने हुआ अभ्यर्थियों का चयन
- तीनों जिले के बेरोजगार युवाओं की नियुक्ति की गई

गुरुवार को सरायकेला रोजगार मेला में 235 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है. अभ्यर्थियों को पंप ऑपरेटर, अमोनिया गैस यूनिट ऑपरेटर, इंजीनियरिंग ट्रेनी, एचआर ट्रेनी, क्वालिटी इंस्पेक्टर, ऐस्टीमेशन इंजीनियर, सीएनसी मेंटिनेस मैनेजर, सर्विस एडवाइजर, बॉडी शॉप एडवाइजर, पार्ट्स मैनेजर, वारंटी इंचार्ज, सेल्स कंसलटेंट, सीनियर अकाउंटेंट, इंश्योरेंस एडवाइजर, वेल्डर, गैस कटर, इलेक्ट्रीशियन, सेफ्टी ऑफिसर, रेगुलर फील्ड एग्जीक्यूटिव, कारपेंटर, टेक्नीशियन, बैक ऑफिस एग्जीक्यूटिव एवं मोबिलाइजेशन मैनेजर जैसे विभिन्न पदों पर नियुक्ति का ऑफर मिला है. अभ्यर्थियों का चयन जाने-माने औद्योगिक घरानों मसलन रामकृष्ण फोर्जिंगस लिमिटिड, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज, बीके स्टील, ब्रेक्स इंडिया, सिंघानिया फ्यूचर प्राइवेट लिमिटेड, एलआईसी ऑफ़ इंडिया, युवा शक्ति फाउंडेशन, छवि कंस्ट्रक्शन, देलहीवेरी प्राइवेट लिमिटेड, यूनिवर्सल कंस्ट्रक्शन, श्री राम ऑटोमोबाइल्स एवं इवॉल्यूट स्किल एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड ने किया है. बता दें कि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 व नियमावली 2022 के तहत किया जा रहा है.

गुरुवार को जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेन्टर, सरायकेला में आयोजित रोजगार मेला में कोल्हान के तीनों जिले के बेरोजगार युवाओं की नियुक्ति की गई है. रोजगार मेले में वाईपी रवि प्रकाश सिंह सहित जिला नियोजनालय के कर्मी सुरेंद्र रजक, सुजीत सरदार व अन्य व संबंधित संस्थानों के एचआर मैनेजर उपस्थित रहे.



**पेज एक का शेष**

### निखालिस कालेधन से लड़ा....

राजनीतिक दल तो बिना चंदे के चुनाव लड़ ही नहीं सकते और इसमें कुछ भी गलत नहीं है और यह भी कि चंदा अब भी उसी दल या नेता को ज्यादा मिलेगा जो रसूखदार होगा, जो चंदा देनेवाले को फायदा पहुंचा सकने में समर्थ होगा और उसके संकट के समय काम आ सकेगा. यानी जो लोग यह मान रहे हैं कि इलेक्ट्रोरल बांड के खात्मे से भाजपा घाटे में रहेगी, वे मूर्खों के स्वर्ग में रहते हैं. चंदे की चाहे जो भी व्यवस्था रहेगी, भाजपा आज की तारीख में विपक्षियों से मीलों आगे रहेगी, क्योंकि वह एक संभावनाशील पार्टी बन गयी है. दस साल से उसकी केंद्र में सरकार है. वह एक दर्जन से अधिक राज्य सरकारें चला रही है. कांग्रेस के जमाने में विपक्षियों को खटारा गाड़ियों से ही प्रचार करना पड़ता था और कांग्रेसी या तो फुरफुरिया से उड़ते थे या फिर नई-नई जीपों तथा गाड़ियों से सरपट दौड़ते थे. अब पांसा पलट गया है.

खैर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही खलिहर खैराती गैंग सक्रिय हो गया. तरह-तरह के शीर्षकों से खबरें परोसी जाने लगीं. मसलन शेर जाग गया है, मोदी अडाणी तो गयो, यह एक रक्तहीन क्रांति है, छह हजार करोड़ का घोटाला उजागर इत्यादि. लेकिन जैसे ही यह तथ्य समझ में आया कि इस हमाम में अपनी औकात या कद-काठी के हिसाब से सभी नंगे हैं, तो इन विमर्शजीवियों को सांप सूंघ गया. मात्रा के हिसाब से भाजपा को सबसे अधिक चंदा इस योजना के जरिए मिला है, लेकिन राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे में इलेक्टोरल बांड से मिले चंदे का प्रतिशत देखें तो भाजपा को 52 तो कांग्रेस को 61 प्रतिशत चंदा मिला है. डीएमके को 92, टीएमसी को 90, बीजद को 89, बीआरएस को 86 और वाईएएसआर कांग्रेस को 73 फीसद चंदा इसी योजना के तहत मिला है. इसलिए फैसले पर शुरुआती टीका-टिप्पणियों के बाद राजनीतिक दलों में अचानक एक तरह का मरघटी सन्नाटा छा गया है. चंदा देनेवालों के नाम उजागर होने के बाद यह भी साफ हो जाएगा कि कारपोरेट घरानों और उद्योगपतियों के साथ भाजपा को जोड़ कर गरियाने वाली पार्टियों ने भी उनसे चंदा लेने में परहेज-गुरेज नहीं किया है. यानी पोल खुलेगी तो सबकी खुलेगी, कम या ज्यादा. होली की हुड़दंगी टीम में शामिल सभी रंगों से सराबोर होते ही हैं. अब जबकि चुनाव सिर पर हैं, चंदे का जुगाड़ होगा कैसे ? वही पुरानी बेढंगी, धूर्तताभरी प्रक्रिया चलेगी. दो हजार रुपए या 20 हजार रुपए से कम का चंदा दिखाया जएगा, सोनू, मोनू, गोनू के नाम से रसीदें फाड़ी जाएंगी और करोड़-दो करोड़ हजम कर लिया जाएगा. कुछ औद्योगिक घराने अपने कारिंदों के नाम से टुकड़ों में चेक या बैंक ड्राफ्ट से भी पार्टियों को उपकृत कर सकते हैं. लेकिन अधिकतर चंदा काले धन के रूप में ही पार्टियों को मिलेगा और खाता न बही , जो वे कहें वही सही का पुराना ढर्रा चालू रहेगा, वह भी सुप्रीम कोर्ट के आशीर्वाद से. एक बार अटल बिहारी वाजपेयी ने संसद में कहा था कि हम लोग चुनाव में खर्च का गलत विवरण देकर सदन में आते हैं और यहां शुचिता, नैतिकता पर जोरदार भाषण भी देते हैं. उन्होंने तब कहा था कि चुनाव आयोग ने खर्च की जो सीमा तय की है, उसमें तो मतदाताओं के पास पोस्टकार्ड तक नहीं भेजा जा सकता है. उसके बाद से आयोग हर साल खर्च की सीमा बढ़ा रहा है, लेकिन हालत मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की वाली ही है. एक लोकसभा क्षेत्र में औसतन डेढ़ हजार बूथ होते हैं और बूथ मैनेजमेंट का न्यूनतम भाव दस हजार रुपए ही हो, तो अनुमान लगाइए बैनर, पोस्टर, प्रचार, कार्यालय, सभाओं आदि के खर्च जोड़कर एक क्षेत्र में ठीक से लड़ने पर कितना खर्च बैठता होगा. इसमें कार्यकर्ताओं, मीडिया पर खर्चों के अलावा मतदाताओं को रात के अंधेरे में दी जानेवाली प्रलोभन राशि को जोड़ लें तो आंख की पट्टी खुल जायेगी और हमारे संसदीय लोकतंत्र की कलई उतर जाएगी. लेकिन यह लोकतंत्र हमारा ही है, हमने ही इसे ऐसा बनाया है और इसमें कमोबेश सभी पार्टियां शरीक-ए-जुर्म हैं. कहा जा सकता है कि केवल पैसे से ही चुनाव नहीं जीता जा सकता है, लेकिन सच यह है कि आज बिना पैसे के भी चुनाव नहीं जीता जा सकता है. क्या चुनाव आयोग, संसद, सुप्रीम कोर्ट तथा राजनीतिक दल इस बाबत गंभीरता से विचार करेंगे ? ये कोई फुलप्रूफ कानून या नियम बनाएंगे या फिर हमारे संसदीय लोकतंत्र में चुनाव धनपशुओं का चरागाह ही बने रहेंगे?

## दुर्घटना में वन विभाग के चालक की मौत, 6 घंटे तक सड़क जाम

**टुंडी।** टुंडी-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर मंझलाडीह के समीप गुरुवार की सुबह सड़क दुघर्टना में टुंडी वन कार्यालय के दैनिक भोगी चालक बीरालाल सोरेन (35 वर्ष) की मौत हो गई. वह टुंडी प्रखंड के कुशमाटांड़ गांव का रहनेवाला था. जानकारी के अनुसार वह बाइक से गांव की ओर जा रहा था. तभी विपरीत दिशा से आ रही कार ने उसे चपेट में ले लिया. हादसे के बाद कार बाइक को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गई. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर टुंडी-गिरिडीह मुख्य मार्ग को 6 घंटे तक जाम रखा. जाम की वजह से दोनों ओर गाड़ियों की कतार लग गई. पुलिस समेत वन विभाग के रेंजर व टुंडी बीडीओ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया. लेकिन ग्रामीण मृतक के आश्रित को पांच लाख रु. मुआवजा व नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे. काफी समझाने पर 6 घंटे बाद जाम हटा. रेंजर ने पीड़ित परिवार को मृतक के अंतिम संस्कार के लिए 30 हजार, वाहन मालिक ने 30 हजार व थाना प्रभारी ने 10 हजार रुपये दिए.

## ग्राम सभा संगठनों ने किया प्रदर्शन



संवाददाता। किरीबुरु

मनोहरपुर प्रखंड के कई गांव के ग्रामसभा के संयुक्त बैनर पर गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया. संयुक्त ग्रामसभा का संचालन करते हुए आदिवासी समन्वय समिति (आस) के संयोजक सुशील बारला ने कहा कि धरना प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य प्रखंड के विभिन्न गांव में व्याप्त समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करना है, ताकि प्रखंड विकास पदाधिकारी से लेकर उपायुक्त को भी मनोहरपुर प्रखंड की समस्याओं का उन्मूलन करने के लिए प्रशासनिक कार्यसंस्कृति के तहत ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठता के साथ संवेदनशील होकर काम करने के लिए विवश होना पड़े. धरना प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनोहरपुर के द्वारा 16 सूत्री मांग पत्र प्रेषित किया गया. मांग पत्र सौंपने के क्रम में आस संयोजक सुशील बारला ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को अबुआ आवास का चयन करने में जो तथाकथित ग्रामसभा के द्वारा सूची तैयार किया गया है, वह दोषपूर्ण बताया गया. धरना प्रदर्शन को नरेंद्र केरकेट्टा, बलदेव जाते, शांतियल कंडाईबुरू, लोदरो होनहागा, संजय किंबो, जेम्स लुगुन, सूरज पूर्ति, अमृत मांझी, सरोज महतो ने संबोधित किया.

## फेडरेशन कप वुशु शुरू, 26 राज्यों के खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

संवाददाता ।रांची

रांची के खेलगांव के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में मुरुवार को 7वीं फेडरेशन कप वुशि प्तियोगिता का शुभारंभ हुआ. इस प्रतियोगिता में देश के 26 राज्यों से लगभग 800 खिलाड़ी और टेक्निकल ऑफिशियल भाग ले रहे हैं. प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह ने किया. उन्होंने कहा की खिलाड़ी अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और उसकी प्राप्ति के लिए प्रयास करें तभी सफलता संभव है. इस अवसर पर सुहेल अहमद सीइओ वुशु सहित उदय साहू, मनोज महतो, प्रियदर्शी अमर, मिथलेश साहू, शैलेंद्र दुबे,डॉ कविता सिंह, मनोज साहू, शंभू सेठ, प्रद्युम्न बेहरा, अशोक मोकाशी,डी कांडिया मौजूद थे.



**कार्यक्रम** — मौलान आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर मदरसा इस्लामिय में कुरआन ख्वानी का आयोजन

# मदरसे का विकास ही मौलाना आजाद को सच्ची श्रद्धांजलि: मौलाना हक

संवाददाता। रांची



इमामुल हिन्द, भारत रत्न और स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर मौलाना आजाद द्वारा स्थापित संस्थान रांची के मदरसा इस्लामिया में कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया. तिलावत ए कलाम पाक के उपरांत मदरसा के प्राचार्य मौलाना शुजाउल हक ने मौलाना आजाद के जीवन पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि मदरसा इस्लामिया को विकास की राह पर ले जाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी. उन्होंने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद अरब से प्रवास कर हिंदुस्तान आए तो कोलकाता को कर्मभूमी बनाया. यहीं से उन्होंने अपनी पत्रकारिता एवं राजनीतिक जीवन की शुरूआत की, 1912 में कोलकाता से उन्होंने पहला साप्ताहिक अखबार अलहिलाल निकाला, जिसमें अंग्रेजों की नीतियों के खिलाफ लेख प्रकाशित होते थे. अंग्रेजी सरकार ने 1914 में इस अखबार पर पाबंदी लगा दी, जिसके बाद मौलाना ने अलबलाग नाम से दूसरा अखबार निकाला, जिसमें वह अंग्रेजों के विरोध में लिखते रहे. उन्होंने कहा कि 1916 में जब वह रांची आए तो यहां के लोगों में शिक्षा के प्रति पिछड़ेपन को महसूस किया और मदरसा इस्लामिया रांची की बुनियाद रखी, इस मदरसे की तामीर में गैर मुस्लिमों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया. मदरसा इस्लामिया के निर्माण में मौलाना आजाद ने अपना सबकुछ लगा दिया.

### शिक्षा के क्षेत्र में मौलाना आजाद के कार्य अतुलनीय : साजिद उमर

मदरसा इस्लामिया के कन्वेनर साजिद उमर ने कहा कि मौलाना आजाद का उद्देश्य अंग्रेजों का विरोध करना तो था ही साथ ही हिन्दू-मुस्लिम एकता पर भी उनका पूरा जोर था. उन्होंने जिन्नाह के टू नेशन थ्योरी का जम कर विरोध किया था, स्वतंत्र भारत के जब वह पहले शिक्षा मंत्री बने तो उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अन्य तकीनीकी,अनुसंधानिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं का गठन किया.

### कई खुबियों के मालिक थे मौलाना आजाद : मौलाना हम्माद

मदरसा के पूर्व शिक्षक मौलाना हम्माद कासमी ने कहा कि मौलाना आजाद सिर्फ राजनीतिज्ञ ही नहीं एक अच्छे साहित्यकार, उत्कृष्ट पत्रकार और कई खूबियों के मालिक थे. सभा के अंत में मौलाना हम्माद कासमी ने सामूहिक दुआ कराई. मौके पर मदरसा के शिक्षक मो इरशाद, मो इमरान, मौलाना कफील अहमद, मो नसीम खान, ऑल झारखंड मदरसा एसोसिएशन के अध्यक्ष सैय्यद फजलुल होदा समेत अन्य लोग शामिल थे.

## लाल सागर का गहराता संकट

इस हफ्ते की शुरुआत के साथ यमन के अंसारुल्लाह गुट (जिसे हूती नाम से भी जाना जाता है) ने लाल सागर और आस पास के क्षेत्रों में जोरदार हमले किए हैं. अंसारुल्लाह के मुताबिक रविवार को अदन की खाड़ी में एक ब्रिटिश मालवाही जहाज पर उन्होंने मिसाइलें दागीं, जिनसे जहाज को गंभीर नुकसान पहुंचा. ब्रिटिश अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ब्रिटिश जहाज के पास विस्फोट हुआ. उन्होंने कहा है कि इस खबर की जांच कराई जा रही है. खबर है कि इन मिसाइलों से इन जहाजों को खासा नुकसान हुआ है. उन्होंने अमेरिका के एक हमलावर एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को भी मार गिराया. गाजा में फिलस्तीनियों के नरसंहार के विरोध में हूतियों ने नवंबर में लाल सागर से गुजरने वाले इजराइल से किसी भी प्रकार से संबंधित जहाजों पर हमला करने का एलान किया था. इसके जवाब में पिछले महीने अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों पर हमले शुरू किए. 7 अक्टूबर 2023 से शुरू हुए गाज़ा पर इजरायल के हमले किसी भी तरह नहीं रुक रहे हैं. पिछले 4 साढ़े 4 महीनों में लाखों जिंदगियां तबाह हो चुकी हैं. हमास को खत्म करने के नाम पर गाज़ा के लोगों पर इजरायल की क्रूरता किसी तरह न कम हो रही है, न थम रही है. अमेरिका जैसे देशों के समर्थन से इजरायल नरसंहार को बेखौफ जारी रखे हुए है, हालांकि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, अल्जीरिया जैसे कुछ देश हैं, जो इजरायल के खूनी खेल के खिलाफ बोल रहे हैं, मगर ताकतवर देश मिलकर न्याय के लिए उठती इन आवाजों को दबा रहे हैं. सत्ता पर बैठे लोगों का रुख जो भी हो, लेकिन दुनिया भर में आम जनता इजरायल की आलोचना कर रही है और गाज़ा में मासूम लोगों के कत्लेआम को रोकने के लिए विरोध-प्रदर्शन, बहिष्कार ऐसे तमाम उपायों को आजमाया जा रहा है. इसी कड़ी में अब भारत के वॉटर ट्रांसपोर्ट्स वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई) के सदस्य भी जुड़ गए हैं. देश के 11 बड़े बंदरगाहों पर काम करने वाले करीब 35 सौ कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली इस संस्था ने इजरायल भेजे जाने वाले उन जहाजों पर माल ढुलाई से इंकार कर दिया है, जिनमें हथियार और अन्य सैन्य सामग्री की आपूर्ति हो रही है. भारत में बंदरगाह कर्मचारियों के पांच संगठन हैं, जिनमें से डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने सैन्य मालवाहक जहाजों पर काम का बहिष्कार किया है. हो सकता है अब बाकी के संगठन भी ऐसा ही फैसला ले लें. 7 अक्टूबर से अब तक एक भी सैन्य मालवाहक जहाज इजरायल नहीं गया है, लेकिन हाल ही में भारत के मुंद्रा बंदरगाह से इजरायल के लिए सामान पहुंचाया जा रहा है. ऐसे में डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई का यह फैसला खास मायने रखता है. गौरतलब है कि लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने इजरायल तक जहाजों के पहुंचने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया है. अगर यह अवरोध बरकरार रहता तो इजरायल थोड़ा कमजोर पड़ सकता था.

> 7 अक्टूबर 2023 से शुरू हुए गाज़ा पर इजरायल के हमले किसी भी तरह नहीं रुक रहे हैं. पिछले 4 साढ़े 4 महीनों में लाखों जिंदगियां तबाह हो चुकी हैं. हमास को खत्म करने के नाम पर गाज़ा के लोगों पर इजरायल की क्रूरता न कम हो रही है, न थम रही है.

### सुभाषित

**गुणवान् वा परजनः स्वजनो निर्गुणोपि वा।**
**निर्गुणः स्वजनः श्रेयान् यः परः पर एव च।।**

दुश्मन अगर गुणवान भी हो और दोस्त अगर गुणहीन भी हो, तो भी दोस्त ही अच्छा होता है, क्योंकि दोस्त चाहे जितना भी गुणवान क्यों न हो, अंततः हानि ही पहुंचाता है. वहीं दोस्त अगर गुणहीन भी है तो उसका साथ लाभकारी ही होता है.

# पीएसयू में घट गईं 40% स्थायी नौकरियां

**बीएसएनएल के बाद स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया और एमटीएनएल का नंबर आता है, जिनमें से प्रत्येक में 30,000 से अभी अधिक नौकरियां कम हुई हैं. इसमें टॉप 10 नेट वर्थ में स्थान रखने वाली स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया से भी नौकरियों को कम क्यों किया गया, यह बात समझ से बाहर है. वर्ष 2022-23 में चौथे स्थान पर काबिज सेल 51,987 करोड़ रूपये का विनिर्माण कर रही थी.**



देश-काल



रवींद्र पटवाल

देश के सार्वजनिक उपक्रमों, नौकरशाही पर निगाह रखने वाली वेबसाइट पीएसयूवाच.कॉम की 17 जून 2023 को प्रकाशित रिपोर्ट में पब्लिक इंटरप्राइजेज सर्वे रिपोर्ट 2022-23 से कुछ महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाए गये थे, जिसमें 2012-13 से लेकर 2021-22 के दौरान भारतीय सार्वजनिक निगमों के उपक्रमों में नौकरियों में लगातार हो रही कमी का आंकड़ा निकलकर सामने आया है. इन आंकड़ों को केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत जारी किया गया है और स्वयं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा दिसंबर 2023 में हस्ताक्षर के साथ जारी किया है. इस रिपोर्ट से कुछ चौंकाने वाली जानकारी मिलती है, जो इस प्रकार से है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल से पहले मार्च 2013 तक केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों में कुल 17.3 लाख लोग कार्यरत थे. मार्च 2022 में यह संख्या घटकर 14.6 लाख रह गई थी. इस सर्वे में शामिल कुल 389 पीएसयू में से अभी 248 उद्यम ही संचालन में हैं. यहां पर बता दें कि ये सभी सार्वजनिक उपक्रम केंद्र सरकार के मातहत आते हैं, और इनमें सरकार की 50% से उपर की हिस्सेदारी होती है. इससे भी चौंकाने वाला तथ्य यह है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान इन सार्वजनिक उपक्रमों में स्थायी रोजगार की तुलना में दिहाड़ी एवं ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. मार्च 2013 में, कुल श्रमशक्ति में ठेका कर्मचारियों की हिस्सेदारी 17% तक थी, जबकि आकस्मिक/दिहाड़ी पर काम करने वालों की हिस्सेदारी मात्र 2.5% तक सीमित थी. लेकिन 2022 आते-आते ठेका श्रमिकों की हिस्सेदारी बढ़कर 36% तक पहुंच चुकी थी, वहीं दिहाड़ी श्रमिकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है और कुल श्रम शक्ति में उनका अनुपात बढ़कर 6.6% हो चुका है. इसका अर्थ हुआ कि वर्ष 2013 में जहां सिर्फ 19% लोग ही ठेका या दिहाड़ी पर इन केंद्रीय उपक्रमों में कार्यरत थे, वह अनुपात मार्च 2022 तक बढ़कर 42.5% तक पहुंच चुका था.

मार्च 2013 तक देश के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों में 13,92,650 कर्मचारी स्थायी नौकरियों में थे, जिनकी संख्या मार्च 2022 में घटकर 8,38,040 हो चुकी थी. इसका अर्थ है पिछले 10 वर्ष के मोदी शासनकाल में कुल 5.54 लाख स्थायी नौकरियां सिर्फ केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों में हो चुकी हैं. यह सिलसिला रुका नहीं है, बल्कि इसमें बढ़ोतरी ही हुई है. मात्र 10 वर्षों के भीतर इन उपक्रमों में 40% स्थायी नौकरियों को खत्म किया जा चुका है. यही कारण है कि शिक्षित बेरोजारों की संख्या में बेहिसाब इजाफा होता जा रहा है. केंद्र सरकार न तो स्पष्ट रूप से बेरोजगार युवाओं को बता ही रही है कि उसने सार्वजनिक उपक्रमों में स्थायी रोजगार पर लगभग पूर्ण रोक लगा दी है, उन्हें 8-10 वर्षों तक की परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है. ऐसा भी नहीं है कि ये सभी सार्वजनिक उपक्रम घाटे में चल रहे हों और देश पर आर्थिक बोझ बने हुए हों. वर्ष 2022-23 में इन्हीं सार्वजनिक उपक्रमों में से 10 चोटी की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों का आंकड़ा पेश किया गया है, जिन्होंने कुल 2.41 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था. कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी के मद में भी सार्वजनिक क्षेत्र की हिस्सेदारी कहीं से भी कॉर्पोरेट से कम नहीं है. वर्ष 2022-23 के दौरान पीएसयू की ओर से 4,128 करोड़ रुपये सीएसआर के तौर पर आवंटित किये गये थे. इतना ही नहीं केंद्र सरकार के खजाने में भी इन उपक्रमों का योगदान कहीं से भी कम नहीं है. वर्ष 2022-23 में एक्साइज ड्यूटी, कस्टम ड्यूटी, जीएसटी, कॉर्पोरेट टैक्स और ब्याज के तौर पर पीएसयूज ने केंद्र सरकार के खजाने में 4.58 लाख करोड़ रुपये का योगदान किया था. पिछले एक दशक के दौरान जिस एक सार्वजनिक उपक्रम में सबसे अधिक नौकरियों का नुकसान देखने को मिला है, वह है बीएसएनएल, जिसमें करीब 1.80 लाख से अधिक संख्या में नौकरियां गई हैं. एक दशक पहले तक देश में दूरसंचार सेवाओं में अग्रणी बीएसएनएल को घाटे में कैसे लाया गया और आज तक जिसे 4जी मोबाइल सेवाओं को मुहैया कराने से वंचित रखा गया है, की कहानी स्पष्ट करती है कि कैसे निजी कॉर्पोरेट के हितों की सेवा के लिए खुद हमारे देश के नीति-नियंता सार्वजनिक उपक्रम का गला घोंट रहे हैं. पिछले वर्ष से भारत में एक बार फिर मोबाइल, इंटरनेट की दरें बढ़ने लगी हैं, क्योंकि अब इस बाजार में कोई प्रतिस्पर्धा रही ही नहीं. एयरटेल और जिओ का बाजार पर लगभग पूर्ण नियंत्रण हो चुका है, वोडाफोन और बीएसएनएल तेजी से मर रही हैं. अभी से आशंका जताई जा रही है कि 2024 आम चुनाव के फौरन बाद ही मोबाइल, इंटरनेट की दरों में बड़ा इजाफा होने जा रहा है. दो दिन पहले ही खबर आई थी कि पिछले कई वर्षों से 4जी सेवाओं को मुहैया कराने के इंतजार में बैठी बीएसएनएल को अब दिसंबर 2024 तक इंतजार करना होगा. बीएसएनएल के बाद स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया और एमटीएनएल का नंबर आता है, जिनमें से प्रत्येक में 30,000 से अभी अधिक नौकरियां कम हुई हैं. इसमें टॉप 10 नेट वर्थ में स्थान रखने वाली स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया से भी नौकरियों को कम क्यों किया गया, यह बात समझ से बाहर है. वर्ष 2022-23 में चौथे स्थान पर काबिज सेल 51,987 करोड़ रूपये का विनिर्माण कर रही थी.

यही नहीं ओएनजीसी तक में नौकरियां बढ़ने के बजाय कम हुई हैं, जिसका रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है. ओएनजीसी ने वर्ष 2022-23 में 2.44 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन किया था और खनन क्षेत्र में यह देश की अग्रणी कंपनी थी. सरकार के खजाने में भी इस सार्वजनिक उप्रकम ने रिकॉर्ड 32,061 करोड़ रुपये का योगदान दिया था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 90% अधिक था. इसी प्रकार लाभांश देने के मामले में भी यह अपने क्षेत्र में अग्रणी कंपनी थी और उसकी ओर से 17,612 करोड़ रूपये का लाभांश दिया गया था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 54% अधिक था.

बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## अपना अपना महत्त्व

एक समुराई जिसे उसके शौर्य ,निष्ठा और साहस के लिए जाना जाता था , एक जेन संन्यासी से सलाह लेने पहुंचा. जब संन्यासी ने ध्यान पूर्ण कर लिया तब समुराई ने उससे पूछा , " मैं इतना हीन क्यों महसूस करता हूं? मैंने कितनी ही लड़ाइयां जीती हैं, कितने ही असहाय लोगों की मदद की है. पर जब मैं और लोगों को देखता हूं तो लगता है कि मैं उनके सामने कुछ नहीं हूं, मेरे जीवन का कोई महत्त्व ही नहीं है." "रुको, जब मैं पहले से एकत्रित हुए लोगों के प्रश्नों का उत्तर दे लूंगा तब तुमसे बात करूंगा." , संन्यासी ने जवाब दिया. समुराई इंतज़ार करता रहा, शाम ढलने लगी और धीरे-धीरे सभी लोग वापस चले गए. "क्या अब आपके पास मेरे लिए समय है?" , समुराई ने संन्यासी से पूछा. संन्यासी ने इशारे से उसे अपने पीछे आने को कहा, चांद की रोशनी में सबकुछ बड़ा शांत और सौम्य था, सारा वातावरण बड़ा ही मोहक प्रतीत हो रहा था. "तुम चाँद को देख रहे हो, वो कितना खूबसूरत है ! वो सारी रात इसी तरह चमकता रहेगा, हमें शीतलता पहुंचाएगा, लेकिन कल सुबह फिर सूरज निकल जायेगा और सूरज की रोशनी तो कहीं अधिक तेज होती है, उसी की वजह से हम दिन में खूबसूरत पेड़ों, पहाड़ों और पूरी प्रकृति को साफ़ – साफ़ देख पाते हैं, मैं तो कहूँगा कि चांद की कोई ज़रुरत ही नहीं है....उसका अस्तित्व ही बेकार है !!"
"अरे ! ये आप क्या कह रहे हैं, ऐसा बिलकुल नहीं है "- समुराई बोला, " चांद और सूरज बिलकुल अलग - अलग हैं, दोनों की अपनी-अपनी उपयोगिता है, आप इस तरह दोनों की तुलना नहीं कर सकते ", समुराई बोला. ?तो इसका मतलब तुम्हें अपनी समस्या का हल पता है. हर इंसान दूसरे से अलग होता है, हर किसी की अपनी -अपनी खूबियां होती हैं, और वो अपने -अपने तरीके से इस दुनिया को लाभ पहुंचाता है. बस यही प्रमुख है. बाकी सब गौण है?, संन्यासी ने अपनी बात पूरी की. मित्रों! हमें भी स्वयं के अवदान को कम अंकित कर दूसरों से तुलना नहीं करनी चाहिए. प्रायः हम अपने गुणों को कम और दूसरों के गुणों को अधिक आंकते हैं, यदि औरों में भी विशेष गुणवत्ता है तो हमारे अन्दर भी कई गुण मौजूद हैं. इस बात को हमेशा स्मरण में रखना चाहिए कि इस संसार के लिए आपकी भी उपयोगिता है और वह किसी और से किसी मायने में कम नहीं है. अपना महत्व पहले स्वयं ही समझिए.

## स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार संभव है?

शिक्षा

बी सिवरामन

वर्ष 2023 में, स्कूल अथवा कॉलेज में नामांकित 14-18 वर्ष की उम्र के मात्र 78.1% बच्चे ही ऐसे थे, जो कक्षा 2 की पुस्तक को पढ़ सकने के काबिल पाए गये थे. इस आयु वर्ग के 21.9% छात्र ऐसे थे, जो कक्षा 2 का पाठ तक पढ़ने में असमर्थ थे. इतना ही नहीं, 2023 में स्कूल या कॉलेज में दाखिला लिए हुए 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के केवल 47.5% युवा ही कक्षा 2 से 4 की साधारण गणित का गुना-भाग समस्या को हल कर पाने में समर्थ पाए गये थे. इसका अर्थ यह हुआ कि स्कूलों या कॉलेजों में नामांकित 14-18 आयु वर्ग के 52.5% छात्र कक्षा 2 से 4 की गणित को हल कर पाने में सक्षम नहीं हैं. भारत में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर इन चौंकाने वाले निष्कर्षों का खुलासा एनुअल स्टेटस ऑफ़ एजुकेशन रिपोर्ट (ग्रामीण) 2023 (संक्षेप में ASER 2023) की रिपोर्ट से सामने आया है. असल में भारत में स्कूली शिक्षा की स्थिति के बारे में ऐसे चौंकाने वाले आंकड़े अब एएसईआर की रिपोर्टों में एक नियमित सालाना विशेषांक बनकर रह गए हैं. अगले दिन देश के समाचारों की सुर्खियां बनने के अलावा इन रिपोर्टों और निष्कर्षों को नीति निर्माताओं द्वारा हर बार करीब-करीब बिसरा दिया जाता है. देश में स्कूली शिक्षा के हालात को लेकर इसे एक दुखद टिप्पणी के तौर पर देखा जा सकता है, जो भारत की स्कूली शिक्षा में लगभग विकट संकट की स्थिति को बयां करती है. इसके अध्ययन से हमें समग्र रूप से भारत में शिक्षा के भविष्य पर इन कमियों के प्रभाव के बारे में एक समझ हासिल करने में मदद मिल सकती है. शिक्षा में सर्वप्रथम बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक (जोड़-घटाव) कौशल को देखना होगा. उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय स्तर पर यदि छात्र किताबें पढ़ने में असमर्थ रहते हैं तो आगे चलकर अगली कक्षाओं में भाषा की समझ की कमी उनके लिए सबसे बड़ा रोड़ा बनकर सामने आ जाती है. छात्र किसी भी विषय को नहीं समझ पाते हैं, क्योंकि असल में वे किसी भी भाषा को समझने की कूव्वत ही नहीं रखते हैं. चाहे वे किसी भी कक्षा में पहुंच चुके हों, उन्हें अशिक्षित मानकर चलना चाहिए. 14-18 आयु-समूह में हर पांचवें से ज्यादा छात्र किसी भी भाषा में पारंगत न हों और आधे से ज्यादा को सिंपल गुणा-भाग न आता हो तो यह आंकड़ा हैरत में डालने वाला है. इसका मतलब यह हुआ कि उभरते डिजिटल/एआई युग से तो यह बीस फीसदी आबादी बिना कुछ किये ही छूट जाने वाली है. राजीव गांधी की 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा था. इसके अलावा बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई अधिनियम) 2009 में लाया गया था, जिसका उद्देश्य माध्यमिक स्तर पर सभी के लिए शिक्षा (जिसमें 12-18 आयु-समूह वर्ग को कवर करना) था, जो कि संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य 4 के अनुरूप 2030 तक हासिल करने का था. इस लिहाज से देखें तो आज देश सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा के अपने लक्ष्य को हासिल करने के बेहद करीब आ चुका है. 14-18 आयु वर्ग के 86.8% युवाओं का स्कूलों में दाखिला दर्ज है, जबकि प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों के दाखिले की 90% को पार कर गई है. यह प्रगति बेहद उल्लेखनीय कही जा सकती है, लेकिन स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बेहद शोचनीय बनी हुई है. देश को अब एएसईआर के आंकड़ों को लेकर सनसनी से आगे बढ़ने की जरूरत है और स्कूली शिक्षा में अब शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को अपनी प्राथमिकता में लेना चाहिए. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मुख्य रूप से अच्छे शिक्षकों एवं शिक्षण की जरूरत है. इसके अलावा, इसमें यथोचित बुनियादी शैक्षिक ढांचे को खड़ा करने एवं शैक्षिक मदद कितना उपलब्ध कराया जाता है, पर भी काफी कुछ निर्भर करता है. उच्च गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा को तभी उपलब्ध कराया जा सकता है, यदि इसे डिजिटल शिक्षा जैसे नवीनतम रुझानों के अनुरूप रखा जाये. अगर इसे सिर्फ परीक्षा-केन्द्रित बनाकर सीमित रखा जाता है और छात्रों पर अच्छे अंक हासिल कर अच्छा प्रदर्शन करने का अतिशय दबाव डाला जाता है तो इसका दुष्परिणाम मानसिक टूटन, और यहां तक कि आत्महत्याओं में भी हो सकता है. इसके बजाय, यदि पाठ्यक्रम छात्रों को रट्टा मारने पर केंद्रित न किया जाये; अगर छात्रों का एक बड़ा हिस्सा स्कूल से इतर कोचिंग केंद्रों पर निर्भर न रहे; यदि स्कूल ड्रापआउट की दर पर अंकुश लगाया जाता है; यदि शिक्षा को आदिवासियों, मुसलमानों, दलितों, सड़कों पर रहने वाले बच्चों, झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों, विकलांग बच्चों सहित प्रवासी मजदूरों के बच्चों के लिए भी समावेशी एवं सुनिश्चित किया जाता है, यदि सभी स्तर पर लड़कियों और लड़कों के बीच में साम्यता रखी जाती है; और, सबसे बड़ी बात यदि शिक्षा को सबके लिए सुलभ और फीस को कम रखा जाता है तो बड़ा बदलाव संभव है.

> देश में स्कूली शिक्षा के हालात को लेकर इसे एक दुखद टिप्पणी के तौर पर देखा जा सकता है, जो भारत की स्कूली शिक्षा में लगभग विकट संकट की स्थिति को बयां करती है. इसके अध्ययन से हमें समग्र रूप से भारत में शिक्षा के भविष्य पर इन कमियों के प्रभाव के बारे में एक समझ हासिल करने में मदद मिल सकती है. शिक्षा में सर्वप्रथम बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक (जोड़-घटाव) कौशल को देखना होगा.

## सेना की पहली पसंद नवाज का पलायन

देशांतर

के.एस. तोमर

विश्व राजनीतिक पटल पर और विशेषकर पाकिस्तान के प्रबुद्ध वर्ग में यह बहस जोर पर है कि किन कारणों के चलते तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके वरिष्ठ नेता नवाज़ शरीफ ने इस बार स्वयं को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से अलग कर छोटे भाई शहबाज शरीफ का नाम आगे किया, जबकि सेना की वे पहली पसंद थे. माना जाता है कि सेना प्रमुख असीम मुनीर द्वारा सारा प्लान ही इस दृष्टि से गढ़ा गया था कि नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री बनाया जा सके. विदेशी नीति विशेषज्ञों का मत है कि यह योजना उसी प्रकार थी, जिस प्रकार पूर्व सेनाध्यक्ष कमर जावेद बाजवा ने इमरान खान को प्रधानमंत्री की गद्दी पर बिठाया था. हालांकि बाद में दोनों में मतभेद पैदा हो गए, क्योंकि दोनों ही वर्चस्व चाहते थे. ऐसा हो गया था, जैसे नौकर ने मालिक के अधिकार को चुनौती दे दी हो और अब भी इसी प्रकार की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं. नवाज शरीफ संभवतः इस स्थिति के लिए तैयार न थे, क्योंकि उन्हें 2018 का तल्ख अनुभव था, जब सेना द्वारा उन्हें पदच्युत किया गया था. विशेषज्ञों का मानना है कि नवाज शरीफ ने अपने पत्ते कुशलता से खेलते हुए ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि सेना के पास शहबाज को प्रधानमंत्री बनाने के सिवा कोई चारा ही नहीं है. इससे जहां स्वयं को बाहर रखा, वहीं यह भी सुनिश्चित कर दिया कि सत्ता की चाबी उनके ही परिवार के पास रहे. इस कड़ी का दूसरा महत्वपूर्ण परिणाम है, पाकिस्तान के सबसे महत्वपूर्ण सूबे पंजाब के मुख्यमंत्री का ताज मरियम शरीफ के सिर सजेगा. दरअसल सेना ने चक्रव्यूह ऐसा रचा है कि हर हाल में इमरान खान को इस दौड़ से बाहर रखा जाए और पूर्व प्रधानमंत्री करीब 150 मुकदमों का सामना कर रहे हैं. न्यायालयों द्वारा तीन मामलों में उन्हें दोषी करार देते हुए लगभग 24 वर्ष की सजा भी सुना दी गयी है. इमरान खान ने सेना के विरुद्ध आवाज उठाई थी, उसी कारण नवाज शरीफ को इंग्लैंड से वापस लाया गया. बता दें कि उच्चतम न्यायालय द्वारा पनामा पेपर्स में हुए भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद उन्हें 10 साल की सजा हुई थी और जुर्माना लगाया था. नवाज को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया था और वे इंग्लैंड चले गए थे.जब नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री बने तो 25 जून 2023 को संसद ने कानून पास कर दिया, जिसके अन्तर्गत आजीवन प्रतिबंध को घटाकर 5 वर्ष कर दिया. इसका मकसद अपने बड़े भाई नवाज शरीफ के पाकिस्तान लौटने और राजनीति में भाग लेने का मार्ग प्रशस्त करना था. इन चुनावों में यह आरोप भी लगा कि भारी धांधली की गई ताकि नवाज शरीफ की पार्टी की जीत सुनिश्चित की जा सके, लेकिन यह योजना असफल हो गई, क्योंकि अधिकांश निर्दलीय विजयी सांसदों ने इमरान खान का समर्थन किया. जेल में होने के बावजूद इमरान खान की पार्टी को सर्वाधिक सीटों पर जीत मिली. नवाज शरीफ के दल को बहुमत नहीं मिला, जिस कारण योजना सिरे नहीं चढ़ पायी और नतीजा यह कि नवाज़ शरीफ ने स्वयं को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से अलग कर लिया, लेकिन नवाज शरीफ ने शहबाज़ को आगे किया जिन्हें अनुभव भी है और संभवतः उन्हें सहयोगियों के साथ परेशानी नहीं होगी. जाहिर है, नवाज शरीफ और सेना प्रमुख में समझौता है, जिसके कारण सरकार चलाना और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरल होगा. शहबाज शरीफ की नयी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से उसके द्वारा जारी किये ऋण की सख्त शर्तों को लागू करना होगा, जिसके अन्तर्गत सरकार को कर्ज में डूबी अर्थव्यवस्था को स्थिर करना होगा. वहीं इस समय देश में कीमतें आसमान छू रही हैं. उधर हाल की बाढ़ ने देश को अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया था और हजारों लोग मारे गए थे. अब यह नयी सरकार की जिम्मेदारी है कि जहां पुनर्वास का काम सुचारू चलाया जाए . हाल के चुनावों में धांधली के आरोपों को लेकर जहां अमेरिका और यूरोपीय देशों ने आवाज उठाते हुए जांच की मांग की है, वहीं चीन इस मामले पर चुप है. यद्यपि चीन ने कई मौकों पर पाकिस्तान को वित्तीय संकट से उबारा, लेकिन अब हालात काबू से बाहर प्रतीत होते हैं. चीन की नीति के कारण पाकिस्तान कर्ज के दलदल में फंस गया है और इस समय पाकिस्तान में चीन का निवेश 65 अरब डॉलर से अधिक जा पहुंचा है.

> दरअसल सेना ने चक्रव्यूह ऐसा रचा है कि हर हाल में इमरान खान को इस दौड़ से बाहर रखा जाए और पूर्व प्रधानमंत्री करीब 150 मुकदमों का सामना कर रहे हैं. न्यायालयों द्वारा तीन मामलों में उन्हें दोषी करार देते हुए लगभग 24 वर्ष की सजा भी सुना दी गयी है. इमरान खान ने सेना के विरुद्ध आवाज उठाई थी, उसी कारण नवाज शरीफ को इंग्लैंड से वापस लाया गया.

### मीडिया में अन्यत्र

## वनों को बचाने की सर्वोच्च पहल

**सुप्रीम कोर्ट** ने भारत के वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 में संशोधन करने के केंद्र के महत्वाकांक्षी प्रयास को फिलहाल रोक दिया है. यह अधिनियम 'गैर-वानिकी उपयोग' के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई रोकने के लिए लाया गया था. केंद्र के मुताबिक, 1951 से 1975 तक अनुमानतः 40 लाख हेक्टेयर वन भूमि दूसरे कामों के लिए दी गयी. इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत, केंद्र द्वारा तय नियामक प्रक्रिया का पालन किये बिना अब वनों को दूसरों कार्यों के लिए नहीं दिया जा सकता था. इसकी सफलता की माप-जोख के बतौर, केंद्र का आकलन है कि 1981 से 2022 तक, वनों को दूसरे कामों के लिए दिये जाने का औसत वार्षिक आंकड़ा घटकर 22,000 हेक्टेयर रह गया, जो 1951-1975 तक के इसी आंकड़े का लगभग दसवां हिस्सा था. हालांकि, इस कानून के प्रावधान अधिकांशतः उन वन क्षेत्रों के लिए लागू होते थे, जिन्हें भारतीय वन अधिनियम, या कोई अन्य राज्य कानून वन क्षेत्र की मान्यता देता था. तमिलनाडु के गुडालुर में इमारती लकड़ी की अवैध कटाई के चलते ऐतिहासिक टी.एन. गोदावर्मन तिरुमुलपाद फैसला आया, जिसमें शीर्ष अदालत को संरक्षण योग्य वन क्षेत्रों के बारे में एक व्यापक नजरिया अपनाते देखा गया. उसने यह भी कहा कि वनों को बचाना होगा चाहे उनका वर्गीकरण किसी भी रूप में हो या उनका स्वामित्व किसी के भी पास हो. जो सरकारी या राजस्व अभिलेखों में आधिकारिक रूप से वनों के रूप में वर्गीकृत नहीं थे, उनके लिए वह 'मानित वनों' (डीम्ड फॉरेस्ट्स) या क्षेत्रों का सिद्धांत लेकर आया. राज्यों को ऐसे 'मानित वनों' की पहचान करने के लिए विशेषज्ञ समितियां बनाने को कहा गया था. इस फैसले के बाद बीते 28 सालों में, केवल मुट्ठी भर राज्यों ने ऐसी समितियां गठित की हैं या अपने प्रदेशों के भीतर ऐसे 'मानित वनों' के विस्तार को सार्वजनिक किया है. वन (संरक्षण) अधिनियम में संशोधन का केंद्र का प्रयास कथित तौर पर 'स्पष्टता' लाने के लिए था, क्योंकि दर्ज वन भूमि के ऐसे बड़े-बड़े टुकड़े थे, जिन्हें राज्य सरकारों की इजाजत से पहले ही गैर-वानिकी उपयोगों में लाया जा चुका था. केंद्र का कहना है, ऐसा लगता है कि महत्वपूर्ण पारिस्थितिक (इकोलॉजिकल) लाभों के बावजूद, नागरिकों में निजी बागान और फलोद्यान लगाने को लेकर एक हिचक है, क्योंकि यह डर है कि उन्हें 'वन' के रूप में वर्गीकृत कर दिया जायेगा (और इस तरह उनका स्वामित्व शून्य हो जायेगा). **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## आज्ञा/आदेश

**आपने** कालजयी लोकप्रिय गायक किशोर कुमार की आवाज में यह गाना तो निश्चित रूप से सुना होगा-प्रिय प्राणेश्वरी, हृदयेश्वरी, यदि आप हमें आदेश करें तो प्रेम का हम श्रीगणेश करें. इस गाने में आदेश शब्द का प्रयोग मजाक के तौर पर किया गया है, लेकिन वास्तव में आदेश शब्द गंभीर अर्थ रखता है. दूसरा वाक्य है यदि आपकी आज्ञा हो तो मैं बाजार चला जाऊं. इस वाक्य में आज्ञा शब्द का अर्थ आदेश से मिलता-जुलता है. ये दोनों शब्द तत्सम हैं. आदेश संज्ञा पुल्लिंग तथा आज्ञा संज्ञा स्त्रीलिंग. हिंदी शब्दकोशों में इन दोनों के अर्थ बिल्कुल एक जैसे हैं. उदाहरण के लिए हिंदी शब्द सागर के अनुसार आदेश का अर्थ है आज्ञा, उपदेश, विवरण, प्रणाम, नमस्कार, ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों का फल जिसे फलादेश कहा जाता है, व्याकरण में एक अक्षर के स्थान पर दूसरे अक्षर का आना, अक्षर परिवर्तन. इसी प्रकार आज्ञा का अर्थ है. बड़ों का छोटों को किसी काम के लिए कहना, आदेश, हुक्म, छोटों को उनकी प्रार्थना के अनुसार बड़े का उन्हें कोई काम करने के लिए कहना, स्वीकृति, अनुमति. आपने देखा कि आज्ञा के अर्थ में आदेश आया है और आदेश के अर्थ में आज्ञा. इससे लगता है कि दोनों एक दूसरे के पर्यायवाची शब्द हैं, लेकिन ऐसी बात नहीं है. दोनों के बीच सूक्ष्म अंतर है. आज्ञा की अनदेखी की जा सकती है, लेकिन आदेश की अनदेखी महंगी पड़ सकती है. आज्ञा-पालन में विवशता नहीं होती. यह श्रद्धा और कर्तव्य की परिधि में आता है. वहीं किसी भी आदेश के पीछे आदेश देने वाले का पद, रुतबा या अधिकार होता है और होता है उसमें निहित भय जो आपको आदेश का अनुपालन करने के लिए विवश करता है. अगर आप आदेश नहीं मानते हैं तो आप दंड के भागी हो सकते हैं. आज्ञा पालन में मानसिक संतोष हो सकता है, उसमें आपकी विनम्रता भी झलकती है, परंतु आदेश पालन में भी यह सब होता हो, आवश्यक नहीं.

## शुक्रिया मेरे आका, हुक्म कीजिए!

तीर-तुक्का

शशिकांत सिंह शशि

हमारे हाथ एक दिन वही पुराना चिराग लग गया जिससे जिन्न निकला करता था. हमने उसे घिसा तो तुरंत जिन्न बाहर निकला- "क्या हुक्म है आका." " बैठ तुझसे बात करनी है. कोई बात करने वाला नहीं मिल रहा." "शुक्रिया आका. हुक्म कीजिये." " अबे, तू इतना बड़ा है. इतना ताकतवर है फिर सबको आका-आका क्यों कहता चलता है. जिसने जो कहा मान लिया. अपनी अक्ल क्यों नहीं लगाता? आका पालने का शौक तो आदिमयों में है तू तो जिन्न है अक्ल लगा लिया कर." जिन्न हंसा. बोला-" आका, अपनी अक्ल लगाने से सौ लफड़े पैदा होते हैं. आदमी किसी को अपना आका मान ले और मजे में उसके पीछे-पीछे चलता रहे. न हींग लगे न फिटकरी. किसी को आका बनाने से लाभ यह होता है कि उसकी गलतियां नज़र नहीं आतीं. उसको आसानी से आप क्लीन चिट देंगे तो वह भी आपको क्लीन चिट देगा. शांति और सौहार्द्र बढ़ता है. अपनी अक्ल लगाने से राजनीति से लेकर बाजार तक में केवल कमियां दिखती हैं. आदमी दुःखी रहता है. अंत में जेल जाकर परम पद को प्राप्त करता है." हमारी बांछें खिल गईं. इतना ज्ञानी जिन्न इतनी आसानी से मिल गया. हमने उसे और उकसाया-"अच्छा, तेरे जिन्न लोक में भी एक आका होता है और बाकी उसकी जी जी करते हैं." " नहीं आका, यह नुस्खा तो मेरे पहले मालिक ने बताया था. वह इन्सान था. उसने जब मुझे चिराग से आजाद किया तो मैं मुंह लटका कर खड़ा हो गया तब उसने समझाया कि आदमियों में एक आका होता है और बाकी उसकी जी जी करते हैं. वही किया कर खुश रहेगा. तबसे वही करता आ रहा हूं." "अच्छा, आका बदलने पर तुझे परेशानी नहीं होती. मान ले एक भीमकाय मजबूत आदमी है तेरे सामने और तू उसे आका-आका कह रहा है. उसके बाद एक सींक सा आदमी आ गया. तू उसे भी आका-आका कह रहा होता है." " आप भी न आका. मज़ाक करते हो. अरे आदमी को तो मैं आका कहता ही नहीं हूं. वह तो उसके हाथ लगे चिराग को कहना पड़ता है. जिसके हाथ चिराग लगा वही आका. आपलोगों में भी तो यही चलता है न. एक नेता जब पार्टी बदलता है तो वह उसी को आका-आका कहने लगता है, जिसे कल तक वह गालियां दे रहा था. उसकी सौ बुराइयां गिना रहा था आज वह उसके तलवे चाटने को अपना सौभाग्य मानता है. एक दिन पहले वह अपने कंधे पर हाथ छाप तिरंगा लेकर घूम रहा था, आज वह कमल छाप झंडा लेकर घूम रहा है. उसे तो कोई दिक्कत नहीं होती क्योंकि वह चुनाव जीतने के चक्कर में होता है."



मुद्दा



## 600 घाटों से रोजाना 5000 हजार ट्रैक्टर से होती है ढुलाई

# धनबाद-गिरिडीह-बोकारो से 900 करोड़ की बालू तस्करी

इन दिनों झारखंड में बालू की कालाबाजारी जोरों पर है. बालू की कीमत इस कदर चढ़े हुए हैं कि निर्माण कार्य ठप होता जा रहा है. बालू की कीमत को लेकर आम लोगों ने कंस्ट्रक्शन का काम एक तरह से बंद ही कर दिया है. दूसरी ओर सरकारी योजनाएं भी बालू के कारण प्रभावित हो रहीं हैं. गौर करने वाली बात यह है कि कंस्ट्रक्शन का काम रुक जाने से इससे जुड़े बहुत सारे लोग बेरोजगार हो गए हैं. उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या पैदा हो गई है. रेजा, कुली और राजमिस्त्री को रोजाना काम मिलना बंद हो गया है. लोग काम के सिलसिले में दूसरों राज्यों की ओर पलायन को मजबूर हो रहे हैं. लोगों का कहना है कि सरकारी स्तर पर इस दिशा में पहल होनी चाहिए. अभी बहुत से बालू घाटों का बंदोबस्त नहीं हो पाया है. यानी घाटों से बालू उठाना मना है. जिसकी वजह से चोरी छिपे नदी घाटों से बालू उठाकर अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है. यह स्थिति अगर ज्यादा दिन बरकरार रही तो बेरोजगारों की संख्या काफी तेजी से बढ़ जाएगी. शुभम संदेश की टीम ने बालू की बढ़ी कीमत पर लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट.



## सफेदपोशों की भी अवैध बालू की कमाई से भर रहीं हैं जेबें

राजा गुप्ता। धनबाद

धनबाद-गिरिडीह-बोकारो से हर साल 900 करोड़ की बालू की तस्करी हो रही है. सूत्रों क अनुसार तीन जिलों में लगभग 600 घाटों से रोजाना 5000 हजार ट्रैक्टर से बालू की ढुलाई होती है. खुले बाजार और मुहल्ले में एक ट्रैक्टर बालू की कीमत 5000 से 6000 रुपये है. कई जिलों के अधिकतर जगहों पर घाटों की नीलामी नहीं होने से हर महीने बालू की कीमत बढ़ रही है. झारखंड के सभी जिलों में घाटों की नीलामी हो जाती तो बालू की कीमत इतनी नहीं होती है.

अभी एक ट्रक बालू की कीमत 20 हजार और एक डंपर बालू की कीमत 40 हजार के आसपास है. अवैध बालू की कमाई से बालू माफिया संबंधित विभाग के अधिकारियों से लेकर सफेदपोशों तक मोटी रकम पहुंचा रहे हैं. एक दिन में तीन जिले से हो रही बालू तस्करी से माफिया ढाई करोड़ की अवैध कमाई कर रहे हैं. महीने में 75 करोड़ और साल में 900 करोड़ की कमाई कर रहे हैं. जानकारों का कहना है कि धनबाद जिला के दामोदर, बराकर, बराकर पुल व टुंडी समेत विभिन्न नदियों के दर्जनों घाटों से बालू की तस्करी हो रही है. इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस से लेकर खनन विभाग के पदाधिकारियों को भी है. फिर भी जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं करते हैं.

### माफिया तीन शिफ्ट में मजदूरों से 24 घंटे बालू की कराते हैं ढुलाई

जानकारों का कहना है कि धनबाद हो या गिरिडीह व बोकारो जिला के बालू माफिया. सभी तीन शिफ्ट में लगभग 600 घाटों पर सैकड़ों मजदूरों से 24 घंटे बालू की ढुलाई कराते हैं. घाटों से लदे बालू मुख्य सड़क से होकर शहरों तक जाते हैं, लेकिन न तो पुलिस पकड़ती है और न ही खनन विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई करते हैं. कभी कभार खानापूर्ति के लिए खनन व पुलिस विभाग की टीम छापामारी करती है और ट्रैक्टर के साथ बालू जब्त कर लेती है, लेकिन माफिया के बजाय सिर्फ चालक पर एफआईआर करती है. पूर्व में तोपचांची, निरसा, धनबाद, सरायढेला, गोविंदपुर, राजगंज, बरवाअड्डा, महुदा, सुदामडीह आदि थाना की पुलिस ने छापामारी कर कार्रवाई की थी. लोगों का कहना है कि पहले से बने बालू घाटों के अलावा कई अवैध घाट है, जिसे बालू माफिया ने मजदूरों के माध्यम से बनवाया है, ताकि आसानी से बालू की तस्करी हो सके.

### किस जिले के किन घाटों से होती है बालू की तस्करी

**धनबाद** – टुंडी प्रखंड क्षेत्र के बजरा, पालोबेड़ा, पोलकेरा, मोराडीह, बाघमारा अंचल के दामोदर नदी के लोहपट्टी डोंगा घाट, तेलमच्चो घाट, पंचेत के नेपुरा खैरकियारी, चिरकुंडा के नूतनग्राम में बराकर नदी घाट, सुंदरनगर स्थित कापासारा व डुमरकुंडा घाट.

**गिरिडीह** – गावां प्रखंड के सकरी नदी, बेन्द्रो नदी, पछियारीडीह, सोतराबाद, कुम्हरगड़िया, लताकी, अंबाटांड़, कुरहोबिदो घाट

**बोकारो** – जाला इजरी नदी, चितामी इजरी नदी, सीमाबाद, पिंड्राजोरा गवाई नदी चितामी व भंडारडीह बालू घाट.

## दोगुने से भी ज्यादा दाम पर अवैध रूप से बिक रहा बालू

अमित सिन्हा। धनबाद

सिया कमेटी भंग होने से अधर में लटका जिले के 9 सहित राज्य के सैकड़ों बालू घाटों का टेंडर. सिया ( स्टेट लेवल एनवायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट ऑथोरिटी ) कमिटी के भंग होने की वजह से एनवायरनमेंट क्लेरेंस नहीं दी जा रही है. जिस कारण टेंडर होने के बावजूद पिछले चार महीनों से अधर में लटका हुआ है. जिले के 9 बड़े बालू घाटों की निविदा पिछले वर्ष अक्टूबर में ही निकाली गई थी. जिसके बाद अब तक इन घाटों से बालू उठाव की सहमति नहीं मिल पाई है. सिया कमिटी भंग होने के धनबाद सहित अन्य जिलों के बालू घाटों को भी एनवायरनमेंट क्लेरेंस नहीं मिल पाई है. जिससे झारखंड के कई जिलों के सौ से अधिक घाटों से बालू का उठाव बाधित है. जिससे राज्य सरकार को करोड़ों के राजस्व की क्षति हो रही है. जिले में दो बार टेंडर रद्द होने के बाद तीसरी बार इसे फाइनल किया गया है. जेएसएमडीसी (झारखंड स्टेट मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) की ओर से तैयार मॉडल टेंडर डॉक्यूमेंट के अनुरूप बालू घाटों की नीलामी की गई है. मालूम हो कि 16 छोटे घाटों को पहले ही मंजूरी दी गई है . इसके बाद बड़े घाटों की नीलामी होनी थी.

### सिया कमेटी भंग होने से सैकड़ों घाटों का टेंडर लटका

### जरूरी काम है तो बालू खरीदने की है मजबूरी



जेएसएमडीसी के अनुसार घाटों पर बालू की दर 750 रुपये प्रति 100 सीएफटी बिकनी चाहिए. जिले के 9 बड़े घाटों की नीलामी नहीं होने के कारण बालू की अवैध बिक्री जोरों पर है. अवैध रूप से बिक रहे बालू को दुगने से ज्यादा दाम पर खरीदने को लोग मजबूर हैं. अवैध रूप से बिक रहे बालू का इस्तेमाल ही सरकारी कार्यो के साथ निजी कार्यो में भी किया जा रहा है. जिससे उपभोक्ताओं को दुगनी मार झेलनी पड़ रही है. इन 9 बड़े बालू घाटों का टेंडर फाइनल हो गया होता तो लोगों को सस्ते दर पर बालू उपलब्ध हो जाता.धनबाद के 9 बड़े बालू घाटों की नीलामी से जिले को बालू संकट से निजात मिलेगी . वर्षों से धनबाद के लोग ऊंची कीमत पर बालू खरीद रहे हैं.

**16** छोटे घाटों को पहले ही मंजूरी, बड़े घाटों की नीलामी होनी है

घाटों की नीलामी से अब बालू की कीमत कम होगी. मालूम हो कि बालू संकट के कारण निर्माण लागत बढ़ गई है . रियल एस्टेट व सरकारी योजनाएं तक प्रभावित हैं . आम आदमी तो सबसे ज्यादा प्रभावित है. जिन बालू घाटों की नीलामी दुबारा होगी, उनमें जहाजटांड़ व भौंरा झरिया, सिंगरा व नगदा बाघमारा, जाजलपुर, हरिहरपुर तोपचांची, तेलमचो बाघमारा, लोहपट्टी बाघमारा व एग्यारकुंड प्रखंड स्थित डुमरकुंडा बालू घाट हैं .

## बालू का संकट

- एक ट्रैक्टर बालू की कीमत 5000 से 6000 रुपये
- धनबाद समेत कई जिलों में हर महीने बढ़ रही कीमत
- बालू माफिया- सफेदपोशों के बीच सांठगाठ से चल रहा धंधा
- एक दिन में होती है ढाई करोड़ की अवैध कमाई

## चक्रधरपुर

### बालू नहीं मिलने के कारण नहीं मिल रहा काम : बिरु नायक



चक्रधरपुर निवासी राज मिस्त्री बिरु नायक ने कहा कि बालू नहीं मिलने के कारण काम मिलने में भी परेशानी हो रही है . काम मिलने की वजह से आर्थिक परेशानियां उत्पन्न होने लगी है . बालू महंगे दाम पर बिकने के कारण कई लोग अपना घर-मकान नहीं बना पा रहे हैं . कई जगहों पर पिछले एक साल से काम अधूरा रुका हुआ है .सरकार को मजदूरों की समस्या परभी ध्यान देने की आवश्यकता है .मजदूर भी बालू का दाम कम होने का इंतजार कर रहे हैं .

### प्रधानमंत्री आवास योजना का काम भी अधूरा लटका: अरविंद



चक्रधरपुर निवासी रविन्द्र ठाकुर ने कहा कि बालू नहीं मिलने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का काम भी अधूरा लटक लग गया है . हमारे गांव में कई ऐसे लोग है जो बालू नहीं मिलने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना घर नहीं बना पा रहे हैं . सरकार से निर्धारित राशि ही आवास योजना के लिए दिये जाते हैं,ऐसे में अगर बालू के दाम में गिरावट नहीं आएगी तो घर कैसे बन पाएगा .बालू को लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है .

### माफिया का बालू पर कब्जा कार्य हो रहे प्रभावित: रविन्द्र



चक्रधरपुर निवासी रविन्द्र गुप्ता ने कहा कि बालू पर माफियाओं का कब्जा हो गया है .बालू माफियाओं द्वारा बालू की आए दिन कालाबाजारी की जा रही है .स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे बालू महंगे दाम पर बेचे जा रहे हैं .बालू नहीं मिलने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, इसे लेकर सरकार को किसी बात की चिंता नहीं है, बालू की मनमानी कीमत से लोग परेशान है .गिट्टी के दाम में बालू बेचा जा रहा है .

## चांडिल

### लोन लेकर घर बनाने वालों को ज्यादा परेशानी : मधु श्री महतो



चांडिल अनुमंडल अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के सिरूम निवासी सरायकेला खरसावां के जिला परिषद उपाध्यक्ष मधु श्री महतो ने कहा कि बालू की तस्करी और कालाबाजारी होने से बालू की कीमत में आग लगी है . कारोबारी मनमाना दाम पर बालू की बिक्री कर रहे हैं . लोगों के बड़े -छोटे तमाम निर्माण कार्य ठप पड़ गए हैं . बालू की तस्करी और कालाबाजारी होने से आम लोग अपना घर बनाने को लेकर परेशान हैं . सबसे अधिक उन लोगों को परेशानी हो रही है जिन्होंने लोन लिया है, पर बालू न मिलने के कारण निर्माण नहीं करा पा रहे हैं .उन्होंने बताया कि चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के तिरुलडीह, ईचागढ़ और नीमडीह थाना क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार चरम पर हो रहा है . रात के अंधेरे में सैकड़ों अवैध बालू लदे हाइवा जमशेदपुर व पश्चिम बंगाल भेजे जा रहे हैं . सामूहिक तबादला होने के बाद सभी थाने प्रभार पर चल रहे हैं . थाना प्रभारियों का पदस्थापन नहीं होने से इसका फायदा बालू माफिया उठा रहे हैं .

## गोड्डा

### बालू घाट बंद रहने होने से भुखमरी की स्थिति है: देवलाल सोरेन



दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूर देवलाल सोरेन बताते हैं कि बालू घाट जब चालू थे तो काम कर 200 से 300 रुपया प्रतिदिन दिहाड़ी कमा लेते थे . जिससे परिवार चल जाता था, मगर घाट की बंदोबस्ती नहीं होने के कारण अब यह काम भी छिन गया है . नतीजतन भुखमरी का शिकार होना पड़ रहा है .इस समय दूसरा काम भी नहीं मिल रहा है .

### घाट पर नाश्ते की दुकान बंद होने से काम नहीं है: श्याम लाल ब्रह्म



नदी घाट पर ही छोटी सी दुकान चलाने वाले मजदूर श्याम लाल ब्रह्म बताते हैं कि बालू घाट की बंदोबस्ती खत्म हो जाने के कारण नदी घाट के किनारे लोगो का आना जाना कम हो गया . पहले इसी घाट पर नाश्ता की छोटी-मोटी दुकान चलाकर रोजी-रोटी चलती थी . वह रोजी रोटी भी अब समाप्त हो गई है . मजदूर आते थे और उन्हें सत्तू पिलाने का काम करते थे .

**रांची टेस्ट : टीम इंडिया और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट आज से**

# शृंखला और रांची का दिल जीतने उतरेगी भारतीय टीम

भाषा । रांची

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद भारत शुक्रवार से रांची में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच में भी इंग्लैंड की बैजबॉल (आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करना) शैली को धत्ता बताकर पांच मैच की शृंखला जीतकर रांची का दिल जीतना चाहेगा. भारत अभी शृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी निगाह घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं शृंखला जीतने पर लगी हैं. 2012 में एलिस्टर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अपनी धरती पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही है. उसके बाद उसने जो 47 टेस्ट मैच के लिए उनमें से 38 में जीत दर्ज की है. इस बीच उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ही हार का सामना करना पड़ा. विराट कोहली, केएल राहुल और खराब फार्म में चल रहे श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की तरफ से युवा बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है.

फिर चाहे वह यशस्वी जायसवाल हो या सरफराज खान. जायसवाल ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है. उन्होंने पहले तीन मैच में 545 रन बनाए हैं, जिसमें दो दोहरे शतक भी शामिल हैं. सरफराज ने नागपुर में अपने पहले टेस्ट मैच में ही दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए. शुभमन गिल ने भी तीसरे नंबर पर अपने पांव जमा लिए हैं. शृंखला में अभी तक सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाले बुमराह को विश्राम दिया गया है. धर्मशाला में पांचवें टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है और तब बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे लेकिन अभी टीम में मोहम्मद सिराज सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज है.



- मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9 .30 बजे शुरू होगा
- पांच मैचों की शृंखला में 2-1 से आगे है भारतीय टीम

### आकाशदीप, मुकेश में से एक को मिल सकता है मौका

बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज के साथ बंगाल के मुकेश कुमार और आकाशदीप में से किसी एक को चुना जा सकता है. मुकेश कुमार अधिक अनुभवी हैं और उन्होंने हाल में रणजी ट्रॉफी मैच में 10 विकेट के लिए थे. वह दूसरे टेस्ट मैच में खेले थे, जिसमें उन्होंने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 12 ओवर करके एक विकेट लिया था. यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन मुकेश पर विश्वास बनाए रखना है या आकाशदीप को पदार्पण का मौका देता है.

### रांची की पिच पर स्पिनरों को मिलेगी मदद

अगर आंकड़ों पर गौर करें तो रांची की पिच की स्पिनरों के लिए काफी मददगार सबित हुई है और इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का भी यहीं मानना है. पोप में रांची में प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि यहां कि पिच पर स्पिनरों को काफी मदद मिलेगी. इंग्लैंड ने टॉम हार्टली के साथ ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को अंतिम एकादश में शामिल किया है. वह लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह लेंगे. तीसरे स्पिनर की भूमिका जो रूट निभाएंगे. रूट बल्लेबाजी में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं. उन्होंने अभी तक केवल 77 रन बनाए हैं जबकि इससे अधिक ओवर (107) किए हैं. पूरी संभावना है कि भारत दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनरों के साथ उतरेगा. ऐसे में अक्षर पटेल की वापसी की संभावना नहीं है. यह तय है कि भारतीय टीम रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव के साथ ही मैदान पर उतरेगी. इस मैदान पर आखिरी टेस्ट मैच 2019 में खेला गया था और तब मोहम्मद शमी और उमेश यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 विकेट लिए थे जबकि भारतीय स्पिनरों को 8 विकेट मिले थे.



फोटो : रमीज

### टीम इस प्रकार हैं

- **भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप.
- **इंग्लैंड एकादश:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, बेन फॉक्स, टॉम हार्टली, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन.

### मैंने इस तरह की पिच कभी नहीं देखी: स्टोक्स



*बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए तैयार की गई पिच को लेकर कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी. स्टोक्स ने कहा कि यह देखने में दिलचस्प लग रही है. मैं इस तरह की पिच के बारे में नहीं जानता इसलिए अधिक कुछ नहीं कह सकता हूं. मैं नहीं जानता कि यह किस तरह का व्यवहार करेगी. उन्होंने कहा कि ड्रेसिंग रूम से देखने पर इसमें घास नजर आती है, लेकिन जब आप पास जाते हो तो यह पूरी तरह से भिन्न दिखती है.*

### पिच पर दरार, स्पिनरों को मिलेगी मदद: राठौड़



*भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने गुरुवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के लिए तैयार किए गए विकेट में पर्याप्त दरार हैं और इससे स्पिनरों को मदद मिलेगी. राठौड़ ने कहा कि जब भी हम भारत में खेलते हैं तो पिच पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है. यह आम भारतीय विकेट जैसा है जिसमें दरार है. उन्होंने कहा कि यह टर्न लेगा लेकिन कितना और कब टर्न मिलेगा इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है.*

**डब्ल्यूपीएल : युवा भारतीय खिलाड़ियों पर होंगी निगाहें**

# मुंबई व दिल्ली बीच उद्घाटन मुकाबला आज


**खास बातें**

- मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 .30 बजे शुरू होगा
- टूर्नामेंट में विदेशों की कई स्टार खिलाड़ी लेंगी हिस्सा

भाषा । बेंगलुरु

मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस और पिछली बार के उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले मैच से दूसरे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगाज होगा, जिसमें भारत की युवा खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी. पिछले साल डब्ल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई में खेला गया था लेकिन इस बार इसका आयोजन बेंगलुरु और नयी दिल्ली में किया जाएगा. दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं लेकिन डब्ल्यूपीएल में टीम का काफी दारोमदार इस अनुभवी बल्लेबाज पर टिका रहेगा. उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए थे जबकि मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 16 विकेट लिए थे. टूर्नामेंट में विदेशों की कई स्टार खिलाड़ी भाग लेगी, जिनके बीच भारत की युवा खिलाड़ी अपनी चमक बिखरने की कोशिश करेंगी. पिछले साल भारतीय खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई थी. जिन युवा भारतीय खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी उनमें श्रेयंका पाटिल भी शामिल हैं जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की तरफ से खेलेगी. पाटिल ने पिछले 10 महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया है.

इस बीच उन्हें भारत की तरफ से टेस्ट और वनडे क्रिकेट में प्रदार्पण करने का मौका भी मिला. इसी तरह की कहानी दिल्ली कैपिटल्स की टिटास साधु की है जिन्हें पिछली बार एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन इस बार उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने एशियाई खेलों में भारत की तरफ से पदार्पण किया. उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए जिससे भारत 117 रन के अपने स्कोर का बचाव करने में सफल रहा था. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में खेले गए टी20 मैच में साधु ने चार विकेट लेकर अपनी काबिलियत साबित की थी. दिल्ली की टीम में एक अन्य युवा खिलाड़ी मिन्नू मणि है जो डब्ल्यूपीएल में खुद को साबित करने के लिए बेताब होगी.



### टीमें

- **मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेली मैथ्यूज, हुमैरा काजी, इस्सी वोंग, जिन्तिमनी कलिता, नट साइवर-ब्रंट, पूजा वस्त्राकर, प्रियंका बाला, सैका इशाक, यास्तिका भाटिया, शबनिम इस्माइल, एस सजना, अमनदीप कौर, फातिमा जाफर, कीर्तन बालाकृष्णन
- **दिल्ली कैपिटल्स:** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, लौरा हैरिस, शैफाली वर्मा, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, अश्विनी कुमारी, जेस जोनासेन, मारिज़ैन कैप, स्नेहा दीप्ति, मिन्नू मणि, राधा यादव, शिखा पांडे, अपर्णा मंडल , तानिया भाटिया, पूनम यादव, टिटास साधु.

### आईपीएल से बाहर हुए मोहम्मद शमी

**नयी दिल्ली ।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बाएं टखने में चोट के कारण अगले महीने शुरू होने वाले आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें ब्रिटेन में इसका ऑपरेशन करवाना होगा. यह 33 वर्षीय तेज गेंदबाज चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट शृंखला में नहीं खेल पा रहा है. उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था. बीसीसीआई के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि शमी टखने पर विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी के अंतिम सप्ताह में लंदन में थे.

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर क्वाफा. में

**रियाद ।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की की मदद से अल नासर क्लब ने अल फाहया पर कुल 3-0 की जीत से एशियाई चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया. रोनाल्डो के गोल से अल नासर ने पहले चरण के मैच में 1-0 से जीत हासिल की थी जबकि दूसरे चरण में उन्होंने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल किया. रोनाल्डो (86वें मिनट) और ओटावियो (17वें मिनट) के गोल की मदद से अल नासर ने दूसरे चरण में 2-0 से जीत दर्ज की.

# चेन्नई-बैंगलोर के बीच उद्घाटन मैच

**आईपीएल के पहले 17 दिन का शेड्यूल जारी, 22 मार्च से आगाज**



भाषा । नयी दिल्ली

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र के शुरूआती मैच में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के सामने होगी. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को इस लोकप्रिय टी-20 लीग के पहले 17 दिन के कार्यक्रम की घोषणा की. आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों के कार्यक्रम का ऐलान अगले महीने के शुरू में आगामी लोक सभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद किया जायेगा. टूर्नामेंट के पहले 17 दिन 21 मैच खेले जायेंगे. दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी.

### शेड्यूल

- चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 22 मार्च, चेन्नई, शाम 6 .30 बजे
- पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 23 मार्च, मोहाली, दोपहर 2 .30 बजे
- कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, 23 मार्च, कोलकाता, शाम 6 .30 बजे
- राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स, 24 मार्च, जयपुर, दोपहर 2 .30 बजे
- गुजरात टाइटन्स बनाम मुंबई इंडियंस, 24 मार्च, अहमदाबाद, शाम 6 .30 बजे
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम पंजाब किंग्स, 25 मार्च, बेंगलुरु, शाम 6 .30 बजे
- चेन्नई सुपर किंग्स बनाम गुजरात टाइटन्स, 26 मार्च, चेन्नई, शाम 6 .30 बजे
- सनराइजर्स हैदराबाद बनाम मुंबई इंडियंस, 27 मार्च, हैदराबाद, शाम 6 .30 बजे
- राजस्थान रॉयल्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 28 मार्च, जयपुर, शाम 6 .30 बजे
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स, 29 मार्च, बेंगलुरु, शाम 6 .30 बजे
- लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स, 30 मार्च, लखनऊ, शाम 6 .30 बजे
- गुजरात टाइटन्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, 31 मार्च, अहमदाबाद, दोपहर 2 .30 बजे
- दिल्ली कैपिटल्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, 31 मार्च, वाइजैग, शाम 6 .30 बजे
- मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स, 1 अप्रैल, मुंबई, शाम 6 .30 बजे
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स, 2 अप्रैल, बेंगलुरु, शाम 6 .30 बजे
- दिल्ली कैपिटल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स, 3 अप्रैल, वाइजैग, शाम 6 .30 बजे
- गुजरात टाइटन्स बनाम पंजाब किंग्स, 4 अप्रैल, अहमदाबाद, शाम 6 .30 बजे
- सनराइजर्स हैदराबाद बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, 5 अप्रैल, हैदराबाद, शाम 6 .30 बजे
- राजस्थान रॉयल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 6 अप्रैल, जयपुर, शाम 6 .30 बजे
- मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 7 अप्रैल, मुंबई, दोपहर 2 .30 बजे
- लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम गुजरात टाइटन्स, 7 अप्रैल, लखनऊ, शाम 6 .30 बजे

**दुबई चैंपियनशिप** **गॉफ ने धीमी शुरुआत के बाद तीन सेट तक चले मुकाबले में करोलिना को हराया**

# गॉफ, स्वियातेक व रयबाकिना क्वार्टर फाइनल में

भाषा । दुबई

कोको गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट में चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया.तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज करके प्लिस्कोवा के 11 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर भी रोक लगाई. अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-5 से हराया. चौथी वरीयता प्राप्त ऐलेना रयबाकिना को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी. उन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को 7-6 (5), 3-6, 6-4 से हराया. रयबाकिना क्वार्टरफाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी से भिड़ेगी जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी को 6-4, 6-2 से पराजित किया. अन्य क्वार्टरफाइनल मैच सातवीं वरीयता प्राप्त



- क्वार्टर फाइनल में अन्ना कलिंस्काया से भिड़ेंगी गॉफ
- क्वीनवेन झेंग से क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगी स्वियातेक

### स्वियातेक ने दो बार की चैंपियन एलिना को हराया



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई. स्वियातेक का अगला मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त क्वीनवेन झेंग से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पोटापोवा को 6-3, 6-2 से हराया.

**एशियाई ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप**

# झारखंड की सबीना ने स्वर्ण नारायण ने जीता रजत पदक

संवाददाता । रांची

नयी दिल्ली में आयोजित 43वीं सीनियर व 30वीं जूनियर एशियाई ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाईटी (जेएसएसपीएस) के साइकलिस्ट ने दो पदक जीते. सबीना कुमारी ने महिला टीम स्प्रिंट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, वहीं नारायण महतो ने बालक टीम स्पिंट वर्ग में रजत पदक जीता. जेएसएसपीएस का संचालन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और झारखंड राज्य सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य के प्रतिभावान बच्चों को खेल जगत में प्रोत्साहित करना है. इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर जेएसएसपीएस के नारायण महतो और सबीना कुमारी आगामी वर्ल्ड चैंपियानशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. वर्ल्ड चैंपियनशिप अगस्त 2024 में चीन में होगा. भारतीय टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी (खिलाड़ी के 02 एवं 01 लोहरदगा ) सहित कुल 42 साइकिलिस्ट शामिल थे. प्रतियोगिता में 18 देशों के 600 खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धा में भाग ले रहे हैं



## केके पाठक के शिक्षकों को गाली और अपशब्द बोलने के वायरल वीडियो को लेकर विधानसभा में हुआ भारी हंगामा

# अपर मुख्य सचिव केके पाठक को लेकर दोनों सदनों में मचा है घमासान

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना

बिहार में एक अधिकारी सब पर भारी पड़ रहा है. मामला शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक का है. विवाद का कारण स्कूल की टाइमिंग बनी है. पूर्व में केके पाठक के निर्देश पर विभाग द्वारा जारी सुबह 9 से शाम 5 बजे की टाइमिंग को बदलने और सुबह 10 से 4 बजे तक टाइमिंग करने का सीएम नीतीश कुमार के आदेश को पुनः खारिज कर दिए जाने को लेकर बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों में गुरुवार को भारी हंगामा हुआ. एक तरफ जहां विपक्ष केके पाठक को हटाने की मांग पर अड़ा हुआ है, तो वहीं दूसरी तरफ सरकार ने भी गेंद सभापति के पाले में डाल दी है.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव करने के निर्देश के बावजूद शिक्षा विभाग के एसीएस केके पाठक अपनी बात पर अड़े हुए हैं. मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद केके पाठक ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि शिक्षक हर हाल में सुबह 9 बजे ही स्कूल पहुंचेंगे. गुरुवार को केके पाठक ने सभी डीईओ और डीपीओ के साथ की वीडियो



कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग की और निर्देश दिया कि स्कूल हर हाल में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक ही चलेंगे. इधर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के शिक्षकों को गाली और अपशब्द बोलने के वायरल वीडियो को लेकर भी गुरुवार को विधानसभा में भारी हंगामा हुआ. प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी

**विरोध जारी**

- बिहार में एक अधिकारी सब पर हैं भारी
- वायरल वीडियो की जांच के लिए समिति हुई गठित

सदस्यों ने इस मुद्दे को उठाया. हालांकि स्पीकर नंद किशोर यादव ने विपक्ष को शून्य काल में इस मुद्दे को उठाने को कहा.

हंगामे को देखते हुए शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने पूरे मामले पर कहा कि एक दिन पहले ही विधानमंडल के उच्च सदन यानी विधान परिषद में यही मुद्दा उठाया गया था. उन्होंने कहा कि परिषद में सभापति ने जांच के लिए टीम गठित की है. उनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी. वहीं शिक्षा मंत्री के जवाब से बिफरा विपक्ष जोरदार हंगामा करने लगा. विपक्षी सदस्यों ने आसन के सामने आकर नीतीश कुमार हाय हाय, हाय हाय, हाय हाय के नारे लगाए. स्पीकर नंद किशोर यादव ने कहा कि उच्च सदन के रिपोर्ट आने दीजिए उसके बाद ही यहां इस पर आगे चर्चा होगी. इसके पहले पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर केके पाठक के उक्त वीडियो को मोबाइल के माध्यम से दिखाने लगे. इसके बाद शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने इस पर गहरी नाराजगी जताई और पूर्व शिक्षा मंत्री को नियम का पाठ पढ़ाया. सरकार की तरफ से उत्तर देते हुए शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने पूर्व शिक्षा मंत्री को नियम-कानून का पाठ पढ़ाया. कहा कि डॉ चंद्रशेखर से अनुरोध करना चाहते हैं, आप शिक्षा मंत्री रहे हैं. मोबाइल का वीडियो बिना अध्यक्ष की इजाजत के नहीं दिखाया जाता है. वह भी प्रेस गैलरी की तरफ देखकर आप दिखा रहे हैं. उन्होंने कहा कि आप जो वीडियो दिखा रहे हैं, जिसमें एक अधिकारी द्वारा कथित तौर पर आपत्तिजनक शब्द प्रयोग करने का आरोप है. हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि कोई भी अधिकारी आम आदमी के खिलाफ भी अपशब्द का प्रयोग नहीं कर सकता. हमने विधान परिषद में कहा था और आसान से आग्रह किया था कि आप टेप खुद देख लें. उच्च सदन के सभापति को वह टेप उपलब्ध है. सरकार की तरफ से उनको अधिकृत कर दिया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### युवाओं को राजनीति में लेकर आएंगेः पीके

**पटना।** जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने परिवारवाद पर तंज करते हुए कहा कि यूथ क्लब के तहत बिहार के 1 लाख ऐसे बच्चों को चुनना है जिनके माता-पिता बड़े घर के नहीं हैं. जिनके माता-पिता विधायक, मुखिया, सरपंच नहीं हैं. ऐसे बच्चों को जिन्हें राजनीति में काम करने की क्षमता है, वो राजनीतिक-सामाजिक पहचान बनाना चाहते हैं. ऐसे बच्चों को चुना जाए उन्हें प्रशिक्षित किया जाए. यूथ क्लब के तहत पहले चुने हुए बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा.

### पत्नी को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा

**सुपौल।** अवैध संबंध के शक में पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया. घटना जदिया थाना के बघैली पंचायत के रघुनाथ पुर वार्ड 4 की है. घटना का कारण पत्नी पर अवैध संबंध का शक बताया जाता है. मृतका तीन बच्चों की मां थी. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति अपने तीनों बच्चों को लेकर फरार बताया जाता है. इस मामले में मृतका के फुफेरे भाई श्रीनगर थाना क्षेत्र निवासी रणवीर कुमार ने जदिया थाना में एक केस दर्ज कराया है जिसमें पति सनोज मंडल समेत तीन नामजद एवं अज्ञात को आरोपी बनाया है.

## द मोदी कॉन्क्लेव कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बोले

# मोदी मतलब द मास्टर ऑफ डेवलपिंग इंडिया

संवाददाता। पटना

आज दुनिया में बच्चा-बच्चा भारत को 'मोदी का भारत' के रूप में पहचानता है. देश की पहचान सशक्त और मजबूत भारत के तौर पर हो रही है. यह बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भाजपा एनआरआई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा की ओर से आयोजित 'द मोदी कॉन्क्लेव' कार्यक्रम में कही. उन्होंने कहा कि मोदी मतलब द मास्टर ऑफ डेवलपिंग इंडिया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री समाज को जोड़ने में जुटे हैं. भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ वह आगे बढ़ रहे हैं.

सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के युवाओं के विकास के लिए मोदी सरकार तत्पर है. क्योंकि, युवाओं को उनसे बहुत उम्मीद है. बिहार में जहां कारखाने नहीं लगते थे, वहीं जब 2020 में एनडीए की सरकार आई तो एथेनॉल के 15 कारखाने लगे. बिहार सरकार पूरा सहयोग करेगी. उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जन्मभूमि है. प्रदेश आज सुरक्षित हाथों में है और विकास तेजी से हो रहा है. बिहार की छवि काफी बदली है.



### तेजस्वी को परिवार विश्वास यात्रा निकालने की गिरिराज ने दी सलाह

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद के युवराज तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा पर हमला बोला. उन्होंने तेजस्वी यादव को परिवार विश्वास यात्रा निकालने की सलाह दी है. कहा कि उन पर कौन भरोसा करता है. तेजस्वी यादव अपने 17 माह के कार्यकाल में हुए काम को जनता बीच ले जाने के मकसद से यात्रा पर हैं. आज तीसरा दिन है. नीतीश कुमार की सरकार से अलग होने के बाद तेजस्वी यादव 20 फरवरी से बिहार के विभिन्न जिलों के दौरे पर हैं. उनकी यह मुहिम जन विश्वास यात्रा के रूप में चल रही है. मुजफ्फरपुर से उन्होंने जनविश्वास यात्रा की शुरुआत की. जिले के सकरी सरैया में जनसभा के साथ उन्होंने इसका आगाज किया. गुरुवार को तेजस्वी यादव छपरा, सीवान और आरा में जनसभा को संबोधित किया. गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव की इस नई यात्रा पर करारा प्रहार किया. उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव परिवार विश्वास यात्रा निकलते तो ज्यादा अच्छा रहता. जो व्यक्ति कभी परिवार से बाहर नहीं निकला हो और तमाम तरह के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरा हो वह क्या जनविश्वास यात्रा निकालेंगे. उनको कौन विश्वास देगा. कहा कि जनता ने तय कर लिया है कि उसे क्या करना है. इन हथकंडों से कोई फायदा नहीं होने वाला नहीं है.



### फूफा पर लगा दुष्कर्म करने का आरोप

**पटना।** शहर के पीरबहोर थाना क्षेत्र में फूफा द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. फूफा पर आरोप है कि आरोपित पीड़िता को बहला-फुसला कर एक ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया. किशोरी के परिजनों की शिकायत पर पीरबहोर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है. थानेदार अब्दुल हलीम ने बताया कि आरोपी फरार है. उसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है. घटना 16 फरवरी की है. मां को पता चला था कि फूफा किशोरी को बहाने से कहीं ले गया है, जिसके बाद उसने फूफा को फोन करना शुरू किया. काफी देर बाद जब किशोरी घर लौटी तो उसने आपबीती परिजनों को बताई.

## दुष्कर्म पीड़िता से रिश्वत लेने के मामले की जांच हुई शुरू

संवाददाता। पूर्णिया

नेपाल के विराटनगर रानी की रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता से रिश्वत लेने के आरोप के मामले पर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए इसकी जांच सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुष्कर कुमार के नेतृत्व में शुरू कर दी गई.

एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा ने सदर एसडीपीओ को जांच का जिम्मा सौंपते हुए 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट समर्पित करने का आदेश दिया. एसपी ने बताया कि सब इंस्पेक्टर अन्नु कुमारी के द्वारा रिश्वत मांगे जाने का मामला वायरल होने के बाद मामले की जांच एसडीपीओ ने की. प्रथम दृष्टया जांच में दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से अन्नु कुमारी को निलंबित कर दिया गया है. वहीं अन्य कर्मियों के मामले की जांच पड़ताल की जा रही है. सदर एसडीपीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामले की जांच पड़ताल की गई है. पीड़िता का कहना है कि जांच के नाम पर महिला पुलिसकर्मी के द्वारा पैसे की डिमांड की गयी थी. जिसका सबूत भी वरीय अधिकारियों को दिया गया है. कहा कि इस मामले को लेकर डीजीपी स्तर तक बात की जाएगी. एक वीडियो बुधवार की शाम भी शहर में वायरल होने की बात कही जा रही है.

## खेत में मिली युवती की जलती लाश

संवाददाता। गोपालगंज

सरसों के खेत में एक युवती की जलती हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गयी है. मामला जिले के हथुआ थाना क्षेत्र के बड़ी कोईरौली नगर पंचायत वार्ड नंबर तीन स्थित सरसो की खेत की है, जहां एक युवती की जलती हुई लाश मिली. यह खबर तेजी से इलाके में फैल गई.

शव को देखने के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई. ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची हथुआ थाना की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी. मामले में तरह तरह की बातें कही जा रही हैं. घटना के सम्बन्ध में बताया गया है कि गुरुवार की सुबह कुछ सरसों की ओर से धुंआ उठते देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर डर के मारे कांप गए. लोगों ने देखा कि वहां जींस पहनी हुई एक लड़की की लाश जल रही थी. युवती का पूरा शरीर जल गया था. सिर्फ एक पैर उसका बचा था. महिला के पैर के नाखुन में नेल पॉलिश लगी हुई थी. जिससे यह पता लग सका की वह युवती की लाश थी. लोगों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस की टीम आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंची. हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार ने बताया कि इस बड़ी वारदात को लेकर पुलिस एक्टिव है. पूरी तत्परता के साथ पुलिस ने मामले की गंभीरता से साथ छानबीन कर रही है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. वैज्ञानिक, टेक्निकल व मानवीय सूचना के आधार पर कांड का अनुसन्धान किया जा रहा है. अब तक लड़की की पहचान नहीं हो पाई है. कुछ लोग उसके साथ दुष्कर्म की आशंका जता रहे हैं. हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है. फिलहाल सभी संभावित एंगल से मामले की जांच की जा रही है. पुलिस ने शव क कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. एसडीपीओ के नेतृत्व मे जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है.

## कारोबार

### एसबीआई ने एएमएसएल के ऋण को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** बुनियादी ढांचा समाधान प्रदाता एएमएसएल को एसबीआई ने हैदराबाद में कंपनी की नई परियोजना के लिए 110 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया है. अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड (एएमएसएल) ने रक्षा उत्पादों के निर्माण के लिए 210 करोड़ रुपये के निवेश से तेलंगाना में एक सुविधा स्थापित करने की योजना की घोषणा की थी. एएमएसएल ने कहा कि कंपनी को हार्डवेयर पार्क में हमारी आगामी परियोजना के क्रियान्वयन के लिए एसबीआई से 110 करोड़ रुपये के सावधि ऋण की मंजूरी मिल गई है.

### जापान का निक्की उच्च स्तर पर पहुंचा

**तोक्यो।** जापान का सूचकांक निक्की 225 गुरुवार को 1989 में बनाए गए रिकॉर्ड को पार करते हुए 39,098.68 अंक पर बंद हुआ. इसके साथ ही सूचकांक 34 साल के उच्चतम स्तर को पार कर गया. 29 दिसंबर 1989 को यह 38,915.87 पर पहुंच गया था. सूचकांक गुरुवार को 2.2 प्रतिशत बढ़कर 39,098.68 अंक पर बंद हुआ.जापान की अर्थव्यवस्था 2011 में भीषण भूकंप, सुनामी और पूर्वोत्तर जापान में फुकुशिमा दाई-इची परमाणु ऊर्जा संयंत्र में नुकसान के बाद से काफी चरमराई.

### भारत को हरित ऊर्जा का निर्यातक बनना चाहिए

**नयी दिल्ली।** जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने गुरुवार को कहा कि भारत को पूंजी आकर्षित करने के लिए 2047 तक हरित ऊर्जा का निर्यातक बनना चाहिए. 'रायसीना डायलॉग 2024' को संबोधित करते हुए कांत ने कहा कि आज की चुनौती जलवायु परिवर्तन है और विश्व बैंक को जलवायु बैंक बनने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी निवेश नवीकरणीय क्षेत्र में आने की उम्मीद है. देश हरित क्षेत्र में जाने के बाद पूंजी को आकर्षित करने में सक्षम होंगे. कांत ने कहा कि 2047 तक भारत को हरित ऊर्जा का निर्यातक होना चाहिए...अगर देश हरित ऊर्जा अपनाएंगे तो पूंजी आकर्षित करने में सक्षम होंगे.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीसीएमएमएफ के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले

# अमूल बने दुनिया की टॉप कंपनी, सरकार साथ है

भाषा। अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को किसानों और सहकारी क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारकों से दूध के मशहूर ब्रांड 'अमूल' के उत्पादक गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) को दुनिया की नंबर एक दुग्ध कंपनी बनाने का लक्ष्य दिया. वर्तमान में यह आठवें स्थान पर है. मोदी गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह के लिए अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एकत्र हुए करीब एक लाख लोगों को संबोधित कर रहे थे. इनमें ज्यादातर मवेशी पालक और किसान थे. जीसीएमएमएफ 'अमूल' ब्रांड के तहत अपने उत्पादों का विपणन करता है.

भारत के तेजी से बढ़ते दुग्ध क्षेत्र का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह छह प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रहा है जबकि वैश्विक दुग्ध क्षेत्र दो प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है. मोदी ने कहा कि आज अमूल दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी डेयरी कंपनी है. आपको इसे जल्द से जल्द दुनिया की सबसे बड़ी डेयरी कंपनी बनाना है. सरकार हर तरह से आपके साथ खड़ी है. और ये मोदी की गारंटी है. प्रधानमंत्री के साथ इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल भी मौजूद थे.



### भाजपा सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाया है

मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सहकारी समितियों की मदद के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाया है और मवेशी पालन से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 30,000 करोड़ रुपये का एक और कोष भी बनाया गया है. इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने पांच नयी डेयरी परियोजनाओं का उद्घाटन किया. इसमें साबर डेयरी का एक आधुनिक पनीर संयंत्र, आणंद में अमूल डेयरी का एक दीर्घकालिक टेट्रा पैक दूध संयंत्र और इसके चॉकलेट संयंत्र का विस्तार शामिल है. उन्होंने कच्छ में सरहद डेयरी के 50,000 लीटर आइसक्रीम संयंत्र का भी उद्घाटन किया, जो मुंबई में भरूच डेयरी की एक इकाई है.

**दिया लक्ष्य**

- पिछले 10 वर्षों में दूध उपलब्धता भी 40% बढ़ी
- भारत में दूध उत्पादन में 60% की वृद्धि हुई है

### अमूल की नींव खेड़ा मिल्क यूनियन के रूप में रखी गई थी

मोदी ने कहा कि आज के अमूल की नींव सरदार वल्लभ भाई पटेल के मार्गदर्शन में खेड़ा मिल्क यूनियन के रूप में रखी गई थी. समय के साथ डेयरी सहकारिता गुजरात में और व्यापक होती गई और फिर गुजरात मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन बनी. आज भी ये सरकार और सहकार के तालमेल का बेहतरीन मॉडल है. ऐसे ही प्रयासों की वजह से हम आज दुनिया के सबसे बड़े दुग्ध उत्पादक देश हैं. उन्होंने कहा कि भारत में दूध उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और पिछले 10 वर्षों में प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता भी करीब 40 प्रतिशत बढ़ी है. उन्होंने कहा कि दुनिया में दुग्ध क्षेत्र सिर्फ 2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रहा है, जबकि भारत में डेयरी सेक्टर छह प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रहा है. मोदी ने कहा कि भारतीय दुग्ध क्षेत्र का कुल कारोबार 10 लाख करोड़ रुपये है, जो धान, गेहूं और गन्ना उत्पादन के संयुक्त कारोबार से बहुत अधिक है. उन्होंने कहा कि महिलाएं इस क्षेत्र में सबसे आगे हैं. डेयरी क्षेत्र में कार्यरत कुल कार्यबल में से 70 प्रतिशत महिलाएं हैं. महिलाओं के योगदान की वजह से अमूल नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है. भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए जरूरी है कि महिलाओं की आर्थिक शक्ति बढ़े.

*महासंघ के प्रबंध निदेशक जयन मेहता ने बुधवार को कहा था कि जीसीएमएमएफ की स्थापना 1973 में 20 करोड़ रुपये के सालाना कारोबार के साथ की गई थी. मेहता ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में, यह देश के नंबर1 एफएमसीजी (फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स) संगठन के रूप में उभरा है, जिसमें अमूल ब्रांड 80,000 करोड़ का कारोबार हासिल करने के लिए तैयार है.*

## स्पाइसजेट ने अतिरिक्त 316 करोड़ रुपये जुटा लिए




एजेंसी। मुंबई

विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने 316 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि हासिल की है, जिससे तरजीही शेयर निर्गम के जरिए उसकी कुल जुटाई गई धनराशि 1,060 करोड़ रुपये हो गई है.

संघर्षरत एयरलाइन में ताजा पूंजी निवेश हाल ही में अपने कार्यबल में 10 से 15 प्रतिशत की कटौती की घोषणा के बीच आया है. कंपनी ने बताया कि स्पाइसजेट के निदेशक मंडल की तरजीही आवंटन समिति ने 21 फरवरी 2024 को एरीज़ अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड सहित दो निवेशकों को तरजीही आधार पर 4.01 करोड़ इक्विटी शेयर के आवंटन को मंजूरी दे दी. स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि कंपनी ने कुल 1,060 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया है. यह महत्वपूर्ण पूंजी निवेश स्पाइसजेट की विकास संभावनाओं में निवेशकों के विश्वास की पुष्टि करता है और भविष्य के लिए हमारी वित्तीय स्थिति को मजबूत करता है. उन्होंने कहा कि अतिरिक्त वित्त पोषण से स्पाइसजेट को अपनी विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने और अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी. विमान बेड़े की जानकारी रखने वाली वेबसाइट 'प्लेनस्पॉटर' के अनुसार, 21 फरवरी तक एयरलाइन के 65 विमान बेड़े में से केवल 35 विमान सेवा में थे.

## डील आईटीसी प्रताप स्नैक्स में 47 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने पर कर रही है विचार

# प्रताप स्नैक्स पर है अब बड़ी कंपनियों की नजर

भाषा। नयी दिल्ली

कई कंपनियों की नजर इन दिनों स्नैक्स बनाने वाली कंपनी प्रताप स्नैक्स पर है. कई कंपनियां इसमें अपनी हिस्सेदारी खरीदने में लगे हैं. शेयर बाजार में भी इन दिनों इस कंपनी का शेयर उछाल मार रहा है. गुरुवार को भी कारोबार के दौरान करीब प्रताप स्नैक्स के शेयर में 15 प्रतिशत का उछाल आया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिग्गज एफएमसीजी कंपनी आईटीसी स्नैक्स बनाने वाली इस कंपनी में 47 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने पर विचार कर रही है.

प्रताप स्नैक्स में पीक एक्सवी पार्टनर्स (पहले नाम सिकोइया




कैपिटल) की 47 प्रतिशत हिस्सेदारी है. आईटीसी इसे खरीदने की तैयारी में है. इससे पहले हल्दीराम ने भी प्रताप स्नैक्स में हिस्सेदारी खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी. लेकिन वैल्यूएशन पर मतभेद के कारण बात आगे नहीं बढ़ पाई. प्रताप स्नैक्स येलो डायमंड चिप्स और अवध ब्रांड से नमकीन बेचती है. बीकाजी फूड्स ने भी इस कंपनी के साथ डील करने की कोशिश की थी लेकिन उसकी बात भी नहीं बन पाई. अब इसके पीछे आईटीसी पड़ी है.

पीक एक्सवी ने 13 साल पहले प्रताप स्नैक्स में निवेश किया था. अब वह इससे बाहर निकलना चाहती है. अगर आईटीसी इस डील में सफल रहती है तो वह 26 प्रतिशत

**दिखाई दिलचस्पी**

- प्रताप स्नैक्स में पीक एक्सवी की 47 प्रतिशत हिस्सेदारी है
- बीकाजी फूड्स ने भी डील करने की कोशिश की थी

अतिरिक्त हिस्सेदारी के लिए ओपन ऑफर ला सकती है. इंदौर की कंपनी प्रताप स्नैक्स 2017 में 33 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुई थी. गुरुवार को यह कंपनी एक समय यह 9.67% तेजी के साथ 1288.05 रुपये पर ट्रेड कर रहा था. इस वैल्यूएशन पर इसका मार्केट कैप 3068 करोड़ रुपये है. बता दें कि आईटीसी बिंगो चिप्स और नमकीन बेचती है लेकिन उसे लोकल कंपनियों की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है. भारत में स्नैक्स का मार्केट करीब 42,695 करोड़ रुपये का है और 2032 तक इसके 95,521 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है. तीसरी तिमाही में प्रताप स्नैक्स की ब्रिकी 408 करोड़ रुपये और प्रॉफिट 10.79 करोड़ रुपये रहा था. प्रताप स्नैक्स का दावा है कि वह रोजाना 1.2 करोड़ से अधिक स्नैक्स के पैकेट बेचती है. इसके नौ राज्यों में कुल 15 मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट हैं. कंपनी का मार्केट कैप करीब 3,272.22 करोड़ रुपये है. अमित कुमत इस कंपनी के एमडी एंड सीईओ हैं.

## एचसीएलटेक और इंटेल सहयोग का किया विस्तार

एजेंसी। नयी दिल्ली

एचसीएल टेक्नोलॉजीज (एचसीएलटेक) वैश्विक सेमीकंडक्टर नवाचार को बढ़ाने के लिए इंटेल फाउंड्री के साथ दीर्घकालिक सहयोग का विस्तार कर रही है. प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह साझेदारी एक मजबूत और विविध आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए इंटेल फाउंड्री की उन्नत प्रौद्योगिकी विनिर्माण क्षमताओं के साथ एचसीएलटेक की डिजाइन विशेषज्ञता को एक साथ लाती है, जो नवाचार तथा उत्कृष्टता के एक नए युग का प्रतीक है.

इसका मकसद सेमीकंडक्टर निर्माताओं, प्रणाली ओईएम (मूल उपकरण निर्माताओं) और क्लाउड सेवा प्रदाताओं के लिए अनुकूलित सिलिकॉन समाधान विकसित करना है. एचसीएलटेक के अध्यक्ष (इंजीनियरिंग और आर एंड डी सर्विसेज) विजय गुंटूर ने कहा कि इंटेल फाउंड्री की उन्नत प्रौद्योगिकियां और विनिर्माण तथा उन्नत पैकेजिंग में सिलिकॉन-सत्यापित आईपी हमारे पारस्परिक ग्राहकों के लिए अभिनव, सुलभ व विविध समाधानों की हमारी आपूर्ति को मजबूत करते हैं. इंटेल फाउंड्री के उपाध्यक्ष (प्रोडक्ट एंड डिजाइन इकोसिस्टम इनेबलमेंट) राहुल गोयल ने कहा कि हम एक मजबूत तथा खुले परिवेश को बढ़ावा देने के लिए एचसीएलटेक के साथ अपने सहयोग को और मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं.

## ब्रीफ खबरें

### मानव तस्कर गिरोह से किशोरी को मुक्त कराया

**बहराइच।** बहराइच जिले में नेपाल के सीमावर्ती रूपईडीहा चेकपोस्ट पर, लालच देकर बेचने के इरादे से शिमला ले जायी जा रही 17 वर्षीय एक नेपाली लड़की को संदिग्ध मानव तस्कर गिरोह के दो सदस्यों के कब्जे से मुक्त करा लिया गया. दोनों आरोपियों को नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया है. एसएसबी के उप सेनानायक दिलीप कुमार ने बताया कि शशिराम और उसका दोस्त सुरेंद्र लड़की को धन का लालच देकर बेचने के लिये शिमला ले जा रहे थे.

### नाइट्रोजन गैस से मौत देने की तैयारी

**मोंटगोमरी (अमेरिका)।** अलबामा में मौत की सजा पाए एक दोषी को नाइट्रोजन गैस सुंघाकर सजा देने तैयारी की जा रही है. राज्य में मौत की सजा की तामील के लिए नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल करने का पहला मामला एक माह पहले ही सामने आया था और इस प्रक्रिया से मृत्युदंड देने की काफी अलोचना भी हुई थी. अलबामा के अटॉर्नी जनरल स्टीव मार्शल के कार्यालय ने अलबामा के उच्चतम न्यायायल से दोषी एलन यूजीन मिलर के लिए सजा की तारीख तय करने का अनुरोध किया है.

### सिक्किम में भारी बर्फबारी, सड़कें अवरुद्ध

**गंगटोक।** उत्तरी और पूर्वी सिक्किम में भारी बर्फबारी होने के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कई सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं. सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के बयान के अनुसार, लाचुंग और लाचेन के साथ रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्ग के नाथू ला और तमजे पर भारी बर्फबारी हुई है, जिससे सामाजिक-आर्थिक गतिविधियां बाधित हो गईं. वहीं, राहगीरों को आवाजाही के लिए कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.

### गुलमर्ग में हिमस्खलन एक की मौत, 1 लापता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में गुरुवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर एक विदेशी की मौत हो गई जबकि एक अन्य लापता है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि 'स्की' करने वाले पांच लोगों को बचाकर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है. हिमस्खलन ने कोंगडोरी को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके चलते स्की करने वाले कई व्यक्ति फंस गए. उन्होंने कहा कि विदेशी पर्यटक स्थानीय निवासियों के बिना स्की करने गए थे.

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर आईईडी बरामद

**कठुआ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में गुरुवार को सीमा सुरक्षा बल ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास आईईडी बरामद किया, जिसे ड्रोन के माध्यम से गिराया गया था. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि आईईडी जीरो लाइन के पास मनियारी पोस्ट क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान पाया गया. यह तलाशी अभियान बीएसएफ के जवानों ने सुबह एक पाकिस्तानी ड्रोन देखने के बाद शुरू किया था और ड्रोन को गिराने के लिए गोलीबारी की गई थी.



## सरकार का ध्यान छोटे किसानों के जीवन को सुधारने पर है : पीएम

**अहमदाबाद ।** अहमदाबाद में गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान सभा का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद भारत में जितने भी ब्रांड उभरे हैं, उनमें अमूल सबसे लोकप्रिय ब्रांड है. उन्होंने कहा कि अमूल यानि बड़े सपने, बड़े संकल्प और उससे भी बडी सिद्धियां. आज दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में अमूल के उत्पाद को निर्यात किया जाता है. 18,000 से ज्यादा दुग्ध सहकारी मंडली, 36 लाख किसानों का नेटवर्क, हर दिन साढ़े तीन करोड़ लीटर से ज्यादा दूध का संग्रहण, हर रोज पशुपालकों को 200 करोड़ रुपए से अधिक का ऑनलाइन पेमेंट... . यह आसान नहीं है. उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे पशुपालकों की ये संस्था, आज जिस बड़े पैमाने पर काम कर रही है, वही तो संगठन और सहकार की शक्ति है. प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र की पूर्ववर्ती सरकारें गांवों की जरूरतों को टुकड़ों में देखती थीं, जबकि उनकी सरकार का ध्यान छोटे किसानों के जीवन को सुधारने पर है. उन्होंने कहा कि मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था होना जरूरी है. हमारा ध्यान छोटे किसानों के जीवन को बेहतर बनाने, पशुधन के स्वास्थ्य में सुधार लाने और मछली तथा मधुमक्खी पालन जैसी संबद्ध गतिविधियों के माध्यम से किसानों की आय में सुधार करने पर है. खेतों में सौर पैनल लगाने और बायोगैस संयंत्रों की स्थापना का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार 'अन्नदाता' को 'ऊर्जादाता' और 'उर्वरकदाता' में बदलना चाहती है.

### संदेशखाली में हर व्यक्ति की शिकायत सुनेगी पुलिस : पुलिस महानिदेशक

# दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी

**भाषा। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने गुरुवार को कहा कि पुलिस संदेशखाली में हर व्यक्ति की शिकायत सुनेगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. कुमार बुधवार को संदेशखाली गए थे और पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत क्षेत्रों की स्थिति का आकलन करने के लिए रात भर वहीं रुके थे, उन्होंने वहां महिलाओं पर अत्याचार करने के दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया. कुमार ने आज सुबह धमाखालि में संवाददाताओं से कहा कि मैं यहां अपने अधिकारियों से बातचीत करने आया हूं. जनता की कुशलक्षेम देखना हमारी जिम्मेदारी है. हम प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत सुनेंगे और अगर जमीन हथियाने की या और कोई घटना है तो हम दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे. अगर लोग अत्याचार में शामिल पाए जाते हैं, तो हम उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे. संदेशखाली में विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से कुमार की क्षेत्र की यह पहली यात्रा है.

**कुमार ने की अधिकारियों से साथ बैठक :** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने दक्षिण बंगाल के अतिरिक्त महानिदेशक सुप्रतिम सरकार, बशीरहाट पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक हसन मेहदी रहमान और अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकें कीं, साथ ही बुधवार शाम को निकटवर्ती सितुलिया, सरदारपारा, मणिपुर का भी दौरा किया.



**बोले डीजीपी**

- मैं यहां अपने अधिकारियों से बातचीत करने आया हूं
- जनता की कुशलक्षेम देखना हमारी जिम्मेदारी है

**कैसे मीडिया में सुर्खियों में आया संदेशखाली?**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के बाद संदेशखाली मीडिया में सुर्खियों में आया. अधिकारी कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी के लिए वहां गए थे. संदेशखाली में प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां और हाजरा और सरदार सहित उसके गिरोह ने उनका यौन उत्पीड़न किया साथ ही बलपूर्वक जमीन पर कब्जा कर लिया है.

**अदालत ने संदेशखाली में गिरफ्तार पत्रकार को जमानत दी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा संदेशखाली से गिरफ्तार किये गये एक टीवी पत्रकार को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी. अदालत ने संदेशखाली पुलिस थाने में शांतु पान के खिलाफ दर्ज मामले में आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगाने का आदेश दिया है. न्यायमूर्ति कौशिक चंदा ने 'रिपब्लिक बांग्ला' के लिए काम करने वाले पत्रकार को उसकी याचिका पर जमानत दे दी. पुलिस ने सोमवार को संदेशखाली से पान को गिरफ्तार किया था. उत्तर 24 परगना जिले की एक स्थानीय अदालत ने मंगलवार को उसे तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था. पान को एक महिला की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया. महिला ने आरोप लगाया गया था कि वह उनके घर में जबरन घुस गया था.

**तीनों आरोपियों पर बलात्कार का दूसरा मामला दर्ज किया गया**

एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों यथा : शाहजहां शेख, उत्तम सरदार और शिवप्रसाद हाजरा के खिलाफ सामूहिक बलात्कार का दूसरा मामला दर्ज किया है. एक महिला ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था, जिसके बाद यह मामला दर्ज किया गया. तीनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376डी (सामूहिक दुष्कर्म), 342 (किसी भी व्यक्ति को गलत तरीके से कैद करना) 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

**एनएचआरसी की टीम ने संदेशखाली का दौरा किया**

यौन हिंसा और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच के लिए गठित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक विशेष टीम ने गुरुवार को संदेशखाली का दौरा किया. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर संदेशखाली में हिंसा की घटनाओं के संबंध में रिपोर्ट मांगी है और अपराध करने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई का चार सप्ताह के भीतर विवरण मांगा है.

## ओडिशा को डबल इंजन सरकार की जरूरत है : राजनाथ सिंह

**भाषा। ओडिशा**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि देश के बाकी हिस्सों के साथ तेज गति से विकास के लिए ओडिशा में भी 'डबल इंजन' सरकार बननी चाहिए. सिंह ने यहां बेरहामपुर शहर के पास अंबपुआ में एक जनसभा के संबोधित करते हुए यह बात कही. इसमें बेरहामपुर, अस्का, भुवनेश्वर, कंधमाल और पुरी जैसे पांच लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. रक्षा मंत्री ने कहा कि इस बार ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सरकार बनाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों को गरीबों, किसानों, मजदूरों, छात्रों और युवाओं के लिए मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कल्याणकारी कदमों के बारे में जानकारी दें. सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से ओडिशा में डबल इंजन सरकारबनाने का संकल्प लेने की अपील की. उन्होंने कहा कि हम न केवल लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, बल्कि भाजपा विधानसभा चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी. ओडिशा में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ होने हैं. उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ओडिशा पर विशेष ध्यान है.

## वेनेजुएला में अवैध खदान ढहने से 14 लोगों की मौत

**भाषा। ला परागुआ (वेनेजुएला)**

वेनेजुएला में अवैध रूप से संचालित सोने की खदान के ढहने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. कुछ अन्य अधिकारियों के अनुसार खदान में बड़ी संख्या में लोग फंसे हो सकते हैं. बोलिवर राज्य के गवर्नर एंजेल मार्कानो ने स्थानीय संवाददाताओं से कहा कि अब तक 14 शव निकाले जा चुके हैं और अधिकारियों को कम से कम 11 लोगों के घायल होने की जानकारी है. उन्होंने कहा कि हम बचाव कार्य जारी रखे हुए हैं. फंसे हुए लोगों के रिश्तेदारों ने त्वरित बचाव प्रयासों की मांग की है. यह दुर्घटना मंगलवार को अंगोस्टुरा नगर पालिका में हुई जहां बुल्ला लोका नामक खदान की एक दीवार ढह गई. इस स्थान पर घंटों का सफर तय करके केवल नाव से पहुंचा जा सकता है.

### पीएमएलए के प्रावधानों के तहत सातवां समन जारी किया

## केजरीवाल को फिर ईडी का समन

**भाषा। नयी दिल्ली**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर उनसे पूछताछ के लिए 26 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने को कहा है. केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियिम के प्रावधानों के तहत सातवां समन जारी करते हुए केजरीवाल की इस दलील को खारिज कर दिया कि उनकी पेशी के लिए नया नोटिस देना गलत है क्योंकि यह मामला एक स्थानीय अदालत के विचाराधीन है. केजरीवाल समन को गैरकानूनी बताते हुए अभी तक ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए हैं और उन्होंने ईडी को समन वापस लेने के लिए पत्र लिखा है. ईडी ने हाल में इस मामले में उसके समन की अवज्ञा करने के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ एक नयी शिकायत दर्ज करायी थी. अदालत ने पिछले सप्ताह केजरीवाल को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने की छूट दी थी और मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 मार्च की तारीख तय की थी. अदालत ने यह भी कहा था कि शिकायत के विषय और रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री से, प्रथम दृष्टया यह आईपीसी की धारा 174 के तहत अपराध बनता है और आरोपी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार हैं.

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईडी ने दावा किया कि स्थानीय अदालत ने प्रथम दृष्टया केजरीवाल को इस मामले में पूर्व में जारी नोटिसों की 'अवज्ञा' करने का दोषी पाया है, जिसके कारण उन्हें सातवां समन जारी करने की आवश्यकता पड़ी है. सूत्रों ने बताया था कि अदालत के सामने सवाल समन की वैधता का नहीं बल्कि केजरीवाल द्वारा जानबूझकर पूर्व में जारी समन की अवज्ञा करने का गैरकानूनी कृत्य है.

### तालिबान ने गोली मार कर दी मौत की सजा

**गजनी।** तालिबान ने दक्षिणपूर्वी अफगानिस्तान के एक स्टेडियम में गुरुवार को दो लोगों को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी. गजनी शहर के अली लाला इलाके में समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता समेत हजारों लोगों की मौजूदगी में दोनों लोगों को गोली मार कर मौत की सजा दी गयी. तालिबान ने दोनों लोगों के कथित अपराधों तथा उनके बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इनकार कर दिया. स्थानीय मीडिया ने बताया कि कई अदालतों और तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने दोनों लोगों द्वारा कथित तौर पर किए गए अपराधों के लिए उन्हें मौत की सजा देने का आदेश दिया था. इसके बाद फांसी वाली जगह के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी.

## विदेश मंत्री जापान, द. कोरिया की चार दिवसीय यात्रा करेंगे

**भाषा। नयी दिल्ली**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर चार मार्च से दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा की शुरुआत करेंगे तथा इस दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियों समेत अहम द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर अपने वार्ताकारों के साथ बातचीत करेंगे. विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की भारत के दो प्रमुख साझेदारों कोरिया गणराज्य व जापान की यात्रा द्विपक्षीय आदान-प्रदान को और गति प्रदान करेगी तथा भविष्य के सहयोग के लिए एजेंडा तय करेगी. जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर पहले सियोल जाएंगे जहां वह कोरिया के अपने समकक्ष चो ताइ-युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता करेंगे. विदेश मंत्रालय ने यात्रा की घोषणा करते हुए बताया कि जयशंकर के कोरिया में गणमान्य व्यक्तियों, विचार समूहों (थिंक टैंक) के प्रमुखों और भारतीय समुदाय से मुलाकात करने की उम्मीद है. दक्षिण कोरिया के साथ भारत की विशेष रणनीतिक साझेदारी का सहयोग के विविध क्षेत्रों तक विस्तार हुआ है जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, शिक्षा और प्रौद्योगिकी शामिल हैं.

### देह व्यापार रैकेट चलाने वाली महिला गिरफ्तार

**ठाणे।** पुलिस ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई के वाशी इलाके में एक लोकप्रिय मॉल में संचालित स्पा केंद्र से देह व्यापार का रैकेट चलाने के आरोप में 40 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. नवी मुंबई मानव तस्करी रोधी इकाई के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पृथ्वीराज घोरपड़े ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने मंगलवार शाम को एक नकली ग्राहक को स्पा केंद्र में भेजा और वहां लगभग 20 साल की उम्र की दो महिलाएं मिलीं. दोनों वहां पर काम कर रही थीं और उन्हें देह व्यापार के लिए बाध्य किया जा रहा था. उन्होंने बताया कि उन्हें वेश्यावृत्ति में धकेलने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# पैथोलॉजिस्ट चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, पैथोलॉजी कोर्स कर बना सकते हैं कॅरियर

**रजनीश प्रसाद। रांची**

पैथोलॉजी, विज्ञान और चिकित्सा के बीच ब्रिज की तरह होती है. पैथोलॉजिस्ट संक्रमण, वायरस और कैंसर जैसी बीमारियों से लड़ने के लिए नए और बेहतर उपचार खोजने के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. वास्तव में, हर ब्लड टेस्ट, कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट, बायोप्सी सैंपल या इंफेक्शन की खोज में एक पैथोलॉजिस्ट की टीम शामिल होती है. पैथोलॉजिस्ट चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. वे बीमारी और उनके कारणों की पहचान करते हैं और डॉक्टरों को मरीजों का बेहतर इलाज करने में मदद करते हैं.



**भारत में पैथोलॉजी कोर्स के लिए टॉप यूनिवर्सिटीज**

- सेंट जॉन्स मेडिकल कॉलेज, बेंगलोर
- एएफएमसी पुणे (सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज)
- एचआईएमएसआर (हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च) नई दिल्ली
- वैदेही इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर, बेंगलोर
- एसआरएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, चेन्नई
- बीजे गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, पुणे
- इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला
- उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई
- सप्तगिरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर, बेंगलोर
- पंजाब आयुर्विज्ञान संस्थान, जालंधर

**जानिए किस-किस तरह के पैथोलॉजिस्ट**

**पैथोलॉजी के क्षेत्र में अलग-अलग जॉब प्रोफाइल हैं, आप पैथोलॉजी कोर्स पूरा करने के बाद खुद को इंगेज कर सकते हैं. भारत में कुछ शीर्ष रोगविज्ञानी इस प्रकार हैं :**

- **चिकित्सा परीक्षक :** चिकित्सा परीक्षक अस्पतालों और चिकित्सा में शव परीक्षण और बाहरी जांच की जिम्मेवारी संभालते हैं. वे किसी व्यक्ति की मृत्यु के कारणों की जांच करते हैं. उन्हें किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद की प्रक्रियाओं को पूरा करना होता है, जैसे मृत्यु प्रमाण पत्र और सभी निष्कर्षों को संकलित करना और फिर इस पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना
- **मुर्दाघर परिचारक :** मुर्दाघर परिचारक एक मृत व्यक्ति के पोस्टमार्टम परीक्षा की प्रक्रिया से संबंधित है. उन्हें शरीर की जांच करने के लिए फोरेंसिक पैथोलोजिस्ट की सहायता करनी होती है और इसके अलावा मुर्दाघर के कमरे और उपकरण बनाए रखने होते हैं.
- **साइटोटेक्नोलॉजिस्ट :** संक्रामक स्थितियों का पता लगाने के लिए सूक्ष्म परिवर्तनों को नोटिस करने के लिए साइटोटेक्नोलॉजिस्ट को रोगियों के सेल सैंपल का मूल्यांकन करने के लिए पैथोलोजिस्ट के साथ काम करना पड़ता है.
- **मेडिकल लैब तकनीशियन :** मेडिकल लैब टेक्नीशियन एकत्रित सैंपल के परीक्षण, जांच और विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला में काम करते हैं. चिकित्सकों की सहायता के लिए उन्हें शरीर के तरल पदार्थ और ऊतक पर परीक्षण करना होता है. इसी के आधार पर चिकित्सक रोगियों के रोगों का निदान और उपचार करते हैं.
- **त्वचा रोग विशेषज्ञ :** त्वचा रोग विशेषज्ञ त्वचा संबंधी रोगों के विशेषज्ञ होते हैं. वे रोगों के निदान के लिए त्वचा, बाल और नाखून की जांच के लिए माइक्रोस्कोप का उपयोग करते हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)